# जनता नहीं भूलेगी 2025 का महाकुम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददता/राहुल सिंह



कोरांव प्रयागराज। तीर्थराज प्रयागराज महाकुम्भ 2025 मे गंगा स्नान करने आने- जाने वाले दर्शनार्थी, श्रद्धालु की भीड़ चारो तरफ इस कदर हो गया है की ट्रेन, फ्लाइट तक पकड़ने या बैठने तक समय सें नही पहुँच पा रहे साथ ही यदि कोई दुर्घटना ग्रस्त का गंभीर मरीज, या गर्भवती महिला कों जिला अस्पताल प्रयागराज रिफर किया जा रहा है तो एम्बुलेंस तक समय सें नही पहुँच पा रहे कई घंटो तक समय लग रहा है हालात अब यह हो गया है की पेट्रोल पम्प पर बाहर सें आने वाला डीजल पेट्रोल भी मिलना धीरे - धीरे अधिकांश पेट्रोल पम्प पर बंद होता जा रहा साथ ही भारतीय डाक सेवाएं भी बाधित है कुछ ऐसे जरूरी कागजात है जो समय सें मिलना चाहिए था लेकीन दो हप्ते सें डाक लोगो तक नही पहुंच पा रहा साथ ही किसानो कों मिलने वाला खाद, बीज आदि जरूरत रोज मर्रा की आवश्यक वस्तु बाजार मे अब उपलब्ध होना धीरे धीरे ब्यापारियों के दुकान पर बंद होता जा रहा है सरकारी या प्राइवेट किसी भी संस्थान मे काम करने वाले कर्मचारी अधिकारी आदि ऑफिस कार्यालय पहुंचने मे काफी बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है इतना ही नही जो लोग शहर मे रह रहे है उनका भी हॉस्पिटल पहुंचना मुश्किल हो गया है जबकि हर चौराहा पर शासन प्रशासन दिन रात कड़ी मेहनत कर रहा है की तीर्थराज प्रयागराज आने जाने वाले लोगो कों कोई परेशानी न हो लेकीन भीड़ इतना ज्यादा चारो तरफ हो गया है की जाम मे कई कई घंटा तक लोग फसे हुये है बहुत सारे वाहन मे इधन खत्म हो गया है न मालूम कितने वाहन इंजन गरम हो जाने सें जल रहे है होटल मे रुकने का जगह तक नही है भूखे प्यासे लोग परेशान है लगता है शासन प्रशासन कों पहले सें इतना अंदाजा नही था की इतनी बड़ी संख्या मे श्रद्धालु तीर्थराज प्रयागराज मे गंगा स्नान मे डुबकी लगाने आएंगे फिलहाल शासन प्रशासन पूरी तरह सें हर जगह कड़ी सुरक्षा के साथ मौजूद है हर संभव प्रयास मे जूटा है की किसी कों परेशानी न हो सब लोग सकुशल अपने अपने घर पहुँचे ।

## बाईपास फ्लाईओवर, कुम्भ मे एयरपोर्ट बनने सें सें मिल सकता है जाम सें निजात

तीर्थराज प्रयागराज के आम लोगो का सुझाव है की यदि सरकार बाईपास फ्लाईओवर का निर्माण करा दे साथ ही कुम्भ अर्ध कुम्भ,महाकुम्भ के समय जो वीआईपी लोग एयरपोर्ट उतरकर बाई कार सुलेम सराय हाईकोर्ट होकर मेला क्षेत्र मे 15 सें 20 किलोमीटर की दुरी तय करके आते जाते है इससे जनता कों जाम मे फसना पड़ता है जिससे लोगो मे नाराजगी के साथ साथ काफी परेशानी उठाना पड़ता है यदि अस्थाई एयरपोर्ट का निर्माण मेला क्षेत्र मे यदि करा दिया जाय तो काफी जाम सें सहूलियत मिल सकता है इसी प्रकार बाईपास फ्लाईओवर बन जाने सें जमुनापार सें गंगापार गंगापार स्वागत जमुनापार आदि भिभिन्न जगह सें आने जाने वाले वाहन जो शहर सें होकर जमुनापार,गंगापार,लखनऊ कानपुर दिल्ली समेत आदि जगह आते जाते है जिसका शहर मे कोई काम नही है वे सीधे बाईपास फ्लाईओवर सें निकल जाया करेंगे जिससे जाम सें काफी सहूलियत मिल सकता है ।

## जाम में ही गाड़ी छोड़ ड्राइवर हो जा रहे फरार

कई जगह जाम मे इतने घंटे तक वक़्त लग गया की ड्राइवर मजबूर होकर बिच जाम मे ही भूख प्यास बुझाने के लिए गाड़ी बिच सड़क पर छोड़कर गायब है इतना ही नही ग्रामीण क्षेत्र के लोगो मे इतना डर हो गया है की हो सकता है डीजल पेट्रोल न मिले इसके लिए अपने अपने वाहनों मे टंकी फूल कराकर गाड़ी घर पर ख़डी कर रहे है की हो सकता है यही जाम की हालात कई दिनों तक बना रहे फिर पेट्रोल पम्प पर डीजल पेट्रोल उपलब्ध नही मिलेगा

## मोटर साईकिल,ढेलिया, ई रेक्सा, नाव वालों की बल्ले बल्ले

बता दे की बहुत सारे लोग मोटर साईकिल सें लोगो कों जरूरतमंद स्थान तक पहुंचाने के लिए अच्छा खाशा मोटी रकम लेकर लाखो कमा लिए वही ढेलिया पर कोई बैठता नही था लेकीनइस भीड़ के कारण ढेलिया भी श्रद्धांलु कों खुभ मन भाया साथ ही ई रेक्सा वाले भी खूब मालामाल हुये वही दूसरी तरफ तीर्थराज प्रयागराज मे हर घाट पर चलने वाली नाव के मालिकान भी सरकारी रेट सूची कों दर किनार करते हुये निर्धारित रेट किराया स्वागत कई सौ गुना अधिक मनमाना पैसा वसूल रहे है शासन प्रशासन इस पर ध्यान नही दे रहा या जानकारी है भी तो जानबूझकर अनदेखा कर रहा।

# अवैध रूप से संचालित 5 कार वर्कशॉप व व्यावसायिक निर्माण सील



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए ने सोमवार को गोमती नगर में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे मोटर वर्कशॉप व कार वाशिंग सेंटर के खिलाफ अभियान चलाते हुए 5 अवैध मोटर वर्कशॉप सील किये हैं। वहीं इस्माइलगंज में टाटा गोल्डरश शोरूम के पास अवैध रूप से किये जा रहे एक व्यावसायिक को भी सील कर दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने हाल ही में एक आदेश जारी किया था जिसमें उन्होंने प्राधिकरण की योजनाओं में अवैध रूप से संचालित कार वर्कशॉप, वॉशिंग सेंटर के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। जिसके चलते प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए कार वाले, कार स्पा, प्री ओन्ड लग्जरी कार शोरूम समेत अन्य अवैध प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि विनोद राय व अन्य द्वारा गोमती नगर के विशेष खण्ड में भूखण्ड संख्या-1/1ई पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में कार गैराज खोला गया था। वहीं सिदषि शर्मा व अन्य द्वारा विशेष खण्ड में भूखण्ड संख्या-1/1डी पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में कार वर्कशॉप संचालित किया जा रहा था। इसी तरह कार वाले कंपनी के प्रबंधक द्वारा विशेष खण्ड में भूखण्ड संख्या-1/1सी पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में सेकेंड हैंड गाड़ियों का शोरूम खोला गया था। इसके अलावा हीरालाल व अन्य द्वारा विशेष खण्ड में भूखण्ड संख्या-1/213 पर लगभग 550 वर्गमीटर क्षेत्रफल में कार स्पा संचालित किया जा रहा था। वहीं सुलभ ग्रोवर व अन्य द्वारा गोमती नगर के विनय खण्ड में भूखण्ड संख्या-3/27 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में सेकेंड हैंड लग्जरी कारों का शोरूम संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा आनंद त्रिपाठी व अन्य द्वारा अयोध्या रोड पर इस्माइलगंज में टाटा गोल्डरश के पास लगभग 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था इन सब के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कार्यवाही की है।

# थाना जीआर पी चारबाग एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा यात्रियों के खोये हुए मोबाइल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे, महोदय लखनऊ के आदेश के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक रेलवे, लखनऊ प्रशांत वर्मा के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक प्रथम अमित कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह थाना जी आर पी चारबाग के नेतृत्व मे गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यात्रा के दौरान यात्रियों के खोये हुए मोबाइलों के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर जी आर पी चारबाग एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद एवं अन्य राज्यों से गुम हुए 75 अदद मोबाइल स्क्रीन टच बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रुपये है, मोबाइल स्वामियों को जीआर पी थाना चारबाग मे बुलाकर उनसे आवश्यक प्रपत्र प्राप्त कर उनके खोए मोबाइल उनके सुपुर्द किए गए तथा मोबाइल स्वामी जो किसी कारणवश आने में असमर्थ रहे, उनको उनके घर पर मोबाइल सुपुर्द किया जायेगा ।मोबाइल स्वामी अपना-अपना खोया मोबाइल फोन पाकर प्रसन्नता प्रकट किये तथा उपरोक्त मोबाइल स्वामियों एवं रेलवे स्टेशन पर मौजूद अन्य यात्रियों द्वारा जीआरपी चारबाग के इस कार्य की भूरि- भूरि प्रशंसा की गई।

# लखनऊ नगर निगम पार्कों के सौंदर्यीकरण में रहा अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राजभवन प्रांगण में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी 2025 में नगर निगम लखनऊ को पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए पहले स्थान का पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर बनाए गए और सुंदर बनाए गए पार्कों के लिए दिया गया है। इन पार्कों में प्रमुख रूप से विपुल खंड, गोमती नगर उपवन पार्क, राधा निकुंज पार्क, महुआ सेक्टर (सी), इंद्रानगर पार्क, निराला नगर नर्सरी पार्क और अन्य वार्डों के पार्क शामिल हैं। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा नगर निगम को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस कार्यक्रम में लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। नगर निगम लखनऊ ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतिस्पर्धा में कई विभागों के पार्क शामिल थे जिनमें नगर निगम, आवास विकास, लखनऊ विकास प्राधिकरण और अन्य विभागों के पार्क शामिल थे। नगर निगम ने कुल 4 पार्कों में पहले स्थान, 4 पार्कों में दूसरे स्थान और 4 पार्कों में तीसरे स्थान को हासिल किया। इस उपलब्धि ने नगर निगम को राज्य स्तर पर सम्मान दिलाया। नगर निगम की ओर से इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पार्कों का सौंदर्यीकरण वरिष्ठ प्रभारी उद्यान डॉ. अरविंद कुमार राव और अपर नगर आयुक्त ललित कुमार के मार्गदर्शन में किया गया था।

## रनिंग शील्ड प्राप्त करना नगर निगम की बड़ी उपलब्धि

नगर निगम को पहले स्थान के चलते प्रथम श्रेणी की रनिंग शील्ड प्राप्त हुई। यह शील्ड अपर नगर आयुक्त ललित कुमार द्वारा प्राप्त की गई। इसके साथ ही महुआ पार्क को अपनी श्रेणी में पहले स्थान पर रहने के लिए रनिंग शील्ड मिली, जो उद्यान अधीक्षक गंगा राम गौतम द्वारा प्राप्त की गई। नगर निगम का यह पुरस्कार न केवल लखनऊ शहर की सुंदरता को बढ़ावा देने का प्रतीक है बल्कि यह अन्य विभागों के लिए भी एक प्रेरणा का काम करेगा। पार्कों के सौंदर्यीकरण से नागरिकों को स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण मिलेगा, जिससे शहर के सौंदर्य में इजाफा होगा।

## पाँच वर्षीय बच्चे ने नाज़रा कर रचा इतिहास



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक बहुत ही कम उम्र पांच वर्षीय हस्सान नामक छोटे बच्चे ने पूरा क़ुरआन नाज़रा कर मदरसे ही नहीं अपनें कान्वेंट स्कूल में भी इतिहास रचा, मालूम हो कि काज़मैन निवासी मोहम्मद हस्सान पांच वर्षीय छात्र हैं मदरसा नुरुल हुदा स्थित मंसूर नगर से पूरा क़ुरआन नाज़रा कर इतिहास रचा है, मौलाना अब्दुल अज़ीम नदवी ने बताया कि बच्चा पढ़ने में बहुत ही ज़हीन है आगे चल कर माता पिता ही नहीं अपने मोहल्ले एवं शहर का नाम रौशन करेगा मौलाना ने बच्चे के उज्जवल भविष्य के लिए दुआ की और बच्चे के माता पिता को मुबारकबाद दी ।

## सीमेंट लादकर जा रहे ट्रक का संतुलन बिगड़ा, चालक की हुई मौत

**जालौन।** झांसी-कानपुर हाईवे पर सोमवार की सुबह एक घटना घटी। यहां पर ट्रक को सीमेंट से लोड करके चालक कानपुर की तरफ जा रहा था, इस दौरान ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। इस घबराहट में चालक उससे बाहर निकला तो अज्ञात वाहन ने इसे टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के न्यामतपुर गांव निवासी प्रमोद उर्फ पप्पू (29) एक ट्रक चालक था, जो सोमवार की सुबह करीब चार बजे झांसी से कानपुर के लिए सीमेंट लादकर रवाना हुआ। जैसे ही ट्रक झांसी कानपुर हाइवे स्थित बड़ागांव के पास पहुंचा, तो प्रमोद ने अपना संतुलन खो दिया और ट्रक अचानक हाइवे पर पलट गया। इस हादसे में प्रमोद घायल हो गया और घबराहट में वह ट्रक से निकलकर भागने लगे। तभी किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रमोद की मौत से उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। परिजनों ने बताया कि प्रमोद ट्रक चलाता था और उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी रूबी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आयोग ने होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के पदों का परिणाम घोषित किया

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सोमवार की शाम होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के रिक्त आठ पदों की भर्ती का परिणाम घोषित कर दिया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। आयोग के उपसचिव डीपी पाल ने बताया है कि उप्र आयुष (होम्योपैथी) विभाग के अंतर्गत उक्त पदों के लिए 6 व 7 फरवरी, 2025 को साक्षात्कार हुआ था। कुल 27 अभ्यर्थियों को आहूत किया गया। उनमें से 25 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। साक्षात्कार के उपरान्त खुशबू गुप्ता, शिवम वर्मा, प्रतिभा यादव, अशिता खरे, अभिषेक चौधरी, प्रियंका शर्मा, दिव्या यादव एवं अनुपम चौधरी को नियुक्ति के लिए संस्तुत किया गया है।

## मूल्य आधारित शिक्षा के बिना भारत विश्व गुरु नहीं बन सकता: सी. नारायण

**महाकुम्भनगर।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में आयोजित ज्ञान महाकुंभ को संबोधित करते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान इसरो के अध्यक्ष सी. नारायण ने कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा के बिना भारत विश्व गुरु नहीं बन सकता। उन्होंने भारतीय जनमानस को विज्ञान से जोड़ने पर बल दिया। न्यास के सचिव अतुल कोठारी ने कहा कि देश बदलना है तो शिक्षा बदलो। उन्होंने पारित संकल्प और घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिये प्रांत संयोजकों की बैठक का आह्वान किया। ज्ञान महाकुंभ में 50 से अधिक विश्वविद्यालय और संस्थाओं के कुलपतियों, निदेशकों सहित सैकड़ों शिक्षकों और हजारों छात्र-छात्राओं ने तीन दिनों के गहन मंथन के उपरांत अनेक संकल्प पारित किये। इस दौरान विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश, मातृभाषा और मातृभूमि का संरक्षण व संवर्धन, स्वभाषा में शिक्षा और शोध, विद्यार्थियों में समरसता व सांस्कृतिक मूल्यों के अनुपालन से संबंधित संकल्प पास किए गए। यह भी प्रस्ताव पारित हुआ कि इंडिया के स्थान पर भारत नाम का प्रयोग हो, इसके लिए न्यास के कार्यकर्ता देश भर में अभियान चलाएंगे। साथ ही सभी संवैधानिक प्रमुखों और राज्य प्रमुखों को 11 लाख हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भी सौंपेंगे।

## आईआईटी में शोध छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मिला सुसाइड नोट

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में पीएचडी स्कॉलर ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी मिलते ही आईआईटी प्रशासन और पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। जांच के दौरान सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें उसने किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। परिजन नोएडा से कानपुर के लिए रवाना हो गए हैं। मूलरूप से नोएडा सेक्टर-71 का रहने वाला अंकित यादव (24) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी कानपुर) में केमिस्ट्री से पीएचडी कर रहा था। यह उसका प्रथम वर्ष था। सहपाठियों ने बताया कि काफी देर तक कॉल की गई। कॉल रिसीव नहीं हुई तो सभी लोग हॉस्टल पहुंचे। कमरे का दरवाजा खटखटाने पर भी नहीं खोला गया। तब जाकर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस कैंपस के हॉस्टल एच 103 पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्र का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था। घटना के बाद आईआईटी प्रशासन ने असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। साथ ही कहा कि अंकित एक होनहार शोधार्थी थे, जो जुलाई 2024 में यूजीसी फ़ेलोशिप के साथ संस्थान में शामिल हुए थे।

## दिव्यांगजनों की सहायता के लिए लगाया गया कैंप

**जौनपुर।** दिव्यांगजनों की सहायता के लिए प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। दिव्यांग बोर्ड द्वारा हर सोमवार को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण और प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे हैं।डॉक्टर निधि श्रीवास्तव ने बताया कि यह कैंप शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। कैंप में दिव्यांगजनों की श्रेणी के अनुसार उनकी जांच की जाती है और संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता पात्र व्यक्तियों तक आसानी से पहुंच सके। यह दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है, जहां वे एक ही स्थान पर सभी आवश्यक दस्तावेज और सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं।

# आफत का महाकुंभ प्रयागवासियों के लिए:विनय कुशवाहा

- शिक्षा स्वास्थ्य पर आस्था हावी
- सैकड़ों मौत के बाद भी एक भी वीवीआईपी का प्रोग्राम कैंसिल ना होना दूर्भाग्यपूर्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । प्रयागवासियों के लिए यह महाकुंभ आफत का महाकुंभ हो गया है महीने भर से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं मरीज अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं प्रयागराज वासी हाउस ऐरेस्ट हो गए हैं।उक्त बातें सांसद प्रतिनिधि सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने कहीं उन्होंने कहा कि जमुनापार -गंगापार वालें रोजमर्रा के जरूरत पूरी करने ,आफिस आने के लिए चार से पांच घंटे जाम में फंसे रहतें हैं समस्या तो उन गम्भीर मरीजों की हैं जो प्रयागराज शहर या दिल्ली लखनऊ इलाज के लिए जाना चाहते हैं तो नहीं जा पा रहे हैं जाम की वजह से और आज भी जाम की मुख्य वजह वीवीआईपी मूमेंट हैं जिसकी वजह से रास्ते घंटों बंद कर दिऐ जाते हैं और उसके बाद भयानक जाम लग जाता हैं।सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि क्या मजाक बना रखा हैं इस महाकुम्भ मे उत्तर प्रदेश की कैविनेट कि बैठक हुई तो चलों ठीक है पर राजस्थान की कैविनेट की बैठक की परमिशन कैसे दी गई जहाँ सौकड़ों लोग चंद दिन पहले भगदड़ में मरे हो वहाँ देश के मंत्री आकर मौज मस्ती कर रहे हैं कितनी शर्मनाक बात है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि सैकड़ों मौत के बाद भी किसी भी एक वीवीआईपी का प्रोग्राम कैंसिल नहीं हुआ इससें यह सावित होता हैं कि गरीब इंसान के जान की कोई कीमत नहीं है वो कीड़े मकोड़े की तरह कुचलें जाते रहे बड़े लोग अपना काम करते रहते कितनी असंवेदनशीलता हैं। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि शिक्षा की स्थिति खराब हो गई बच्चे स्कूल कोचिंग नहीं जा पा रहे हैं एक्जाम सर पर हैं और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं का अभाव होता जा रहा है प्रयागराज में बीपी सुगर के मरीजों को दवा नहीं मिल पा रही हैं अगर यहीं हाल एक हफ्ते और रहा तो कितने लोग अपने प्राण त्याग देंगे बिना दवा इलाज के पर सरकार पर कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा है आज आस्था हावी हो गई हैं शिक्षा और स्वास्थ्य पर ।

# जल्द ही चोरों को पकड़िये कमिश्नर साहब : सपा विधायक



एजेंसी

कानपुर। सपा विधायक नसीम सोलंकी के ननदोई के घर में हुई नब्बे लाख रुपये की चोरी के सिलसिले में सोमवार को विधायक ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि जल्द ही चोरों को पकड़कर खुलासा करिए। जिस पर आयुक्त ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस टीम चोरों को पकड़ने के लिए लगी हुई है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी स्थित सीसामऊ विधानसभा सपा विधायक नसीम सोलंकी के ननदोई के घर में शनिवार को स्कोर्पियो से आये तीन नकाबपोश बदमाशों ने नकदी समेत नब्बे लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ ख़ाली हैं। विधायक खुद पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिलने पहुंची। उन्होंने कहा कि अगर ज्यादा समय बीत गया तो शातिर चोर आभूषणों को बेच सकते हैं। हालांकि पुलिस आयुक्त ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही खुलासा किया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए नसीम ने कहा कि अभी मैं कुछ नहीं बता सकती नहीं तो चोर सतर्क हो जाएंगे।

## इटावा में भाई ने बहन और भांजी को गोली मारकर की हत्या, गिरफ्तार

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत महेरा चुंगी स्थित रिटायर्ड सीएमओ के घर में प्रॉपर्टी के विवाद के चलते एक भाई ने शादीशुदा बहन और मासूम भांजी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी। रिटायर्ड सीएमओ डॉक्टर लवकुश चौहान ने बताया कि उनकी पत्नी के निधन के बाद उनकी शादीशुदा बेटी पिछले तीन साल से उनके पास रहकर उनका ख्याल रख रही थी। इसी बीच उन्होंने अपनी 20 बीघा जमीन और एक मकान अपनी बेटी के नाम कर दिया था, जिससे नाराज उनके बेटे हर्षवर्धन ने रविवार देर रात अपनी बहन ज्योति चौहान और चार वर्षीय भांजी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई । पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सोमवार को बताया कि रविवार देर रात थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत महेरा चुंगी के पास रिटायर्ड सीएमओ डॉक्टर एल.एस. चौहान के घर में उनके बेटे हर्षवर्धन सिंह चौहान ने सम्पत्ति के विवाद को लेकर अपनी बहन ज्योति और चार वर्षीय मासूम भांजी की गोली मारकर हत्या कर दी है।

# सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे: नरेंद्र कश्यप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने आज सचिवालय, नवीन भवन, लखनऊ में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि दिव्यांगजन पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय से मिले, इसके लिए सभी स्तरों पर समुचित निगरानी रखी जाए। कृत्रिम अंगों एवं सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण शीघ्र किया जाए, जिससे जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। जिन मंडलीय अधिकारियों की प्रगति असंतोषजनक है, उन्हें तत्काल चेतावनी दी जाए।मंत्री ने शादी प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने और लाभार्थियों तक सहायता राशि त्वरित गति से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं के कार्यक्रमों का आयोजन उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे।छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति आवंटन की प्रक्रिया को तय समय सीमा में पूरा किया जाए, जिससे छात्रों को वित्तीय सहायता समय पर मिल सके। उन्होंने कार्मिकों की समय पर नियुक्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।बैठक में कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि युवाओं को समय पर प्रशिक्षण का लाभ मिले और इस योजना का जनपद स्तर पर अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। इस योजना के तहत अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए 'ओ' लेवल एवं सीसीसी (एएए) प्रशिक्षण हेतु लगभग 34,000 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदन प्रक्रिया को व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जाए। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल रु. 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से रु. 187.198 करोड़ जनपदों को आवंटित किए जा चुके हैं।बैठक में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12 एवं अन्य) छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि निर्गत समय सारिणी के अनुसार सभी स्तरों पर कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। कक्षा 9-10 के लिए 12,30,819 छात्रों ने आवेदन किया, जिनमें से 10,11,871 छात्रों के आवेदन स्वीकृत हुए। कक्षा 11-12 के लिए 9,65,322 छात्रों ने आवेदन किया और सभी के आवेदन स्वीकृत हुए। दशमोत्तर कक्षाओं (अन्य उच्च कक्षाओं) के लिए 19,20,458 छात्रों ने आवेदन किया और सभी के आवेदन स्वीकृत हुए। मंत्री ने निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए धनराशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में अंतरित की जाए।बैठक के अंत में मंत्री कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए सभी स्तरों पर सक्रियता बढ़ाई जाए। छात्रवृत्ति, शादी अनुदान एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु मंडलीय एवं जनपदीय अधिकारियों को सतत निगरानी एवं निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

# शिक्षकों का वेतन रोके जाने पर आम आदमी पार्टी ने जताई नाराज़गी

❒ आप नेता ने कहा, आधार में संशोधन कराने के लिए लगवाया जाय विद्यालयवार कैंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अपार आईडी पूरी न होने पर सरकारी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों का वेतन रोके जाने पर आम आदमी पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ ने सख्त नाराजगी व्यक्त की है। आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) आईडी बनाने में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। छात्र व उनके अभिभावकों के आधार कार्ड में कर्मियों के चलते एवं छात्र के आधार में दर्ज नाम, पते से स्कूल के रिकॉर्ड में थोड़ा भी अंतर है तो अपार आईडी नहीं बन पा रही है।

उन्होंने कहा कि आधार में संशोधन कराने के लिए छात्रों अभिभावकों को समय लग रहा है। शिक्षक लगातार अपना कार्य कर रहे हैं। जिन छात्रों के आधार सही है उनका अपार आईडी पूर्ण हो रही है इसके बावजूद शिक्षकों का वेतन रोका जाना नियम विरुद्ध है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने योगी सरकार से मांग की है कि शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल शिक्षकों का वेतन जारी कराएं और आधार में संशोधन कराने के लिए विद्यालयवार कैंप लगवाएं जाएं। उन्होंने चेतावनी दी की यदि जल्द शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया गया तो शिक्षक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। महेंद्र सिंह ने कहा कि तकनीकी दिक्कतों के बावजूद 100% अपार आईडी का कार्य पूरा करने का दबाव शिक्षकों पर बनाया जा रहा है यह तर्कसंगत नहीं है और साथ ही उनका वेतन भी रोका जा रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या इसी तरह बीएसए, डीआईओएस का वेतन भी रोका जाएगा जिनके यहां वर्षों से शिक्षकों के एरियर, चयन, प्रोन्नत वेतनमान, पदोन्नति आदि प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं?

# ग्रामीणों को टकरा रहा है बाघ, इलाज न मिलने से गाय की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। कर्मचारी खुले आम बाघ का सामना कर रहे हैं तो वहीं पर दो दिन पहले बाघ के हमले से घायल गाय ने इलाज के अभाव के कारण दम तोड़ दिया वहीं पर वन विभाग के कर अधिकारी पत्रकारों से खून्नस जैसी खाए हुए हैं क्योंकि फोन से बात करना भी उचित नहीं समझते।

दो दिन पहले अपने जानवर चराने गए युवक की गाय पर बाघ ने हमला कर दिया था इसलिए किसी सरकारी गैर सरकारी पशु डॉक्टर दवा इलाज करने से मन कर दिए किसके कारण गाय की सोमवार सुबह मौत हो गई, संस्थान में काम करने वाले संविदा कर्मचारी सहायक 5:00 बजे छुट्टी होने के बाद छुट्टी होने के बाद अपने घर मीठे नगर गांव की तरफ जा रहे थे कि अचानक रास्ते में बाघ देख कर सहम गए कर्मचारियों ने बड़ी हिम्मत करके फोटो भी खींच ली और अपने अधिकारियों को सूचित किया जिसे देखने के लिए कई अधिकारी भी बाघ को देखने के लिए गए जहां पर दूर से बाघ को देखा। बाघ को देखने वाले कर्मचारियों ने बताया कि टकटकी निगाह से बाघ देखता रहा।सदन यादव और महेंद्र प्रताप रावत दद्धपद्ध से छुट्टी होने के बाद मीठेनगर घर जा रहे थे तभी मीठेनगर खड़ंजे पर लछड़िया के आगे और क्वारंटाइन होम के बीच में कई बार बाघ दिखने के कारण ये लोग उस रास्ते पर कैमरा चालू करके जाते है तभी इन्हें जंगल से निकलते हुए बाघ दिखाई देता हैं, और लगभग मीठेनगर के आठ से दस लोग देखा, बाघ काफी देर तक वहां पर खड़ा रहा फिर बैठ गया, इधर रोड की तरफ लोग वीडियो और फोटो खींच रहे थे जैसे बाघ उनके जाने का इंतजार कर रहा हो कुछ देर बाद बाघ जंगल में वापस चला गया। इधर वन विभाग के अधिकारी पत्रकारो के फोन नहीं उठाते।

## तेज़ रफ्तार पर नहीं लग रही लगाम, तिवारी चौराहे पर टली बड़ी घटना

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तेज़ रफ्तार से स्टंट करना आजकल का फैशन बन गया है लोग अपनी जान की परवाह किये गाडी को हवा मे उड़ाने का भरपुर प्रयास करते हैँ जिसमे उन्हे ना सिर्फ अपनी बल्कि दूसरों की जान की भी कोई परवाह नही दिखाई देती ऐसा ही एक मामला जानकीपुरम के तिवारी चौराहे से गया जी की तरफ जाने वाले मार्ग पर हुआ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात लगभग 1 बजे एक तेज़ रफ़्तार कार अपना नियंत्रण खोकर वहां लगे बिजली के खम्भा से इस कदर टकराई कि वहां लगा खम्भा  ना सिर्फ टेढ़ा हो गया बल्कि अपनी जगह से खिसक भी गया गनीमत ये रही कि किसी तरह के जानमाल का कोई नुक्सान नही हुआ जो होता तो अत्यंत दु:खद घटना होती क्योंकि खम्भा जो तस्वीर बया कर रहा है वो बताने के लिए काफी है कि टक्कर कितनी ज़ोरदार होगी।अब सवाल ये उठता है कि ऐसी तेज़ रफ़्तार पर कब ब्रेक लगेगा और कब लोगों को अपनी जान और लोगो की जान का मोल समझ आएगा।

## द वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज दर्ज हुआ मिस्टर अमेठवी का नाम



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज इलाके के कस्बा अमेठी निवासी मिस्टर अमेठवी का नाम द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ।इससे पहले भी उनका नाम द वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हो चुका है।उन्हें यह सफलता शहर वाराणसी में गंगा नहीं की धाराओं की चीरती हुई नाव पर कवि सम्मेलन संपन्न होने के बाद मिली।इसी के साथ ही उनकी एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। मिस्टर अमेठवी की इस पर उनके जानने वालों और क्षेत्रीय लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता दिखाई दी।सभी लोग बधाईयां दे रहे हैं।

## कंटेनर की डंपर में टक्कर, चालक घायल

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में माढ़रमऊ गांव के पास किसान पथ पर कंटेनर ने डंफर में पीछे से टक्कर मार दी।टक्कर लगने के बाद कंटेनर का चालक गाड़ी के केबिन में फंस गया।सूचना पाकर मौक़ेपर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने चालक को केबिन से निकाल कर अस्पताल भिजवाया। सोमवार की तड़के लगभग 4:15 बजे सुल्तानपुर रोड से कानपुर रोड की ओर जा रहा कंटेनर माढ़र मऊ के पास किसान पथ पर खड़े डम्फर से टकरा गया।टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर का क्लीनर और चालक गाड़ी के केबिन में ही फंस गए।यह देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस व दमलकल कर्मियों को दी जिसके बाद अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे एफएसओ पीजीआई ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों व राहगीरों की मदद से पहले क्लीनर को केबिन से बाहर निकाला।उसके बाद मौके पर पहुंची फायर स्टेशन इंद्रानगर की एडवांस रेस्क्यू टेंडर टीम के कर्मियों ने कटिंग टूल्स की सहायता से स्टीयरिंग काटकर चालक को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया।गंभीर रूप से घायल महोबा हमीरपुर के रहने वाले चालक कलील का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद सड़क पर लग गया था जाम घटना के बाद किसान पथ पर यातायात बाधित हो गया था जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी कुमार मिश्र के अनुसार घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजने के बाद दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे करवा कर यातायात सुचारू करवा दिया गया था।

## नव विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला शव

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार को क्षेत्र के  गांव में एक नव विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में आंगन के जिंगले से साड़ी के फंदे से लटकता मिला । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। वहीं सोमवार को मृतका के परिजन ससुराल पक्ष पर दहेज न देने पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थाना अंतर्गत बंधवा खेड़ा मजरा खैरा कनकू निवासी संतोष कुमार ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी भतीजी का विवाह लगभग 10 माह पूर्व गुमानी खेड़ा मजरा बलसिंह खेड़ा निवासी बाबूलाल के बेटे संदीप के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था , हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था । आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद ही मृतका किरन के पति संदीप , ससुर बाबूलाल व सांस 50 रूपए की मांग कर प्रताड़ित करने लगे । जबकि मृतका का पति संदीप राजस्थान में प्राइवेट नौकरी करते है। पति पर आरोप लगाते हुए उकसाने और सास ससुर पर दहेज की खातिर हत्या करने का मामला दर्ज कराया है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक पति समेत सांस ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# एलडीए का ज़ोन 3 बना अवैध निर्माणों का हब

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एलडीए के उपाध्यक्ष द्वारा लगातार अवैध निर्माणों व अवैध रूप से की जाने वाली प्लॉटिंग व अवैध रो- हाउसेस के खिलाफ कार्यवाही की जा रहीं है किन्तु कुछ अवर अभियंताओं व सहायक अभियंताओं की बड़ी लापरवाही के चलते आज तक इस पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लग पायी है। कारण है कुछ अवर अभियंताओं द्वारा अपने उच्च अधिकारियो को गुमराह कर के अवैध निर्माणकर्ताओं को संरक्षण देते रहना और अवैध निर्माणो को कराये जाने में निर्माणकर्ताओ को खुली छूट देना। अवर अभियंताओं की ये लापरवाही क्षेत्र के ज़ोनल अधिकारी की छवि को भी धूमिल करने का काम करती है। प्रवर्तन ज़ोन 3 के हर थाना क्षेत्र में जगह-जगह अवैध रूप से व कहीं कहीं प्रस्तावित मानचित्र के विपरीत होने वाले निर्माण आसानी से देखे जा सकते हैं। ज़ोन 3 में आने वाले थाना सरोजनी नगर में कानपुर रोड मुख्य मार्ग पर गौरी विहार इलाके में  एचडीएफ़सी बैंक से मिला हुआ ऐसा ही एक निर्माण बन कर तैयार हो चुका है जिसका फिनिशिंग का कार्य भी लगभग समाप्ति पर है इसके अलावा कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के केसरी खेड़ा में बाल कृष्ण नगर में मुख्य मार्ग पर हाफ़ बेसमेंट सहित चार मंजिल अवैध निर्माण सीना ताने खड़ा है इसके अलावा कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के ही पंडित खेड़ा में गुप्ता किचेन सेंटर के सामने अवैध रूप से एक व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा है। हैरत की बात ये है की ऐसा जब हो रहा है जब लखनऊ मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब व लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार द्वारा प्रवर्तन विभाग के संबंधित अधिकारियों को अवैध रूप से होने वाले निर्माणो पर रोक लगाने के लगातार आदेश जारी किए जा रहे हैं। क्षेत्र में तैनात किये गए अवर अभियंता व सहायक अभियंता अवैध रूप से व मानकों के विपरीत हो रहे निर्माणों पर रोक लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहे हैं।

# मनोज कुमार सिंह भारतीय किसान यूनिटी यूनियन (आ.हिन्द) के जिलाध्यक्ष मनोनित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह के आदेसानुसार प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति प्रदेश उपाध्यक्ष उप्र.,प्रदेश महासचिव,प्रदेश सचिव,प्रदेश संगठन मंत्री आदि की सहमति पर भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद के जिला अध्यक्ष लखनऊ के पद पर बख्शी का तालाब,नवीकोट नंदना निवासी मनोज कुमार सिंह पुत्र स्व.नरेंद्र सिंह को मनोनीत किया गया।वही भारतीय किसान यूनियन आजाद हिंद संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह ने नए मनोनित जिला अध्यक्ष लखनऊ से आशा रखी है कि वह अपने क्षेत्र के किसान भाइयों की समस्याओं के लिए संघर्षरत रहते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करते हुए भारतीय किसान यूनिटी यूनियन (आ.हिन्द) की लोकप्रियता को किसानों में बनाये रखेंगे और किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के सपनों को साकार करने हेतु प्रयत्नशील रहेंगे।वही संगठन के प्रदेश सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस कमिश्नर लखनऊ ,जिलाधिकारी,डिप्टी कमिश्नर और असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर को संबोधित पत्र लिखकर कहा कि आप से अपेक्षा की जाती है,किसान,जनहित,समस्त सामाजिक के मुद्दे पर संगठन के जिला अध्यक्ष लखनऊ मनोज कुमार सिंह के साथ आवश्यक सहयोग लेते हुए सामाजिक किसान हित एवं अवैध गतिविधि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने में असमाजिक तत्वों द्वारा असुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जाए साथ ही एलआईयू को भी अवगत कराया जाए।वही जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि संगठन ने जो ज़िम्मेदारी हमे सौंपी है उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा तथा किसानों की समस्याओं,क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

# रालोद में शामिल हुए आरपीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। आरपीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश प्रसाद सोमवार को अपने समर्थकों संग रालोद में शामिल हो गए। रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के समक्ष उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। अनुपम मिश्र ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया।

श्री मिश्र ने कहा कि विगत कई दशकों से जनसेवा में सक्रिय रहे गणेश प्रसाद के आने से पार्टी को पूर्वांचल में एक बहुत बड़े वर्ग से जोड़ने तथा ज़मीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने वाला जननेता मिला है, जो भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का काम करेंगे। इस मौके पर गणेश प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी के नेतृत्व से प्रभावित होकर रालोद की सदस्यता ग्रहण की है, अब आने वाले समय में दलित समाज को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। इस दौरान, आर पी आई के युवा प्रकोष्ठ के ज़िलाध्यक्ष कुलदीप रामानंद प्रसाद ने भी रालोद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर कुशीनगर जिला अध्यक्ष कुँवर सिंह, राव इक़बाल मुहम्मद, राष्ट्रीय महासचिव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, प्रदेश महासचिव रमावती तिवारी, अधिवक्ता शैलेश सिंह आदि वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया शिवनंदन इंटर कालेज में संस्थापक दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम , लखनऊ। नगराम क्षेत्र के छतौनी स्थित शिव नंदन इंटर कॉलेज में धूमधाम से संस्थापक दिवस मनाया गया , जिसमें बच्चों ने धूम मचा दी। कॉलेज के संस्थापक महादेव शुक्ला ने अपने पिताजी शिवनंदन जी के नाम से 10 फरवरी 2025 को शिवनंदन इंटर कॉलेज का नाम दिया । तभी से 10 फरवरी को संस्थापक दिवस के रूप में मनाया जाता है । सोमवार को शिवनंदन इंटर कॉलेज में संस्थापक दिवस के रूप में मनाया गया , कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक प्रशांत दत्त तिवारी व प्रधानाचार्य एस.सी मिश्रा ज्ञानी ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कराया। सरस्वती वंदना के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत हुए । छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे सोशल मीडिया उपयोग एवं दुरुपयोग छात्रों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया , प्रदूषण समेत शिक्षा के महत्व पर नाटक व राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किए गए । तत्पश्चात मुख्य अतिथियों को प्रधानाचार्य एस.सी मिश्रा ने बुके एवं अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य श्री मिश्रा ने बताया कि लगभग एक सप्ताह से खेल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा था , जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय विजेता छात्र एवं छात्रों को थाना प्रभारी व प्रबंधक ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन कला शिक्षक पी.एन. माधव ने किया , कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।

तत्पश्चात बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति समिति सदस्य समेत निगोहा मंडल के पूर्व अध्यक्ष दीपू बाजपेई , नवनिर्वाचित निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह , पूर्व चेयरमैन नगराम सुरेंद्र वर्मा , प्रधान विकास पटेल , दिलीप रावत समेत क्षेत्र के तमाम प्रतिष्ठित एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अभिभावक गण मौजूद रहे।

# 23 को तय होंगी राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आन्दोलन की रूपरेखा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज प्रदेश भर में बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किए गए । संघर्ष समिति ने कहा है कि विरोध प्रदर्शनों का कार्यक्रम जारी रहेगा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रूपरेखा आगामी तेईस फरवरी को नागपुर में नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के अखिल भारतीय सम्मेलन में तय की जाएगी।

नागपुर में होने वाले नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के सम्मेलन में देश के सभी बिजली कर्मियों के फ़ेडरेशन के सभी प्रांतों के पदाधिकारी आएंगे। उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में इस सम्मेलन में राष्ट्रव्यापी आंदोलन का फैसला लिया जाएगा। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल मुख्यालय और शक्ति भवन मुख्यालय पर बड़ी विरोध सभा हुई।

संघर्ष समिति ने बताया कि आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्ज़ापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, हरदुआगंज, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किए गए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा शुरू से ही पावर कॉरपोरेशन लगातार एनर्जी टास्क फोर्स से कभी कोई पैरामीटर कभी कोई पैरामीटर अनुमोदित कराकर विवाद उत्पन्न कर रहा है आने वाले समय में यह बडे जांच का मामला बनेगा जिस प्रकार से एनर्जी टास्क फोर्स प्रस्तावित स्टैंडर्ड बिल्डिंग गाइडलाइन के मानक जी पर चंडीगढ को निजी क्षेत्र में दिया गया था के आधार पर आगे अपनी कार्यवाही को बढा रहा है तो उसे या स्पष्ट होना चाहिए कि चंडीगढ में केवल 2 लाख 38 हजार विद्युत उपभोक्ता है।

# डीएम के निर्देशानुसार बक्कास में शुरू हुआ स्वच्छता आडिट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पिछले दिनों डीएम के दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में विकास खण्ड गोसाईगंज के गांव बक्कास में सोमवार से स्वच्छता ऑडिट शुरू हो गया। ग्राम पंचायत के सचिव व प्रधान ने विभिन्न क्षेत्र के लोगों से पंचायत भवन में वार्ता की। सभी ने यथासंभव सहयोग करने की बात कही ।यह तय हुआ कि गांव की साफ सफाई के लिए शुल्क अदा करेंगे।आपको बता दें पिछले दिनों लखनऊ के डीएम विशाख अय्यर व सीडीओ अजय कुमार जैन, एसडीएम बृजेश वर्मा पूरे प्रशासनिक अमले के साथ बक्कास पहुंचे थे और साफ सफाई को लेकर व्यापक चर्चा की थी। यदि लोग रोज ?1 दे दे तो गांव में सफाई व्यवस्था में सहयोग मिल सकता है।सोमवार को ग्राम प्रधान राजेश कुमार पंचायत सचिव विनोद कुमार गौड़ ने बक्कास गांव के पंचायत भवन में ग्रामीण और संस्थाओं को आमंत्रित किया तथा कहा कि सभी अपना सहयोग दें। ग्रामीणों द्वारा प्रति परिवार 30 रुपए मासिक, स्कूल अस्पताल , परचून की दुकान आदि द्वारा ?50 मासिक तथा शराब ठेका ,आरा मशीन ,आदि द्वारा ?100 मासिक सहयोग देने का भरोसा दिलाया गया। प्रधान राजेश कुमार सहित 13 लोगों ने ?100 मासिक शुल्क अदा करने का वचन दिया और जनवरी माह का शुल्क जमा किया। लखनऊ के डीपीआरओ जितेंद्र कुमार गौड़, खंड विकास अधिकारी आशुतोष कुमार श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत पंचायत कमल किशोर शुक्ला द्वारा अपनी टीम के साथ गांव की साफ सफाई पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। आम जनता को साफ सफाई के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गांव में कूड़ा गाड़ी चल रही है और आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया गया है।

## बंथरा में बुजुर्ग की हत्या

**बंथरा, लखनऊ।** थाना क्षेत्र के भटगांव ग्राम पंचायत के मजरे हसन खेड़ा में रविवार शाम करीब 6 बजे मामूली विवाद पर एक युवक ने बुजुर्ग किसान के सर पर बांस से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार हसन खेड़ा गांव का रहने वाला चंद्रशेखर नशे की हालत में गाली गलौज कर रहा था इसी दौरान जब उसके पड़ोसी होली लाल रावत (60) नें गाली गलौज का विरोध किया तो नशे के आवेश में आकर चंद्रशेखर ने होरीलाल के सर पर वहीं पड़े बांस को उठाकर हमला कर दिया जिससे होरीलाल का सर फट गया और काफी खून बह गया। बताते हैं कि इसी दौरान होरीलाल की मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने एंबुलेंस से होरीलाल को सरोजिनी नगर सामुदायिक केंद्र भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर हत्या से मृतक के परिजनों गांव वालों सहित पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं आरोपी चंद्रशेखर घटना के बाद से फरार हो गया। इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह ने बताया कि पुलिस टीम हत्यारे को पकड़ने के लिए चारों तरफ खोजबीन कर रही है जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। मृतक के घर में पत्नी कलावती सहित तीन बेटे हैं।

# भोजपुरी फिल्म पटना से पाकिस्तान टू का हुआ भव्य मुर्हुत, लखनऊ में होगी फिल्म की शूटिंग




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रेयस फिल्म्स प्रा. लि. के बैनर तले बन रही निर्माता प्रेम राय की बहुप्रतीक्षित फिल्म ''पटना से पाकिस्तान 2'' में भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' नज़र आयेंगे, जिसका सोमवार को भव्य मुहूर्त लखनऊ में संपन्न हुआ। इस मौके पर बताया गया कि इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ में होगी, जबकि पहले भाग की शूटिंग गुजरात में हुई थी। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने बताया कि ''पटना से पाकिस्तान'' की अपार सफलता के बाद, अब इसका दूसरा भाग ''पटना से पाकिस्तान टू'' दर्शकों के लिए तैयार किया जा रहा है, जो संभवतः जून तक आएगी। उन्होने कहा कि इस फिल्म में भी मुख्य भूमिका में दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' नजर आएंगे। मुहूर्त के साथ फ़िल्म की शूटिंग भी प्रारंभ हो गयी है। इस फिल्म को नए तरीके से बनाने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर मुख्य कलाकार निरहुआ ने कहा कि ''पटना से पाकिस्तान'' की अभूतपूर्व सफलता के बाद दर्शकों की डिमांड थी कि इसका दूसरा भाग लेकर आएं। उनकी मांग पूरी हो रही है और निर्माता प्रेम राय एवं निर्देशक अनंजय रघुराज इस फिल्म को लेकर आ रहे हैं, जो बड़ी एक्शन फिल्म होने वाली है। उन्होंने कहा कि पटना से पाकिस्तान की जर्नी को आगे बढाने वाली इस फिल्म की कहानी है। इसके लिए दर्शक बेताब हैं। पटना से पाकिस्तान टू'' में निरहुआ के साथ रवि किशन, पवन सिंह, सेजल साहू, श्वेता महारा, मीर सरवर, सुशील सिंह, संजय पांडेय, विकास मेहता और मनोज टाइगर मुख्य भूमिका में होंगे। यह स्टार कास्ट भोजपुरी सिनेमा के सबसे बड़े चेहरों में गिनी जाती है, जिससे यह फिल्म दर्शकों के लिए और भी रोमांचक होने वाली है। फिल्म की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। तो वहीं फिल्म के पीआरओ रंजन सिन्हा है। इस मौके पर भोजपुरी सिनेमा के कई दिग्गज और फिल्मी जगत से जुड़े तमाम लोगो के साथ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व एमएलसी पवन सिंह चौहान मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला अध्यक्ष ने सौपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के विकास के लिए कड़े प्रयास किया जा रहे हैं वही समय-समय पर भ्रष्टाचार करने वाले पर कार्यवाहियों की गाज भी गिरती रहती उसके बावजूद विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसको लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला अध्यक्ष एस के तूफानी ने जिलाधिकारी को पत्र सौंप कर जांच कराए जाने की मांग किया है पत्र में मांग की गई है कि ग्राम पंचायत रसूलपुर में आईडी बदलकर भुगतान निकाला गया है।प्रधान के खाते व प्रधान प्रतिनिधि कहे जा रहे हैं शैलेंद्र वर्मा सहित कई अन्य के खातों पर लाखों का भुगतान किया गया है। ग्राम पंचायत समैसा में प्रधान के खाते व प्रधान पति के खाते पर लाखों का भुगतान किया गया है एवं हैंडपंप रिबोर के नाम पर लगभग रुपये 485000.00 का भुगतान किया गया है। जिसकी जांच कराई जाए और जांच में दोषी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई कराई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान देवेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष, अखिलेश गौतम महासचिव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जयगुरुदेव नारा लगाते चले हैं दुखी जन को बाबा जागते चलें हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कसमण्डा कमलापुर सीतापुर। जयगुरुदेव नारा लगाते चले हैं, दुखीजन को बाबा जगाते चले हैं।'' जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज कल सायंकाल अपनी 86 दिवसीय जनजागरण यात्रा के साथ 58वें पड़ाव पर ब्लाक कसमण्डा के ग्राम महोठेरानी में राजा साहब की बाग में पधारे। राजा साहब कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने पुष्पाहार भेंट कर स्वागत किया तथा स्थानीय भाई-बहनों तथा बालक बालिकाओं ने दीप प्रज्वलित कलशों, फूल मालाओं तथा बाजे-गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। संस्थाध्यक्ष ने अपने सत्संग सम्बोधन में कहा कि पे्रमियों यह ''जयगुरुदेव'' नाम अनामी प्रभु का जागृत नाम है। जैसे कबीर साहब ने साहब नाम, नानक जी ने वाहेगुरु नाम, सूरदास जी ने श्याम नाम, गोस्वामी जी ने राम नाम, मीराबाई ने गिरधर नाम को जगाया था। उसी प्रकार हमारे गुरु बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने सुरत शब्द योग की साधना करके जयगुरुदेव नाम को जगाया और इसे जग जाहिर करना शुरु किया। गुरु महाराज ने देश के करोड़ों लोगों के खानपान को सुधार कर, उनकी आपराधिक प्रवृत्ति को छुड़ाकर उनके हाथों में भजन की माला पकड़ा दी। देश के हर क्षेत्र में इसके प्रमाण देखने को मिलते हैं। ''सुगम पंथ मोहिं पावहिं प्रानी, भक्ति कै मारग कहऊँ बखानी।'' प्रभु के भजन के लिये आप को साधू नहीं बनना, घर परिवार नहीं छोड़ना। खेती दुकान दफ्तर का काम मेहनत, ईमादारी से करने के बाद चैबीस घण्टे में से घण्टा दो घण्टा समय निकाल कर आप भी इस सरल साधना सुरत शब्द योग को कर सकते हैं। इसकी तीन क्रियायें हैं, समिरन, ध्यान और भजन। हमारे गुरु महाराज कहते थे कि इस जयगुरुदेव नाम की जहाज पर दुनिया के सारे जीव भी यदि बैठ जायेंगे तो यह जहाज सबको भवसागर से पार कर देगा। मैं गुरु और भक्ति की महिमा सुनाने के लिये निकला हूँ। महाराज जी ने बुद्धिजीवियों, समाज सेवियों, प्रबुद्धजनों तथा युवाओं के माता पिता से यह अपील किया कि शराब अपराध की जननी है। अपने-अपने बच्चों को इसके सेवन से बचायें। सभी धर्मों में अहिंसा को परम धर्म बताया गया है और हिंसा किये बगैर मान्स मिलेगा नहीं इसलिये आप लोग अशुद्ध खान-पान को छोड़ दें और शाकाहारी बन जांय अन्यथा कुदरत सख्त सजा देने को तैयार है। उन्होंने आगामी 13 से 15 मार्च तक मथुरा में जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में होने वाले होली सत्संग मेला में आने का निमन्त्रण भी दिया। व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।इस अवसर पर मोतीलाल, ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र सिंह, सतीश सिंह, होरीलाल, छंगू प्रसाद, राम औतार, राम शंकर, दिनेश यादव, सन्त शरण, होरीलाल विश्वकर्मा, सुन्दरलाल, सोहन लाल, मस्तराम आदि उपस्थित रहे। सत्संग के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव हेतु ग्राम हसनापुर (टिकरा) बाबा बाग ब्लाक व तह. बिसवां के लिये प्रस्थान कर गये।

# आश्रम की जमीन बेचना पड़ न जाए भारी हुई जांच तो चल सकती है कानून की आरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद सीतापुर। आज धर्म को कुछ लोगो ने ब्यवसाय बना लिया है। संगति,मठो की जमीनों में हेर फ़ेर कोई नई बात नही है। स्वयंभू संतों की लिस्ट लंबी है. इनमें ऐसे कई बाबा रहे हैं, जिन्होंने महिलाओं और लड़कियों की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें अपनी हवस का शिकार बनाया। संत आशाराम, राम रहीम और स्वामी नित्यानंद जैसे कई नाम हैं, जो इस वक्त सलाखों के पीछे हैं. आज महंत बजरंग मुनि उदासीन ने जिला अधिकारी को पत्र लिख कर जिला अधिकारी को पत्र लिख कर निष्पक्ष जांच करवाने को कहा है उन्होंने पत्र में लिखा कुछ दिनों पूर्व पुरुषोत्तम दास चेला रामदास, श्यामनाथ मंदिर, सीतापुर का निवासी है, जिसने अपने प्रार्थना-पत्र में गुरुदयाल दास आश्रम, कटरा बाजार, खैराबाद जिला- सीतापुर के महंत बबलू उर्फ दामोदर शरण दास के ऊपर आश्रम की लगभग 300 बीघा कृषि योग्य भूमि तथा बी0सी0एम0 अस्पताल के पास की व्यवसायिक भूमि को धनाढ्य एवं दबंग मुस्लिमों के हाथों बहुत ही कम दामों में बेचने का आरोप लगाया है । उक्त प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि दामोदर शरण दास की दबंगई का आलम यह है कि मान0 जिला जज की अनुमति के बिना ही करोड़ों रुपये की भूमि का विक्रय किया गया है जिसकी स्थिति बिना जांच के साफ नहीं हो पा रही है। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी प्रदेश भर में हिन्दू धर्म / तीर्थ स्थलों को मुस्लिमों के अवैध कब्जों से मुक्त कराने में लगे हुए हैं वहीं पर दामोदर शरण दास आश्रम की जमीनों को, नियमों को ताक पर रखकर मुस्लिमों के हाथों खुलेआम बेंच रहे हैं। उक्त के साथ ही पुरुषोत्तम दास ने बबलू उर्फ दामोदर शरण दास पर कई लड़कों के साथ अप्राकृतिक सम्बंध बनाने के आरोप भी लगाये हैं- इस घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट सं0 0420/2024 खैराबाद थाने में दर्ज है। समाज में एक संत द्वारा बच्चों के साथ अप्राकृतिक सम्बंध बनाने व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं को कारित करने आश्रम की भूमि मुस्लिमों के हांथों बेंचने से स्थानीय हिन्दू समाज में काफी आक्रोशित है। ऐसी स्थिति में यदि इस प्रकरण की यथाशीघ्र उच्च स्तर से जांच नहीं की जाती है तो स्थानीय हिन्दू समाज आन्दोलन करने के लिए मजबूर होगा ।उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## जानिए कौन है दामोदर शरण दास

गुरुदयाल आश्रम कटरा संगति खैराबाद महंत दामोदर शरण दास जी है जिनका लाइफ लाइफ स्टाइल काफी लग्जरी है। इनपर कई बार गंभीर आरोपो के साथ आश्रम की सैकड़ो बीघा जमीन बेचने का आरोप काफी समय से लगता आ रहा है खैराबाद में बेहद कीमती जमीनों को इन्होंने आने पौने दामो में बेंच दिया। आश्रम के प्रबंधक संतोष मिश्रा जो वर्तमान में खैराबाद ब्लॉक में शिक्षा मित्र के रूप में तैनात है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजे गये शिकायती पत्र में इनपर समय से ड्यूटी न करने का आरोप लगा है। महंत दामोदर शरण व प्रबंधक संतोष मिश्रा पर सूत्रों की माने तो कुछ लोगो से जमीन के सौदे के नाम पर पूर्व में पैसे लिए अभी तक न जमीन मिली न पैसे वापस हुए। नाम न छापने पर पीड़ित ने बताया सालों पूर्व हमने ऑनलाइन पैसे दिए थे न मुझे जमीन मिली न ही पैसे वापस हुए। फिलहाल यदि निष्पक्ष जांच हो जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाये। पर अपने रसूख व पैसे के दाम पर अहंकार रखने वालों का क्या फैसला होगा वो भविष्य की गर्त में छिपा हुआ है।

# धूमधाम से मनाया गया राधेश्याम शकुंतला सेठ शिक्षण संस्थान का वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां सीतापुर। राधेश्याम शकुंतला सेठ शिक्षण संस्थान महराज नगर का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्वलित व सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष बिसवा पुष्पू जायसवाल शामिल हुए। विद्यालय की प्रगति को प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य अतुल कुमार सिंह ने कहा कि वार्षिक उत्सव के आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ ही साथ कला एवं संस्कृति से जोड़ना भी है। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने में मददगार साबित होता है। कार्यक्रम में बच्चों ने पंजाबी नृत्य, समूह नृत्य एवं नाटक,योगा आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा से अवगत कराया एवं दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। स्कूल के वार्षिक उत्सव पर स्कूल के निदेशक,सलिल सेठ ने बताया विद्यालय का वार्षिक उत्सव हर विद्यार्थी, शिक्षक और माता-पिता के लिए एक विशेष दिन होता है। यह दिन विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर देता है, साथ ही विद्यालय के पूरे वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव मनाने का अवसर भी होता है। यह दिन छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और टीमवर्क को प्रोत्साहित करने का एक सर्वोतम माध्यम है। शिक्षकों एवं बच्चों ने अपना योगदान दिया। मोटिवेशन स्पीकर ने अभिभाकों को प्रेरित किया। अपनी आकांक्षाओं को अपने बच्चों पूरा कराने का दबाव न बनाएं, उनको समय दें और उन्हें प्रेरित करें न कि किसी बच्चे से उनकी तुलना करें। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बिसवा ने सभी अभिभावकों से अपील की किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो जिस से आपके बच्चे को पढ़ाई कराने में गरीबी या एडमिशन को लेकर किसी प्रकार की समस्या को लेकर मिले आपकी समस्या दूर करेगे। अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरकारी भूमि को अवैध कब्जेदारों से प्रशासन ने कब्ज़ा मुक्त कराया कब्ज़ा मुक्त जमीन पर प्रशासन कृषि कार्य करेगा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम टेडवा कलां में डिजिटल क्राप सर्वे में पाया गया कि ग्राम सभा व अन्य सरकारी जमीनों समेत कुल 1.046 हेक्टेयर जमीन पर छबीला, नसीर, खलील अहमद, मलखे, बसरुद्दीन, मोबीन, मुन्ना, तजम्मुल, इलाही बक्श, जहुरुद्दीन ने अवैध अतिक्रमण कर खेती बाड़ी कर रहे थे म जिसका संज्ञान लेकर प्रशासन व पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से सोमवार को मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को हटवाकर सरकारी भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराकर प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया है म इस दौरान नायब तहसीलदार विनोद कुमार समेत क्षेत्रीय लेखपाल व थाना बिसवां की पुलिस टीम मौजूद रही ।

# प्रदेश व्यापी अभियान चलो गांव की ओर कार्यक्रम चलाएगा रालोद: पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी

❏ 12 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह का जन्म दिवस मनाया जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव तराई जोन पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार 12 फरवरी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह का जन्म दिवस मनाया जाएगा। जन्मदिन पर कार्यकर्ता 12 फरवरी से 1 सप्ताह तक गांव-गांव जाकर स्वर्गीय प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह द्वारा किसान हित में किए गए कार्यों को एक पंफ्लेट के माध्यम से जनता को रूबरू कराएंगे। राष्ट्रीय लोक दल द्वारा फूलबेहड़ के गांव तेतारपुर में एक आयोजित बैठक में पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने कहा जिला स्तर के कार्यकर्ता गांव गांव भ्रमण करेंगे। जानकारी मुताबिक जन्मदिवस पर प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत एक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ जिसमे संगठन के कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। आपको बताते चलें कि जनपद खीरी मे राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव तराई जोन पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में परम श्रद्धेय चौधरी अजीत सिंह जन्मदिन पर आयोजित प्रदेश व्यापी अभियान चलो गांव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सभा के तेतारपुर गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम मे 12 फरवरी को केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह के जन्मदिन को मनाने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

इन लोगों की रही मौजूदगी,

आयोजित किये गये कार्यक्रम मे पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हरनाम वर्मा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शब्बीर हुसैन, विधानसभा श्रीनगर अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, जिला सचिव अजय श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम लोगो की उपस्थित रही।

## हवन पूजन, कन्या भोज व भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति

**पहला सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीतापुर जनपद के ब्लाक पहला के सलार पुर गांव में चल रही पंडित पूजा दीक्षित की श्रीमद् भागवत कथा व रासलीला की पूर्णाहुति हवन पूजन, कन्या भोज व भंडारे के साथ भक्तिभाव से संपन्न, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। पंडित पूजा दीक्षित ने हवन पूजन कर यज्ञ की पूर्णाहुति की। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं, महिलाओं और बच्चों ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर आहुतियां डाली और सुख शांति की कामना की। कथावाचिका पंडित पूजा दीक्षित ने श्री राम कथा की अमृत वर्षा करते हुए भगवान श्री राम और माता सीता जी के विवाह की कथा सुनाई कहा कि प्रभु श्री राम की मंगल कथा इस कलिकाल में समस्त दुखों को हरने वाली है, ईश्वर के यहां देर है अंधेर नही आप जो भी कर्म कर रहे हैं उसका आपको वैसा ही फल मिलेगा उन्होंने कहा कि कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फलु चाखा। इसलिए सदैव ही सत्कर्म करते हुए सन्मार्ग पर चलें। कथा व्यास ने कहा कि इस कालि काल में मनुष्य मायाजाल में फंस कर भगवत भजन को भूलकर अपनी तृष्णा को पूरी करने का अनवरत प्रयास करता है परंतु तृष्णा कभी समाप्त नहीं होती, कथावाचिका ने कहा कि आप सभी सांसारिक तृष्णा को छोड़कर प्रभु की सच्चे हृदय से आराधना करें । श्री राम कथा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील किया और उसके बाद सुंदर सुंदर झांकियों के माध्यम से भगवान शंकर माता पार्वती जी के विवाह को भी श्रोताओं को दिखाया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया।

## भाजपा सरकार में लगातार हो रहा तेजी से विकास:मंत्री आशीष पटेल

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डबल इंजन की सरकार जनता को बेहद पसंद आ रही है। जिन-जिन प्रदेशों में डबल इंजन की सरकारें काम कर रही हैं वहां तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। दिल्ली की जनता ने भी मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए भाजपा को दिल्ली में पूर्ण बहुमत दे दिया है। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व प्रदेश सरकार अनेकों जन-कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है जिनका फायदा पात्र जरूरतमंद ले रहे उक्त बातें महमूदाबाद के ठाकुरपुर में फतेहपुर मार्ग पर स्थित ऊं साईं कृपा कोल्ड स्टोर का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए प्राविधिक शिक्षा व मापबांट मंत्री आशीष पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि देश मोदी के नेतृत्व लगातार विश्व में परचम लहरा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में काफी अच्छा काम कर रही है तथा माफिया व गुंडे जमींदोज हो चुके हैं। कोल्ड स्टोर की शुरुआत हो जाने से आलू भंडारण करने वाले किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत कोल्ड स्टोर के प्रबंधक अरुण कुमार वर्मा, अशोक पटेल, पोनू पटेल क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र,डां अनिरुद्ध वर्मा, आदि ने किया। इस मौके पर अमर सिंह वर्मा, राजेंद्र वर्मा, प्रताप कुमार, हरीशन वर्मा, देशराज वर्मा, सीपी तिवारी, अतुल वर्मा, डा. अखिलेश वर्मा, दिनेश पटेल विधानसभा अध्यक्ष लहरपुर, सुरेश भार्गव, मोहन प्रसाद बारी, मोहित सिंह, आलोक वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन ओम प्रकाश वर्मा ने किया ।

# प्रतिष्ठित तेल कम्पनी में सोयाबीन तेल चोरी करने वाले तीन कर्मचारी छह लाख रुपये के साथ गिरफ्तार



एजेंसी

कानपुर। गुजैनी पुलिस ने एक प्रतिष्ठित तेल कम्पनी में सोयाबीन तेल चोरी कर बेचने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। इस वारदात को अंजाम देने वाले कम्पनी के कर्मचारी और ट्रांसपोर्ट कर्मी शामिल हैं। पुलिस ने छापेमारी कर छह लाख रुपये नकदी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी सोमवार को डीसीपी साउथ आशीष श्रीवास्तव ने दी। प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि पनकी स्थित मयूर वनस्पति के मैनेजर करुण दुबे द्वारा छह फरवरी को गुजैनी थाने में चोरी का आरोप लगाते हुए टैंकर चालक समेत तीन आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए बर्रा-आठ के रहने वाले आरोपित शिवदत्त गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज कर तेल से भरा टैंकर भी बरामद कर लिया था। साथ ही पूछताछ के दौरान आरोपित ने पुलिस को कई अहम जानकारियां भी दी थी। इसी आधार पर पुलिस ने सोमवार को कम्पनी में कार्यरत मेंटिनेश इंजीनियर ज्वाला सिंह, सुपरवाइजर चमन सिंह और टैंकर चालक दीपेन्द्र को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिरों के पास से छह लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं। इनके गिरोह के बाकी तीन सदस्यों की तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही उन्हें भी सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। पकड़े गए आरोपितों ने गुनाह कबूल करते हुए बताया कि वह लोग पनकी स्थित फैक्ट्री में बने टर्मिनल यार्ड के अंदर छेद बनाकर चोरी करते हुए 25 मीट्रिक टन तेल चुराकर बाजार में बेचने का प्लान था।

## जालौन में इंटर के छात्र ने खुद को मारी गोली, मौके पर हुई मौत

**जालौन।** जालौन जिले में इंटर के छात्र ने अवैध तमंचे से खुद को गोली मार ली। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसने इस घटना को अंजाम तब दिया जब घर के लोग बाहर थे। घटना की सूचना पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मृतक युवक केशव के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और खुदकुशी की वजह क्या रही पुलिस इसकी भी छानबीन कर रही है। पूरा मामला रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम लहूदी का है। जहां 20 वर्षीय रंजीत पाल ने घर में रखे अवैध तमंचे से सिर में गोली मार ली। रंजीत के पिता मुन्नालाल पाल खेतों पर काम करने के लिए चले गए थे, जबकि रंजीत छत पर धूप में सोने चला गया था और उसकी मां काम से निकल गई थी। जब रंजीत शाम को करीब तीन बजे सोकर जागा, तो उसने गोली मार ली। पड़ोसियों ने गोली की आवाज सुनी और तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने रंजीत को लहूलुहान हालत में देखा। पड़ोसियों ने रंजीत के पिता को सूचना दी, लेकिन जब वे मौके पर पहुंचे, तो रंजीत की मौत हो चुकी थी।इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और सीओ रामसिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की।


# अलग-अलग मामले में फरार वारंटी हैदराबाद पुलिस की गिरफ्त में




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के संनिकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्ग दर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना हैदराबाद शिवा जी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम ने डीपी एक्ट मामले में वारंटी पंकज कुमार पुत्र रामऔतार, निवासी ग्राम घुग्घुलपुर थाना हैदराबाद, शराब मामले में फरार वारंटी राम प्रसाद पुत्र भिखारी ग्राम उदयपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में वारंटियों को हिरासत में लेने वाली पुलिस टीम मे निरीक्षक सतीश चन्द्र,उप निरीक्षक हेमन्त कटियार, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, कान्स्टेबल राकेश वर्मा शामिल रहे।

## महा शिवरात्रि से पहले शिव मंदिर का पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने लिया जायजा, परखी व्यवस्थाएं



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गोला प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालि का,पर्यटन विभाग जेई विवेक बाजपेयी एवं पालिका स्टाफ के साथ स्थलीय निरीक्षण कर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पर्यटन विभाग के जेई से कहा तीर्थ सरोवर का मलवा महाशिवरात्रि से पहले निकलवा दें जिससे तीर्थ में श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ जल भरा जा सके साथ ही मंदिर जाने वाला मार्ग जल्द समतल हो और अधीनस्थों को निर्देश देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मंदिर जाने वाले मार्गों पर वैरीकेटिंग लगाई जाए ,प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की जाए तथा सुरक्षा दृष्टि के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए नगरपालिका कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर एस आई संदीप वर्मा,बडे बाबू अमित श्रीवास्तव,जेई अनिल यादव, मोहित अवस्थी, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी, सहित गोला पुलिस व पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

## सीमेंट लादकर जा रहे ट्रक का संतुलन बिगड़ा, चालक की हुई मौत

**जालौन।** झांसी-कानपुर हाईवे पर सोमवार की सुबह एक घटना घटी। यहां पर ट्रक को सीमेंट से लोड करके चालक कानपुर की तरफ जा रहा था, इस दौरान ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। इस घबराहट में चालक उससे बाहर निकला तो अज्ञात वाहन ने इसे टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के न्यामतपुर गांव निवासी प्रमोद उर्फ पप्पू (29) एक ट्रक चालक था, जो सोमवार की सुबह करीब चार बजे झांसी से कानपुर के लिए सीमेंट लादकर रवाना हुआ। जैसे ही ट्रक झांसी कानपुर हाइवे स्थित बड़ागांव के पास पहुंचा,।

# कृषि को वैज्ञानिकता से जुड़ाव जरूरी :डॉ सिराज वजीह

- समिति ने विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया सम्मानित
- पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति का पांचवा अधिवेशन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर । देश की कृषि व्यवस्था को वैज्ञानिकता से जोड़कर उसे आर्थिक समृद्धि के साथ ही देश की समृद्धि का आधार बनाया जा सकता है। इसके लिए जागरूकता तथा शिक्षा की आवश्यकता है। यह कहना है महात्मा गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ सिराज वजीह का। डॉ वजीह पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति की ओर से दुदही बाजार में आयोजित कृषि एवं ग्रामीण विकास की चुनौतियां एंव शैक्षणिक विकास गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र, जहाँ देश की लगभग दो-तिहाई आबादी निवास करती है, जीवन स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के मामले में महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों से गुज़र रहे हैं। विशिष्ट अतिथि अलका त्रिपाठी लखनऊ ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित तथा उसके सापेक्ष कर्म ही सफलता सुनिश्चित करती है। वक्ताओं में पूर्व जज राजिन्दन राय ने कार्यक्रम की महत्ता, शम्भू राय ने कृषि की जीवन में उपयोगिता, हरगोविंद मिश्रा ने पशुपालन तथा अनिता राय ने केले की खेती से बनने वाले विभिन्न उत्पाद उनकी वैज्ञानिक उपयोगिता पर अपने विचार रखे। राधेश्याम शुक्ला , अभिमन्यु प्रसाद, अरूणेंद्र राय, प्रहलाद केशरी आदि ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक मथुरा राय ने कृषि को आधुनिक बनाने , पढ़े लिखे लोगो को खेती से जुड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें ई. विनय कुमार त्रिपाठी, सेवानिवृत अधिशासी अभियंता को उनकी दूरदर्शी, सर्मपित एवं सहभागी जीवनशैली के लिए संस्था के षष्टम ''राजदेव सिंह स्मृति दूरदर्शिता सम्मान ,प्रोफ़ेसर (डॉ0) शैल पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य, दयानंद एंग्लो वैदिक डी ए वीं स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर को विज्ञान, शोध एवं शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था के षष्टम ''मौलश्री देवी गंगा गौरवी सम्मान , सुरेन्द्र सिंह, ग्राम मठियां माफ़ी (डकही), दुदही, कुशीनगर को ग्रामीण शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान एवं अन्य सामाजिक कामों में सक्रीय भागीदारी तथा नेतृत्व प्रदान करने के लिए संस्था के षष्टम ''विक्रम सिंह कर्मठता सम्मान, आसमा परवीन, निवासी पिपरा मुस्तकिल को जनकल्याण एवं स्वच्छता-शिक्षा के लिए संस्था के षष्टम ''पृथ्वीपुर तेजस्विता सम्मान,रजनीश राय निवासी लतवा मुरलीधर, को ग्रामीण सामाजिक सरोकार, नवाचार एवं समावेशी पत्रकारिता के विश्वसनीय समाचारों के लिए संस्था के चतुर्थ ''ग्रामीण पत्रकारिता सम्मान,राम प्रसाद यादव, निवासी मठही खुर्द, कठवरवा, रामकोला, (कुशीनगर) को विज्ञान शिक्षण के लिए संस्था के प्रथम ''प्रोफ़ेसर रवीन्द्र प्रताप राव विज्ञान सम्मान ,अजीम आलम, निवासी दुदही, कुशीनगर को मुसहर. बेटियों और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढाई में सहयोग एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए संस्था के द्वितीय ''सतीश डालमिया स्मृति सम्मान दिया गया।इसके साथ ही बीस छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ाई के लिये तीन तीन हजार का भागीदारी फ़ेलोशिप भी दिया गया। संचालन डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रो राणा प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में अविनाश चन्द्र जायसवाल, (पत्रकार) उपेन्द्र प्रताप राय की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# पुलिस अभिरक्षा में आरोपी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी**



जौनपुर। पुलिस कस्टडी में एक युवक को कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खिलाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। सुरेरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर पट्टीकीरत राय गांव के शमसेज सिद्दीकी (35) ने थाना में तैनात एक उप निरीक्षक पर यह आरोप लगाया है। हालांकि कुछ ही देर बाद उसने अपना बयान बदल लिया। सोमवार सुबह करीब 09 बजे वारंट के आधार पर पुलिस ने शमसेज को हिरासत में लिया था। कुछ समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि जिला अस्पताल में पीड़ित ने अपना बयान बदलते हुए कहा कि उसे पेट में बदहजमी की शिकायत थी और पुलिस ने कोई जहरीला पदार्थ नहीं खिलाया। इस मामले में डॉक्टर शतेंद्र कुमार का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। युवक में जहरीले पदार्थ के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं और उसकी हालत सामान्य है। थाना अध्यक्ष सुरेरी सुनील कुमार वर्मा ने भी जहर देने की बात से इनकार किया है। वहीं, पीड़ित के परिजन आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस हिरासत में उनके बेटे की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे जल्दबाजी में अस्पताल ले गई। फिलहाल मामले की जांच की जारी है।

# स्मार्ट शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन

- वार्षिकोत्सव में हुआ सम्मान
- लीलावती देवी कालेज सेवरही में आयोजित हुआ समारोह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




राजापाकड़/कुशीनगर। सेवरही कस्बे के केपीनगर स्थित लीलावती देवी साइंस इंटरमीडिएट कालेज में सोमवार को वार्षिक सम्मान समारोह के साथ स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन हुआ।विद्यालय में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बोर्ड के परीक्षार्थियों के सम्मान के साथ वीरता सम्मान भी दिया गया।सम्मान समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य,संगीत और नाटक की प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ असीम कुमार ने शैक्षणिक गतिविधि को स्मार्ट बनाने के उद्देश्य से विधायक निधि से नवनिर्मित स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन किया।विदाई और वार्षिकोत्सव समारोह के साथ स्मार्ट क्लासरूम के उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विदाई जुदाई नहीं बल्कि आगे अच्छी यादों के साथ भविष्य निर्माण का एक रास्ता है।स्वास्थ्य,सड़क,शिक्षा,सुरक्षा का जिक्र करते हुए विधायक ने लारेंस हेनरी के कथन अनुशासन ही नियति,आत्मनियंत्रण एक शक्ति है का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा के लिए प्रेरित किया।मानव संपदा पर बात करते हुए विद्यार्थियों को चरित्रवान नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक पंडित नंदकिशोर मिश्र ने विद्यार्थियों को भविष्य की शुभकामनाएं दी। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र ने कहा कि आगे बढ़ना है तो पढ़ना पड़ेगा।आज चार घंटे पढ़ने से पीछे हटने वाले को कल 14 घंटे परिश्रम करना पड़ेगा।पढ़ाई एक ऐसी संपत्ति है जिसमें हिस्सा नहीं लगता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के आराधना मां वीणावादिनि कार्यक्रम से शुरू हुआ।बाद में संगीत में प्रियांशु,आदित्य द्वारा आरंभ है प्रचंड,राम सिया राम,मेरा मुल्क मेरा देश,मां ओ मां,ये तो सच है कि भगवान है की मनोहारी प्रस्तुति कर उपस्थित समूह से वाहवाही बटोरी। अंशिका, रोहित, गूंजा ठाकुर, आकांक्षा आदि छात्र छात्राओं ने चक दुम दुम,चटक मटक,गेंदा फूल आदि नृत्य की प्रस्तुति कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।नशा विरोधी,अनपढ़ नेता,करवा चौथ,स्कूल लाइफ ड्रामा नाटक की प्रस्तुति कर छात्र छात्राओं ने समाज में संदेश देने का प्रयास किया।संचालन विनोद कुमार चौबे ने किया।विद्यालय के प्रबंधक नंदलाल त्रिपाठी ने विद्यालय में बच्चों के प्रैक्टिकल लैब के लिए प्रस्ताव रखा।इस अवसर पर प्रियंका मिश्र,ज्योति मिश्रा, ब्रजेश कुमार,विनय कुमार, आलोक शाही,गोविंद मिश्रा, राजकुमार,आदित्य यादव,संजीव सिंह,विनोद चौबे, सोहराब आलम,सुमित्रा गुप्ता,हैप्पी सिंह,शालू पटेल आदि मौजूद रहे।

# पेनाल्टी शूटआउट में हथुआ को 3-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंची गोपालगंज की टीम

- 46 वीं आल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता
- आज मेजबान संजय क्लब व मऊ के बीच होगा दूसरा क्वार्टर फाइनल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा खेल मैदान में संजय सपोर्टिंग क्लब बरवाराजापाकड़ के तत्वावधान में आयोजित 46 वें आल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल में गोपालगंज ने हथुआ की टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया। सोमवार को सनराइज क्लब गोपालगंज, बिहार व इलेवन स्टार क्लब हथुआ, बिहार के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों में से कोई टीम गोल नहीं कर सकी तो निर्णय पेनाल्टी शूटआउट के जरिए हुआ। इसमें गोपालगंज के खिलाड़ियों ने तीन गोल दागे जबकि हथुआ के खिलाड़ी एक गोल ही कर सके। इस प्रकार गोपालगंज की टीम ने 3-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि व्यवसायी रजनीश राय विशिष्ट अतिथि ईंट व्यवसायी नुरुल हसन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। रेफरी खुर्शेद आलम, लाइनमैन ज्ञान प्रकाश चौहान व प्रभात मिश्र ने मैच संपन्न कराया। प्रिंस शुक्ल ने उद्घोषणा की। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष व प्रधान मुन्नीलाल गोंड, प्रधानगण अशोक पाल, सिकंदर शर्मा, श्यामानंद कुशवाहा, महमूद अंसारी, नंदकिशोर कुशवाहा, ओमप्रकाश उर्फ भुआल गोंड, रमाकांत पांडेय, सच्चिदानंद महंथ, राजेंद्र सोखा, मंशी अंसारी, लाल पहाड़ी, चंदन पासवान, मंगरु चौहान, राजीनंद, ऐनुल्लाह अंसारी आदि मौजूद रहे।

# शराब ठेका पर तोड़फोड़ करने में 25 अधिक महिलाओं पर मुकदमा दर्ज



**एजेंसी**

हमीरपुर। पढ़ोरी गांव में शराब के नशे में युवक ने आत्महत्या की थी। इसके बाद गांव की सैकड़ों महिलाओं ने एकजुट होकर शराब ठेका पर तोड़फोड़ और बंद करने की चेतावनी दी थी। ठेका संचालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को घटना में शामिल सैकड़ों महिलाओं में कई महिलाओं को नामित करते हुए 25 से 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के पढ़ोरी गांव के मजरा नई दिल्ली एवं बजरंगी पुरवा की सैकड़ों महिलाओं ने रविवार सुबह देशी शराब के ठेका पर तोड़फोड़ कर ठेका को बंद करने की चेतावनी दी थी। शराब ठेका पर तोड़फोड़ करने वाली सैकड़ों महिलाओं ने वहां रखे फर्नीचर, 65 पेटी शराब की पेटियां, आवश्यक दस्तावेजों आदि को पूर्णतया नष्ट कर दिया था । सड़क जाम कर आवागमन बाधित किया था। इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझा-बुझाकर आवागमन सुचारू रूप से खुलवाया था। ठेका संचालक पुष्पेन्द्र पाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में शामिल महिलाओं में संता पत्नी बदलू, संतोषी पत्नी हरीशंकर को नामित करते हुए अज्ञात 25-30 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि ठेका संचालक की तहरीर पर नामित महिलाओं सहित अज्ञात कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज ।

# छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित वृद्धि के लिए प्रयोग करें शिक्षण संदर्शिका

- एआरपी ने किया कंपोजिट विद्यालय में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण
- 17 फरवरी से 25 फरवरी तक होने वाले निपुण आकलन टेस्ट के लिए मनोयोग से जुटे शिक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



राजापाकड़/कुशीनगर। शिक्षण संदर्शिका शिक्षकों के मार्गदर्शन हेतु है। इसमें प्रत्येक पाठ का उद्देश्य एवं बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को ध्यान में रखकर किए जाने वाले क्रिया-कलापों की चर्चा की गयी है। संदर्शिका से शिक्षण कार्य करने पर पाठ योजना बनाने की आवश्यकता नहीं होती। यह बातें दुदही के अंग्रेजी विषय के एआरपी अजय प्रताप कुंवर ने कही। वह सोमवार को दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत रकबा दुलमापट्टी स्थित कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में प्राथमिक कक्षाओं में अंग्रेजी विषय का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निपुण लक्ष्य एप से नियमित आंकलन करने, नियमित रूप से निपुण तालिका भरने व साप्ताहिक आंकलन कर कमजोर छात्रों को उपचारात्मक शिक्षण देने से छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित वृद्धि होती है। बताया कि आगामी 17 फरवरी से 25 फरवरी तक होने वाले निपुण आकलन टेस्ट को सफल बनाने हेतु मनोयोग से जुट जाएं। उन्होंने शिक्षकों को पाठ योजना बनाने व शिक्षक डायरी भरने की जानकारी दी। इस दौरान नन्हे प्रसाद, ब्रजेश सिंह, नीतू यादव, अनीता कुशवाहा, अनूप, निर्मला, खुशी आदि छात्र मौजूद रहे।

## साइबर टीम ने पीड़ित के 5 लाख से अधिक रुपये वापस कराए

**फिरोजाबाद।** साइबर अपराध पुलिस टीम ने सोमवार को साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ित को उसके पांच लाख से अधिक रुपये वापस दिलाए हैं। थाना रसूलपुर क्षेत्र के नलकूप कॉलोनी आसफाबाद निवासी सतीश चन्द्र राठौर के साथ 12 जुलाई 2024 को अज्ञात साइबर ठगों ने ठगी करके पांच लाख 11 हजार दो सौ रुपये ठग लिये थे। पीड़ित ने इसकी साइबर अपराध थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर अपराध की टीम ने समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंकों को पत्राचार किया और फलस्वरूप पीड़ित की सारी रकम सकुशल वापस कराए हैं। अपने पैसे पाकर पीड़ित ने एसएसपी और थाना साइबर टीम का आभार प्रकट किया है।

## नीम के पेड़ से लटककर युवक ने दी जान

**जालौन।** चुर्खी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। सोमवार की सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम बिनौरा वैद्य में रवि कुमार गुप्ता के पुत्र शिवम कुमार(22) ने गांव के बाहर खेत में एक नीम के पेड़ में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। चाचा बृजेंद्र कुमार ने बताया की रविवार की रात शिवम अपनी बाइक से खेत की तरफ गया और वापस नहीं लौटा। उसकी तलाश की गई तो सोमवार की सुबह गांव के बाहर खेत पर नीम के पेड़ से शिवम का शव लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची चुर्खी थाना पुलिस ने जांच की। थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि परिजनों से पूछताछ पर चाचा बृजेंद्र ने बताया कि दो भाइयों के बीच शिवम इकलौता पुत्र था। वह हम लोगों के साथ व्यापार में सहयोग करता था। उसने फांसी क्यों लगाई, इस बात की कोई भी जानकारी किसी को नहीं है।

## महाकुंभ से ओडिशा जा रही कार व बस में टक्कर, एक की मौत, 6घायल

**सोनभद्र।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार गांव के पास प्रयागराज कुंभ से राउरकेला ओड़िशा अपने घर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार की बस से भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में ओडिशा के एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि ओडिशा के राउरकेला जिला निवासी सात श्रद्धालु महाकुंभ से वापस अपने घर लौट रहे थे। सोमवार की दोपहर कार जैसे ही विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार के पास पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रही बस से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में कार चला रहे 34 वर्षीय रक्तिम पुजारी पुत्र निमाई चरण पुजारी निवासी राऊरकेला उड़ीसा की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भिजवाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टर ने बताया कि दो लोग 26 वर्षीय प्रियदर्शिनी पात्रा पत्नी रक्तिम और 2 वर्षीय युवंशी पुजारी पुत्री रक्तिम पुजारी को हल्की चोट आयी है । उनका इलाज यहीं हो रहा है और गंभीर रूप से घायल चार लोग 52 वनिता सत्यपति पत्नी नरेंद्र राम सत्यपति, 60 वर्षीय कविता पांडा पत्नी निमाई चरण, 55 वर्षीय नरेंद्र नाथ सत्यपति पुत्र विश्वनाथ सत्यपति और 55 वर्षीय अनिता सवाई पत्नी अमन सवाई निवासी राउर केला कोयल नगर ओडिशा को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम कार्यवाही कर रही है।


## डीएसए मुरादाबाद ब्लू व क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की टीमें जीतीं

**मुरादाबाद।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद एवं अवस्थी मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में छठे दिन अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट जारी रहा। उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता ने बताया कि आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के मैदान पर आयोजित टूर्नामेंट में ग्रुप बी के आज दो मुक़ाबले खेले गये। पहले मुक़ाबले में डीएसए मुरादाबाद ब्लू व दूसरे मैच में क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ ने जीत हासिल की। विजय गुप्ता ने आगे बताया कि पहला मैच डीएसए मुरादाबाद और कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के बीच हुआ, जिसमें कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 127 रन बनाए। टीम के लिए शुभम चौधरी ने 64 व दीपांशु सिंह ने 24 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएसए मुरादाबाद ब्लू ने 17.1 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच प्रियांशु गौतम को चुना गया। दूसरा मुक़ाबला क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ और ज़िला क्रिकेट एसोसिएशन लखीमपुर खीरी के बीच खेला गया।

# अयोध्या कांड ने प्रभु राम को जन जन बिहारी राम बनाया : अंकुश महाराज

- श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) कसया पर श्रीराम महयज्ञ का आठवां दिन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में पंद्रहवें वर्ष दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के सातवें दिन रविवार की रात अयोध्या धाम से आये कलाकारों ने श्रीरामलीला के अंतर्गत प्रभु राम व माता जानकी के विवाह की कथा का सजीव मंचन किया। वहीं आठवें दिन सोमवार को दोपहर में वृंदावन से आये कथा वाचक अंकुश महाराज ने श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए अयोध्या कांड में प्रवेश किया और कहा कि इसमें प्रभु राम और माता जानकी के चरित्र का उत्कर्ष है। अयोध्या कांड ने ही प्रभु राम को जन जन बिहारी राम बनाया। कथा वाचक ने कहा कि दशरथ जी ने देखा उनके बाल सफ़ेद हो रहे और फिर उन्होंने प्रभु राम के राज्याभिषेक की घोषणा की। सफ़ेद होते बालों के माध्यम से कथा वाचक ने संदेश दिया कि जैसे जैसे उम्र के अनुसार बालों ने अपनी कालिमा छोड़ दी वैसे ही मानव को अपने हृदय की कालिमा, कपट, लोभ, मोह, दम्भ त्याग कर श्वेत व निर्मल होना चाहिए। कथा का प्रारम्भ यजमान नगर पालिका परिषद कुशीनगर की ईओ अंकिता शुक्ला द्वारा व्यास पीठ के पूजन से हुआ। इस दौरान आचार्य रामजी पांडेय के देख रेख में श्रीराम महायज्ञ एवं अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा अखंड श्रीसीताराम नाम संकीर्तन चलता रहा। यज्ञ मंडप की परिक्रमा हेतु प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर महंत त्रिभुवन शरण दास, व्यवस्थापक देव नारायण शरण, विष्णु शरण, परशुराम दास, पंडित कन्हैया मिश्र, राघवेंद्र तिवारी, श्रवण त्रिपाठी, डॉ0 अशोक चौरसिया, रमाशंकर कुशवाहा, अनिल शुक्ल, कुश कुमार, कार्तिक राय, संजय पांडेय, अजय श्रीवास्तव, दिनेश अग्रवाल, ईश्वर प्रसाद जायसवाल, प्रेम प्रकाश गुप्ता, हिमांशु त्रिपाठी, अनिल यादव, जय प्रकाश पाठक, शशि त्रिपाठी, आलोक श्रीवास्तव, धनंजय तिवारी, काशीनाथ सिंह, घनश्याम जायसवाल, अनिरुद्ध यादव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, मणि प्रकाश यादव, निशांत सिंह, शिवम राय, ममता कश्यप, मिथिलेश सिंह, विवेक पाल, सुरेश गुप्ता, आदित्य गौड़, राज यादव, मंटू मद्देशिया, दिव्यांशु श्रीवास्तव, दीपू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली से बिहार जाने वाली ट्रेनों की सवारियों के चोरी करता था मोबाइल व पर्स, गिरफ्तार




**एजेंसी**

गाजियाबाद। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ़्तार किया है जो दिल्ली से लेकर बिहार तक रेल गड़ियों में चलता था तथा मौका मिलते ही सवारियों के मोबाइल फोन व पर्स चोरी करता था। उसके कब्जे से 21 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनियों के, 01 लैपटॉप, 02 ईयर फोन, 01 बैग, 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 01 जोडी पायल सफ़ेद धातु, 04 बिच्छिया सफ़ेद धातु, 01 लाल धागे में सफ़ेद धातु का चांद, 01 पेन ड्राइव 32 जीबी, 04 एटीएम कार्ड, 01 ड्राईविंग लाईसेंस, 02 वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए हैं। आरोपी का नाम कृष्ण मोहन राय है जो लक्ष्मी गार्डन, इन्द्रापुरी लोनी थाना लोनी बोर्डर का निवासी हैं। वह मूल रूप से ग्राम दसौल थाना हथोडी जिला समस्तीपुर सिन्धिया बिहार का है।। उसे चौकी क्षेत्र लालबाग से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि मैं बिहार का रहने वाला हूं। इसलिये बिहार तक ट्रेन व बस में सफर करता हूं तथा घर आते-जाते समय ट्रेन व बसों में मौका पाकर सवारियों के मोबाईल फोन व पर्स चोरी कर लेता हूं। । ये सभी सामान व मोबाईल भी मैने इसी तरह से अलग-अलग ट्रेनों व बसों से चोरी किये हैं।मेरे इसमे केवल दो मोबाईल है । मैं इन्ही चोरी के मोबाईल व अन्य चीजों को बेचकर अपने शौक पूरे करता हूं । मैं लाल बाग में इन चोरी के मोबाईल व सामान को चलते-फिरते लोगों को बेचने की कोशिश कर रहा था कि आपने मुझे पकड़ लिया । थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज ।

आल इण्डिया फुटबॉल प्रतियोगिता 2025
आयोजक
प्रधान प्रतिनिधि
मुन्नी लाल
प्रसाद


# एसपी ने सुनी जन समस्याएं, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने प्रतिदिन की भांति सोमवार को भी पुलिस कार्यालय में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए।पुलिस अधी क्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई।इस दौ रान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों जनसामा न्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उन की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए,जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के स म्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल,निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तार ण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने से सम्बन्धी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ि त,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से इत नी दूर पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो,साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# दिनदहाड़े मुर्गा काटने वाले व्यक्ति ने चाकू से किया हमला, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े ही एक मुर्गा काटने वाले व्यक्ति ने अपने पडोसी मोटर साइ किल बनाने वाले मैकेनिक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया जिससे मोटरसाइकिल मैकेनिक की मुर्गा काटने वाले ने हत्या कर दी।मोटरसाइकिल बनाने वाले मैकेनिक का कसूर सिर्फ इतना था कि उस ने दुकान के सामने कच रा फेंकने से मना किया था।इससे नाराज चिकन कारोबारी ने मुर्गा काटने वाले चाकू से मोटरसाइकिल बनाने वाले मै केनिक के पेट और सीने पर सात वार किए।अपने पिता को बचाने आए बेटे पर चिकन मुर्गा काटने वाले कारोबारी ने बचाने आए उसके बेटे पर भी चाकू से हमला कर दिया। दोनों बाप-बेटे वहीं गिर गए।आसपास के लोग हॉस्पिटल लेकर



पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दि या।घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के गोंडा बहराइच रोड जान कीनगर का है।वही चिकन मुर्गा कारोबारी रोज कचरा मैके निक की दुकान के सामने कूड़ा फेंकता था,जिसका मैकेनि क विरोध करता था।सोमवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे मै केनिक ने चिकन मुर्गा व्यापारी को कचरा फैलाने से मना किया तो इस पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया।वही जान कीनगर निवासी राहत अली ने बताया- उनके मोहल्ले में मोहम्मद यासीन (50) की बाइक रिपेयरिंग की दुकान है।दुकान के बगल आरोपी सुल्तान की चिकन मुर्गे काटने की दुकान है।मोहम्मद यासीन सोमवार सुबह नौ बजे दुकान खोलने पहुंचा देखा तो दुकान के सामने गंदगी थी।उसने इसका विरोध जताया।इस पर सुल्तान और यासीन के बीच झगड़ा हो गया।सुल्तान ने मुर्गा काटने वाला चाकू यासीन के पेट में चाकू घोंप दिया।पिता को बचाने आए बेटे दानि श पर आरोपी ने हमला कर दिया।बाप-बेटे को आसपास के लोग तुरंत जिला हॉस्पिटल लेकर गए।जहां डॉक्टर ने इया र को मृत घोषित कर दिया।वही पूरी घटना की जान कारी मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इसकी जानकारी नगर कोत वाली पुलिस को दी।नगर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी हैं।वही मृतक यासीन के बेटे दानिश ने बताया- सुल्तान की मेरे पिता से दुकान के साम ने कचरा फेंकने को लेकर बहस हो रही थी,इतने में ही सुल्तान ने मेरे पापा को चाकू मार दिया हैं।

### पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी

नगर कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों दुकानदारों के बीच कूड़ा फेंकने को लेकर लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था।सोमवार को सुबह इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। मृतक यासीन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पीड़ितों के चेहरों पर मुस्कान ला रहा साइबर सेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के मार्गदर्शन में जनपदीय साइबर सेल टीम द्वारा पीड़ितों के फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक,इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि 1,24,955 एक लाख चौबीस हजार नौ सौ पचपन रूपये पीड़ितों के खाते में वापस करायी गयी।आवेदिका श्रद्धा गुप्ता शिवपुरी कालोनी कोतवाली नगर जनपद के साथ अस्सी हजार रूपये,जितेन्द्र कुमार पुत्र रामगोपाल सिविल लाइन कोतवाली नगर के साथ 18,हजार रूपये,इमरान कुरैशी कोतवाली देहात के साथ पांच हजार रूपये,संदीप कुमार मोर्या थाना



कटराबाजार के साथ छह हजार रूपये,शिवशंकर सोनकर के साथ 25,हजार रूपये व आवेदक अजय प्रताप श्रीवास्तव के के साथ 62,हजार 955 रूपये की साइबर ठगी हुई थी। साइबर फ्रॉड के उपरान्त पीड़ितों द्वारा इसकी शिकायत जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक के समक्ष की गयी थी।जिस पर साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बंधित बैंक इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ितों के एक लाख,चौबीस हजार नव सौ पचपन रुपये की धनराशि वापस करायी गयी।पीड़ितों द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक व साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया हैं।




### धोखाधड़ी से बचने के लिए डायल करें 1930

वही साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये,सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधि यों द्वारा धन निकाल लिया जाता है।धन निकलने के उपरा न्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है।लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है।किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल,ओटीपी,बायो मैट्रिक डेटा,पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं सा इबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ। वही ऑनलाइन लेन–देन में सावधानी बरतें,किसी भी अन जान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल,ओटीपी,बायोमैट्रि क डेटा,पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सा झा न करें।अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें। अपने डिवाइ स को सुरक्षित रखें।ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइ ट्स का उपयोग करें।पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें। ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें। ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें।

# जिले में चल रहे मानक विहीन नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में इन दिनों धड़ल्ले से अवैध नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं।विभागीय मिली भग त से इन अवैध केंद्रों की संख्या हर रोज बढ़ती जा रही है। इन अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों व तीमारदारों का शो षण किया जाता है।जिला मुख्यालय से लेकर तहसील क्षे त्र सहित आस-पास के गांवों व कस्बो में दर्जनो से अधिक नर्सिंग होम संचालित है।ज्यादातर अस्पताल निर्धारित मा नकों की अनदेखी कर चलाए जा रहे है।विभागीय जिम्मेदा रों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते अस्पताल संचालक ग्रा मीण क्षेत्र की जनता का आर्थिक शोषण कर रहे है।सूत्रों की माने तो जिले में कई अस्पताल बगैर पंजीकरण के ही बेरोक टोक चल रहे हैं।यही नहीं अवैध अस्पतालों में प्रशि क्षित कर्मी है और न ही मूलभूत संसाधन हैं।नर्सिंग होम में




फर्जी डॉक्टरों द्वारा बड़े बड़े बैनर लगाकर इलाज के नाम पर मरीजों से जमकर धन उगाही की जा रही है।सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।अल्ट्रासाउंड केंद्रों में भी फर्जीवाड़ा यही हाल अल्ट्रासाउंड केंद्रों का भी है।इन तथाकथित केंद्रों पर या तो टेक्नीशियन के सहारे कार्य किया जा रहा है या फिर झोलाछाप लोग मरीजों की रिपोर्ट तैयार करते है।पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउं ड केंद्रों के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। लेकिन,क्षेत्र में खुले सेंटरों पर नियमों खुला मजाक उड़ाया जा रहा है। लाभ कमाना है मूल उद्देश्य क्षेत्र के अधिकतर निजी अस्प तालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों का मूल उद्देश्य अत्यधिक ला भ कमाना है।इसके लिए मरीजों व तीमारदारों का दोहन करते हैं।सूत्रों की मानें तो इसके लिए निजी अस्पताल संचालकों द्वारा एक बड़े ठग गिरोह को कायम कर रखा गया है।इसमें महिला व पुरुष शामिल हैं।विशेषकर सरका री अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को बहला-फुसला कर निजी अस्पताल में पहुंचाया जाता है। जहां इसके बदले उन्हें तयशुदा रकम दी जाती है।

# हल्दी की खेती के प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार व उत्तराखंड रवाना हुए किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



बहराइच । उप-निदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के विकासखंड मिहींपुरवा में गठित बेब राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि, प्रत्युष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान उत्पादक संगठन के 08 प्रतिनिधियों को पतंजली आयुर्वेद लि0 हरिद्वार, उत्तराखंड में हल्दी की खेती व उसकी प्रोसेसिंग आदि के प्रशिक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। कृषक उत्पादक संगठनों का माह दिसंबर में उप कृषि निदेशक बहराइच व जिलाधिकारी महोदया द्वारा पतंजली आयुर्वेद लि0 के साथ एम.ओ.यू. साझा किया गया था। विकासखंड मिहींपुरवा में बहुत बड़े स्तर पर हल्दी की खेती की जाती है और कृषकों को उचित मूल्य न मिलने के कारण यह समझौता किया गया है जिससे किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण में कृषक हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट के बारे में नए-नए तरीकों से हल्दी उत्पादन की खेती की जानकारी प्राप्त करेंगे। जिससे जनपद में हल्दी की खेती को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषकों की आय में वृद्धि होगी। प्रतिभागियों द्वारा जनपद में संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत हल्दी की प्रोसेसिंग से सम्बंधित मशीनों को अनुदान पर प्रदान करने के लिए आवेदन भी करा दिया गया है जिससे कृषकों को लोकल स्तर पर ही हल्दी की प्रोसेसिंग कर सकेंगे। इसी क्रम में इन प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार, उत्तराखंड स्थित पतंजली आयुर्वेद लि0 भेजा जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप-कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, टेक्निकल सर्पोट यूनिट (बीएमजीएफ) से आये प्रतिनिधि अरविन्द मिश्रा व एफपीओ के सीईओ व निदेशक मण्डल उपस्थित रहे।

# गोण्डा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर ई–रिक्शा और ठेले की रहती अराजकता, लोगों की छूटती ट्रेन

- एडीआरएम के दौरे पर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर साफ सफाई अवैध ठेला गायब एडीआरएम के जाते ही फिर अवैध ठेला मुख्य गेट पर.. संचालित हो रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। रेलवे स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा चालकों की अराज कता की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।जाम में फंसने की वजह से कई बार यात्रियों की गाड़ी तक छूट जाती है।गोण्डा रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव सिर्फ दो मिनट का है,इस दौरान स्टेशन गेट पर लगे जाम की वजह से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर ई-रिक्शा चालकों की बढ़ ती अराजकता अब लोगों के लिए बड़ी समस्या बनने लगी है।जगह-जगह दुकानों के आगे सड़क पर खड़े ई-रिक्शा चालक किसी भी वाहन को नहीं निकलने देते हैं।करीब सौ मीटर आसपास के क्षेत्रफल को घेरे रहते हैं।इससे लोगों को दस से पंद्रह मिनट इस रास्ते को पार करने में लगता है।जब कोई जल्दी में



ट्रेन पकड़ने के लिए वाहन से आता है तो रास्ता जाम मिलता है।जब वह ई-रिक्शा चालकों से रास्ता देने को कहते हैं तो चालक अभद्रता करने से भी न हीं चूकते हैं। मजे की बात ये है कि रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर रोजाना हजारों यात्री गुजरते हैं।इनकी सुरक्षा के लिए कोई यातायात पुलिस के कोई जवान भी तैनात नहीं हैं।न कोई चेकिंग अभियान रोजाना चलता है।जिससे इन ई-रिक्शों पर लगाम लगाई जा सके।वही सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर दो कांस्टे बल जीआरपी के और दो कांस्टेबल आरपीएफ के हमेशा अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं लेकिन गेट पर ई रिक्शा वालों का जमवाड़ा लगा रहता है कहां बैठे रहते हैं आरपी एफ और जीआरपी के जवान किसी को कुछ मालूम नहीं है।वही अवैध अतिक्रमण व बेतरतीब खड़े वाहन मुख्य गेट पर ई-रिक्शा चालक अपनी मनमानी दिखाते हैं।इस वजह से भी जाम लगने लगता है।वाहन हटाने को कहने पर कई बार झगड़ा भी हो जाता है।वहीं सूत्र बता रहें हैं कि मुख्य गेट पर एक अवैध खान पान का ठेला लगाता है जहां पर नशेड़ियों का जमवाड़ा लगता है जहां पर यात्री उसका शि कार होते हैं।वही मुख्य गेट पर दुकानों के बाहर लगा अति क्रमण भी जाम की वजह बनता है।

### ई–रिक्शा चालकोंकी अराजकता दूर होनी चाहिए

शहर निवासी कुलदीप ने बताया कि उनका कानपुर और लखनऊ आए दिन आना–जाना है।कई बार उनकी ट्रेन इस लिए छूट गई है।ई–रिक्शा चालकों ने उनकी बाइक निक लने नहीं देते हैं।आगे खड़े चालकों से जब रिक्शा हटाने के कहा जाता तो वह झगडा करने लगते हैं।वही रोहित वर्मा ने बताया कि इस मार्ग पर सिर्फ यात्री नहीं आते हैं।आगे सोनी घूमटी धानेपुर रोड पर जाने वाले यात्री भी आते हैं। यहां से गुजरने पर चालक कहीं भी ई–रिक्शा खड़ा कर देते हैं और तुरंत मोड़ देते हैं।इससे जान का भी खतरा रहता है।वही खबर प्रकाशित करने पर जीआरपी के द्वारा ट्वीट क़र बताया जाता है कि मुख्य गेट पर लगने वाला टैक्सी स्टैंड और ठेला सर्कुलेटिंग एरिया में नहीं आता है तब फिर क्यो सोमवार को एडीआरएम के दौरे के दौरान मुख्य गेट पर लगने वाला खानपान का अवैध ठेला और टैक्सियों को क्यों हटाया गया था।

# सीमावर्ती जनपदों के औद्यानिक उत्पादों से गुलज़ार होंगे विदेशी बाज़ार

- कृषकों की आय में होगी गुणात्मक वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बहराइच । भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जनपदों में फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन विषय पर रविवार को राजकीय इन्दिरा उद्यान में आयोजित अंतर्जनपदीय औद्यानिक गोष्ठी को मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात श्री दिनेश प्रताप सिंह ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक श्रावस्ती राम फ़ेरन पाण्डेय, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ फीता काटकर प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण कर मण्डल में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों को लाकार्पण किया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया।गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा ने एकीकृत बागवानी मिशन योजना पर चर्चा करते हुए फल, पुष्प, मसाला एवं सब्ज़ी क्षेत्र विस्तार, मौन पालन, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का निर्माण, फ़ेन्सिंग, शेडनेट, पाली हाउस, प्याज स्टोर, पैक हाउस जैसे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा इसके अतिरिक्त औद्यानिक क्षेत्र में उपयोग में लाए जाने वाले यन्त्र यथा-गार्डे न ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर, स्प्रे मशीन आदि पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बस्ती मण्डल के उप निदेशक उद्यान पंकज शुक्ला द्वारा द्वारा बताया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन योजना जनपद में संचालित की जायेगी। कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा के अध्यक्ष डॉ. शशिकान्त ने फलों में लगने वाली कीट व्याधियों एवं उसके निदान, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच के डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा केला व आम की खेती एवं इसके परागण से अन्य फलसों के उत्पादन वृद्धि, डॉ. नन्दन सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती एवं इससे होने वाले लाभों, डॉ. अरूण कुमार राजभर ने समन्वित कृषि प्रणाली एवं किसान उत्पादक संगठन के गठन के बारे में कृषकों को अवगत कराया। विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी ने लतावर्गीय सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि उन्हें स्वयं लौकी की खेती बढ़ा लाभ प्राप्त हुआ है। पंतजलि के विषय विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार द्वारा औषधीय खेती एवं हल्दी के उत्पादन एवं विपणन, प्रगतिशील कृषक श्रवण कुमार सिंह ने स्ट्राबेरी की खेती, श्रावस्ती के कृषक आशिफ अजीज सिद्धकी ने पॉली हाउस में स्ट्रावेरी एवं जरवेरा की खेती के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इससे इन्हे लगभग पांच लाख रूपये प्रति एकड़ का लाभ होता है। जिले के प्रगतिशील कृषक राम बरन चौधरी व लालता प्रसाद गुप्ता ने केला उत्पादन में आने वाली समस्या एवं निदान के बारे में कृषकों से चर्चा की। श्रावस्ती के कृषक रणवीर सिंह ने बताया कि भारत में उत्पादित केला नेपाल देश में ऊंची कीमत पर बिकता है। केला उत्पादकों को सीधे निर्यात की सुविधा मिलने से कृषकों को आर्थिक लाभ होगा। इस सम्बन्ध में मा. मंत्री ने आश्वस्त किया कि कृषकों के हित को दृष्टिगत रखते हुए नीति बनाने पर विचार किया जायेगा। मा. मंत्री ने उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी को यह भी निर्देश दिया कि पतंजलि के विषय विशेषज्ञ को हल्दी एवं औषधीय प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराया जाय। लखीमपुर से आये कृषक प्रशांत श्रीवास्तव ने माइक्रोइरीगेशन योजना अन्तर्गत स्थापित ड्रिप संयत्र की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए इसे कृषकों के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया। कृषक संवाद कार्यक्रम अन्तर्गत कृषक राम बरन चौधरी द्वारा केले में लगने वाले पनामा रोग, उत्पादन एवं विपणन में आने वाली समस्या पर मा. मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना हेतु 35 प्रतिशत की सब्सिडी के साथ टॉप-अप की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि नेपाल के सीमावर्ती 07 जनपदों के औद्यानिक कृषकों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन जैसी समस्याओं का समाधान किया जा सके। मा. मंत्री ने गोष्ठी में उपस्थित कृषकों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया बन्धुओं से अपेक्षा की कि कृषकों विशेषकर औद्यानिक कृषकों के समक्ष आने वाली समस्याओं से अवगत करायें ताकि तत्परता के साथ समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जनपदों में औद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने का प्रदेश सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। मा. मंत्री श्री सिंह ने सीमावर्ती जनपदों के कृषकों विशेषकर अनुसूचित जाति के कृषकों को फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलों के अधिकाधिक क्षेत्र विस्तार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इससे उन्हें दूसरी फसलों के मुकाबले अधिक लाभ होगा। श्री सिंह ने गोष्ठी में मौजूद कृषकों से आयात-निर्यात नीति बनाने हेतु सुझाव देने की अपेक्षा की, ताकि तैयार होने वाली नीति कृषकों के लिए अधिक फायदेमन्द हो। प्रगतिशील कृषक एवं शहद उत्पादक रामफ़ेर पाण्डेय द्वारा मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देन का सुझाव दिया। इस सम्बन्ध में श्री सिंह ने कहा कि सभी फसलों के परागण के लिए मधुमक्खी ही श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन के लिए पूर्व से ही योजना संचालित की जा रही है।

### दिव्यांगजनों की सहायता के लिए लगाया गया कैंप

**जौनपुर।** दिव्यांगजनों की सहायता के लिए प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। दिव्यांग बोर्ड द्वारा हर सोमवार को विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में दिव्यांगजनों को आवश्यक उपकरण और प्रमाण पत्र प्रदान किए जा रहे हैं।डॉक्टर निधि श्रीवास्तव ने बताया कि यह कैंप शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। कैंप में दिव्यांगजनों की श्रेणी के अनुसार उनकी जांच की जाती है और संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता पात्र व्यक्तियों तक आसानी से पहुंच सके। यह दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है, जहां वे एक ही स्थान पर सभी आवश्यक दस्तावेज और सहायक उपकरण प्राप्त कर सकते हैं। सरकार की इस पहल से दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। उनके जीवन में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

### जापानी तकनीक का खेती में प्रयोग कर कृषि को बनाए स्मार्ट : कुलपति

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शाकभाजी अनुभाग कल्यानपुर में जापानी एमएएएफ मॉडल फार्म प्रोजेक्ट के अंतर्गत संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल कृषि आधारित जापानी तकनीक का भारतीय खेती में समावेश करके खेती को स्मार्ट बनाकर कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ करना है। साथ ही ग्रामीण युवकों को नवीन खेती के लिए प्रोत्साहित करना ताकि गांवों में ही रोजगार का सृजन हो सके। यह जानकारी कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह द्वारा सोमवार को दी गई। विशेष सचिव कृषि ओ पी वर्मा ने बताया कि मॉडल फार्म प्रोजेक्ट की सफलता के लिए जापानी प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों के मध्य नियमित संवाद जारी रहना चाहिए। ताकि बड़ी संख्या में कृषि तकनीक को किसानों के खेतों तक पहुंचाया जा सके। कृषि वानिकी एवं मत्स्य मंत्रालय जापान सरकार के प्रतिनिधि मित्सुओ सिमाड़ा द्वारा बताया गया कि मॉडल फार्म प्रोजेक्ट के तहत कृषि आधारित जापानी कंपनी सीधे उत्तर प्रदेश में निवेश करेगी और टेक्नोलॉजी प्रदर्शन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सचिव जापान एंबेसी मसामी ओहता द्वारा बताया गया कि किसानों को जापानी तकनीक के विषय में प्रशिक्षित करके वृहद स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। मेबीऑल कंपनी जापान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ हिरोशी योशिओका द्वारा कहा गया कि आईमैक फिल्म फार्मिंग तकनीक से हाइड्रोपोनिक्स की तुलना में 75% तक पानी की बचत करके चेरी टमाटर की सफलतापूर्वक खेती की जा सकेगी। कार्यक्रम में नोडॉका सकी, फ्यूकी वाटानेब, सतोशी नेगामी, डॉ कोजी इसीकावा, अजुसा मिशिमा, डॉ सुशील यामामोतो आदि जापानी प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर टोक्यो केईकी कंपनी जापान के सतोशी नेगामी ने ऑटोस्टीयरिंग सिस्टम का प्रदर्शन करते हुए बताया कि इस सिस्टम से चालक की दक्षता बढ़ती है तथा थकान भी कम आती है।

# परिषदीय विद्यालयों में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा : बीएसए

❑ नोडल अधिकारी बैठक का अनुश्रवण कर रिपोर्ट बीएसए को सौंपेंगे

❑ प्रधानाध्यापकों को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अभिवावकों को आमंत्रित करने का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार को शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव आयोजित किया जायेगा जिसके लिये विकास खण्डवार सीडीपीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है जो कि बीईओ से समन्वय स्थापित करते हुये विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय वार्षिकोत्सन का अनुश्रवण कर अपनी रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजने का निर्देश जारी किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही अभिवावकों को प्रधानाध्यापक द्वारा आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में डीबीटी, निपुण भारत, आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मूलभुत अवस्थापना सुविधाओं की जानकारी, आउट आफ स्कूल बच्चों हेतु शारदा कार्यक्रम, विद्यालय प्रबंध समिति, विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के प्रयासों को अभिभावकों तक पहुचाने एवं जागरूक किये जाने आदि पर चर्चा की जानी है। उन्होंने बताया कि विकास खण्डों में शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव बैठक हेतु प्रत्येक एआरपी द्वारा कम से कम दो न्याय पंचायत के कुल आठ विद्यालयों में बैठकों का अनुश्रवण कर आख्या खण्ड शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी और प्रत्येक एसआरजी द्वारा कम से कम तीन ब्लाक के कुल दस विद्यालयों में बैठकों का अनुश्रवण कर आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी।खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों के साथ ब्लाक के कुल पांच विद्यालयों में बैठकों का अनुश्रवण कर आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी।प्रत्येक जिला समन्वयक द्वारा कम से कम दो ब्लाक के कुल पांच विद्यालयों में बैठकों का अनुश्रवण कर आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि अनुश्रवण की योजना इस प्रकार तैयार की जाए कि एक ही विद्यालय का अनुश्रवण दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा न किया जाय।जिला समन्वयक, सामुदायिक सहभागिता द्वारा एआरपी, एसआरजी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, की आख्या संकलित करते हुये जनपद की संकलित आख्या राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ के ई मेल पर उपलब्ध करायी जायेगी।उन्होंने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा विकास खण्ड के परिषदीय विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय एवं केजीबीवी विद्यालयों में शारदा संगोष्ठी एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव की बैठक के अनुश्रवण लिये सीडीपीओ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# बजाज हिन्दुस्थान शुगर बरखेड़ा ने जारी किया मिल बंदी का नोटिसः डीसीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बरखेड़ा चीनी मिल सम्बंधित सभी गन्ना किसानों को कैलेंडर की सभी पर्चियां जारी कर दी गयी है। किसानो के गन्ने की सुगमता पूर्वक आपूर्ति के लिए 12 पक्ष एवं 15 कालम मे कैलेंडर बनाया गया था। बरखेड़ा चीनी मिल से सम्बंधित सहकारी गन्ना समिति बीसलपुर,पूरनपुर, पीलीभीत एवं नबाबगंज ने किसानो को कैलेंडर की सभी पर्चियां जारी कर दी है। बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा 12 नवम्बर 2024 को अपने पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया था।अभी तक चीनी मिल ने 41.45 लाख कुं गन्ने की पेराई की है। पिछले पेराई सत्र मे चीनी मिल द्वारा 50.66 लाख कुं गन्ने की पेराई की थी। वर्तमान मे चीनी मिल को पेराई हेतु पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा है। मिल को प्रतिदिन पेराई के लिए 75000 कुं गन्ना चाहिए लेकिन 35000 से 40000 कुं गन्ना ही मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति मे मिल का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है। पर्याप्त इंडेंट देने के बावजूद चीनी मिल को गन्ना नहीं मिल पा रहा है। मुख्य गन्ना कैलेंडर एवं एडिशननल कैलेंडर की समस्त पर्चियां किसानो को जारी कर दी गयी हैं। सबसे पहले मुख्य कैलेंडर की उसके बाद अतिरिक्त कैलेंडर की। इस प्रकार दोनों कैलेंडर की सारी पर्चियां किसानो को जारी कर दी गयी हैं। अभी भी जिन किसानो के पास पेराई योग्य अवशेष गन्ना हैं।वह 5- 6 दिन मे मिल को गन्ने की आपूर्ति कर दे स किसानो को मिल गेट पर ही पर्ची मिल जायेगी। इसके लिये किसान को पहचान पत्र एवं एक तुली हुई पर्ची साथ लाना होगा। किसी भी असुविधा के लिये महाप्रबंधक गन्ना,सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर, पूरनपुर, पीलीभीत, नबाबगंज एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरखेड़ा, बीसलपुर ,पूरनपुर, नबाबगंज से संपर्क करे। सभी अधिकारियो को मुख्यालय पर ही रहने के निर्देश दिये है। गन्ना विकास निरीक्षकों एवं पर्वेक्षको को निर्देश दिये गए है। कि वह अपने अपने सर्किल मे भ्रमण कर किसानो से सम्पर्क कर ले। यदि किसी किसान के पास बुवाई के लिये गन्ना खड़ा है तो उससे लिखित ले लें। लेकिन यदि किसी के पास पेराई योग्य गन्ना है तो उसे चीनी मिल मे आपूर्ति करवा दें।चीनी मिल के आवंटित क्षेत्र का समस्त पेराई योग्य गन्ना समाप्त होने के बाद ही चीनी मिल को नो - केन प्रमाण पत्र जारी करे स तथा साथ ही मिल बंदी के सम्बन्ध मे व्यापक प्रचार प्रसार करें।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायत का किया मुआयना एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील पूरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत शिकायतकर्ता संजीव कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्राम कढेरचौरा गजरौला तहसील पूरनपुर व जिला पीलीभीत की आईजीआरएस की शिकायत का मौका मुआयना व स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने अवगत कराया कि शिकायतकर्ता संजीव कुमार चकरोड की पैमाइश के सम्बन्ध में शिकायत की गई।उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुये जिलाधिकारी ने तहसीलदार के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण व भौतिक सत्यापन किया गया।जिसमें ग्राम कढेरचौरा ता0 गजरौला की गाटा संख्या 38 रकवा 0.077 हे0 चकरोड है। जिसकी पूर्व में पैमाइश कराई जा चुकी है। उक्त चकरोड पर ग्राम प्रधान द्वारा मिट्टी का कार्य कराया जा चुका है। मौके पर चकरोड चल रहा है। चकरोड पर अब किसी भी प्रकार अवैध कब्जा नही है। उक्त शिकायत के निस्तारण से शिकायकर्ता संतुष्ट है। इस दौरान नायब तहसीलदार ऋषि कुमार दीक्षित,लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चोरी की बकरी बिक्री के रुपयों और तमंचा के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

❑ मोहनगंज पुलिस द्वारा पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ दर्ज हैं सोलह मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने चोरी के अभियोग में प्रकाश में आये शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से चोरी की बकरियों की बिक्री से प्राप्त साढ़े चार हजार रुपये नकद,एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना मोहनगंज के उप निरीक्षक विजय नारायण पाण्डेय थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा वांछित की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में प्रकाश में आये मोटर साइकिल सवार वांछित सददाम पुत्र इबरार उर्फ बहरू निवासी खैरहना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली उम्र करीब छब्बीस वर्ष को फूला-रस्तामऊ मार्ग से समय करीब ढाई बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा,दो जिंदा कारतूस, साढ़े चार हजार रुपया नकद, प्लास्टिक की छह रस्सियां बरामद हुई। मोटरसाइकिल टीवीएस स्टार सिटी प्लस नम्बर यूपी 33 बी वी 4347 के कागज मांगने पर दिखा नही सका।बरामद रस्सियों व रुपये के संबंध में पूछताछ करने पर गिरफ्तार युवक ने बताया कि दिनांक चार फरवरी की रात में ग्राम लोधवरिया से उसने अपने अब्बू इबरार व भाई इमरान एवं दोस्त अरबाज उर्फ सहजाद पुत्र बादशाह निवासी दिलावलगढ थाना इन्हौना जनपद अमेठी के साथ मिलकर एक बकरी व आठ बकरा चोरी किया था और भिन्न स्थानों पर कुल अड़तालिस हजार रूपये मे बेंच दिया था और बराबर बराबर रुपये आपस में बांट लिया था बरामद रुपये उसी चोरी की बकरियों की बिक्री से प्राप्त रुपये में से बचे रुपये हैं बाकी रुपये खर्च हो गये हैं। पूछताछ में आगे बताया कि दिनांक सात फरवरी की रात में चारों लोग मिलकर ग्राम पूरे पुट्टी मजरे कोंची से एक बकरा और दो बकरी चोरी किये थे। चोरी की गयी बकरियों के साथ इबरार व इमरान को आठ फरवरी को पुलिस ने पकड़ लिया था। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शातिर अपराधी को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये सदामम पुत्र इबरार उर्फ बहरू निवासी खैरहना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली एक शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी एवं रायबरेली में गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट, दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट, गैंगस्टर एक्ट आदि के अन्तर्गत विभिन्न धाराओं में कुल सोलह अभियोग पंजीकृत हैं।

# अमेठी के प्रभारी मंत्री का भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज अमेठी। प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री व अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष की अगुवाई में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज मोदी जी एवं योगी जी के कार्यों की वजह से भाजपा दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही है मिल्कीपुर एवं दिल्ली विधानसभा में प्रचंड जीत लिये सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया एवं नव नियुक्त सभी उपस्थित मण्डल अध्यक्ष को बधाई दी और कहा कि हम सभी लोग बूथ स्तर पर भाजपा के सभी पुराने वरिष्ठ व नौजवान कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को मज़बूत करेंगे और अमेठी की सभी चारों विधानसभा सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने आगे कहा कार्यकर्ता संगठन की रीड की हड्डी है। कार्यकर्ताओं के बल पर आज भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं अपितु दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को अश्वस्त करते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री के नाते मैं चौबीस घण्टे अमेठी के कार्यकर्ताओं के सुख दुख में खड़ा रहूंगा कार्यकर्ताओं का किसी प्रकार का शोषण और उत्पीड़न नहीं होने पायेगा, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत आम नागरिक तक पहुंचे इसको लेकर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही साथ कार्यकर्ताओं से भी वार्ता करते हुए उनकी समस्त समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

## पूरनपुर में मिशन शक्ति की उड़ रही हैं जमकर धज्जियां महिला के साथ मारपीट तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने नहीं की कोई कार्यवाही

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार की रहने वाली अंशु जायसवाल पुत्री अरविंद जायसवाल ने दी तहरीर में कहा कि उसके पति पवन जयसवाल से तलाक हो गया था। पीड़िता के दो नाबालिग बच्चे है। जिसमें एक पुत्री और एक पुत्र न्यायालय में तलाक के दौरान पुत्र पीड़िता को और पुत्री पवन जयसवाल के पास रहना तय हुआ था। आरोप है। कि पवन जयसवाल बहला फुसलाकर नाबालिग पुत्रों को अपने साथ ले गया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो उसके साथ गालीगलौज व मारपीट की। 6 फरवरी को पूरनपुर नगर के तिरंगा चौराहे के पास में स्थित उसके पार्लर में पवन जयसवाल,लज्जा जयसवाल,सुरेश जयसवाल ने लाठी डंडों से लैस लेकर घूस गए और महिला के साथ गालीगलौज कर पिटाई शुरू कर दी। पीड़िता का मोबाइल तोड़ दिया। पीड़िता ने कोतवाली प्रभारी नरेश त्यागी से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की ज है।जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद है। जल्द ही पीड़िता पुलिस के उच्च अधिकारियों से मिलकर शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग करेगी।

## डीएम से शिकायत के बाद सीएमओ ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापेमारी कर किया सीज

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर में अल्ट्रासाउंड सेंटर काफी तेजी से खुल रहे है। और खास बात तो यह देखी जा रही है। कि अल्ट्रासाउंड की सही रिपोर्ट भी मरीजों को नही मिल पा रही है। दरअसल यह अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर मरीजों को लाने वाले लोगों को अच्छी कमीशन दी जाती है। जिसके चलते मरीजों के अल्ट्रासाउंड सिर्फ कमीशन के लिए कराए जा रहे है।और चाहे रिपोर्ट सही हो या फिर गलत कोई फर्क नहीं पड़ता है। पूरनपुर में पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सैंटरो की बाढ़ जैसी आ गई है। जगह जगह पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड सेंटर मरीजों की जेव पर डाका डाल रहे है। तो कमीशन खोर मजे मार रहे हैं। दरअसल सोमवार को पीलीभीत सीएमओ आलोक कुमार शर्मा ने सेठ अल्ट्रासाउंड सेंटर,ग्लोबल अल्ट्रासाउंड सेंटर,बालाजी डायग्नोस्टिक सेंटर,आरोग्य अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की। इस दौरान आरोग्य अल्ट्रासाउंड सेंटर पर डाक्टर की मौजूदगी न होने पर उसको सीज कर दिया गया है।पूरनपुर में फर्जी अस्पताल व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की संख्या अधिकारियों की अनदेखी के चलते बढती जा रही हैं। घटनाएं भी लगातार घट रही है।

## सीएचसी में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया और फाइलेरिया की दवा पहले खुद खाई उसके बाद लोगों को दवाई वितरण कर जागरूक करते हुए कहा। कि इस समय मच्छरों की संख्या बड़ रही और मच्छरों के काटने से भी संक्रमण फैलता है। इसलिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग दवा जरूर खाए जिससे हाथीपांव बीमारी से खुद बचे और अपने परिवार को भी बचाए। यह अभियान दस फरवरी से शुरू होकर 25 फरवरी तक चलेगा और आशा बहू घर घर जाकर भी लोगों को फाइलेरिया की दवाई वितरण करेगी।इस मौके पर एमओआईसी मनीष राज,डॉक्टर दिव्या जॉर्ज, विश्ववीर सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा हैं।

## महिला उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई करेंगी अपर्णा यादव

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आगामी तेरह फरवरी को निर्धारित किया गया है वह निरीक्षण भवन में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई करेंगी। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव तेरह फरवरी को नौ बजे जनपद अमेठी के निरीक्षण भवन गौरीगंज पहुंचेगी तदोपरांत वृद्ध आश्रम, जिला अस्पताल, प्राथमिक विद्यालय,आंगनबाड़ी केंद्र, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों व अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण भवन में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगीं।

## ग्रामीणों ने चोरी के धान के साथ दो शातिर चोरों को पुलिस को सौंपा

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव पूरे रिसाल दार मजरे लौली में दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो युवकों को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया और जमकर पिटाई करने के पास उनको पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने ग्रह स्वामी की तहरीर पर अभियोग दर्जकर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे रिसाल दार मजरे लौली निवासी रामभीख पुत्र रामनाथ यादव ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि रविवार को दोपहर ढाई बजे मेरे दरवाजे से एक बोरी धान रोहित कुमार पुत्र दीनानाथ निवासी पूरे सूबेदार चौबे मजरे लोरीपुर थाना जामो जनपद अमेठी व विन्धा प्रसाद पुत्र राम प्रताप निवासी जिया का पुरवा मजरे जामो थाना जामो जनपद अमेठी द्वारा चोरी कर ले जा रहे थे कि मुझे जानकारी हो गई तो हम और हमारे गांव के गुरुदयाल पुत्र महादेव व दिनेश पुत्र रामबाबू तथा अनुराग मिश्रा पुत्र गुरुप्रसाद ने दौडा कर पकड लिया तथा दौडाकर पकडने के दौरान गिरने पडने व आवश्यक बल प्रयोग कर पकडने के दौरान उक्त चोरो को हल्की फुल्की चोटे आई है। ग्रह स्वामी ने उपरोक्त चोरो को चोरी किये गये धान की बोरी सहित थाने पर पहुंचा दिया है। पुलिस ने ग्रह स्वामी राम भीख की तहरीर पर अभियोग दर्जकर लिया है।

## भाजपा समर्पण दिवस के रूप में मनाएंगी पं दीन दयाल की पुण्यतिथि

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एकात्म मानवाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56 व पुण्यतिथि मंगलवार 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाएगी।यह बातें भारतीय जनता पार्टी के जिलायक्ष ड आर.ए.वर्मा ने पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित जिला पदाकिारी एवं मंडल अयक्षों की बैठक को संबोाित करते हुए कही। श्री वर्मा ने कहा कि जिले के प्रत्येक बूथ पर समर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी कार्यकर्ता अपनी समर्पण निाि नमो एप, कैश तथा चेक के मायमों से करेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया।

## भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के महामंत्री मनीष एवं नगर अयक्ष लालचंद बने

**सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। नगर अयक्ष लालचंद गुप्ता को बनाया गया तो वही महिला मोर्चा की जिला अयक्ष मिथलेश साहू को जिम्मेदारी सौंप गई। जिला महामंत्री के रूप में मनीष साहू मनोनीत किये गए। जिला अयक्ष संजय कुमार गुप्ता की अयक्षता में नगर के एक निजी आवास पर बीती देर शाम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से भारतीय तैलिक राठौर महासभा की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर जिला संरक्षक के रूप में बनवारी लाल गुप्ता, अजय साहू, ओमप्रकाश गुप्ता, राोश्याम राठौर, राम तीरथ, ड रामजी गुप्ता को बनाया गया।

# शिक्षिका को मंत्री ने पीलीभीत रत्न से किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विकास खंड पूरनपुर के कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर की प्रधानाध्यापिका निराजना शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यूपी सरकार में गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत रत्न से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें हिंदी साहित्य भारती एवं मां गंगा बचाओ समिति द्वारा दिया गया है। प्रधानाध्यापिका निराजना शर्मा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास करती चली आ रही हैं।अपने विद्यालय में तरह तरह के फूल लगा कर हरा भरा बनाया है। विद्यालय को जिला स्तरीय स्वच्छ पुरस्कार दिलाने का कार्य किया है।उनके कार्यों को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनको राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया है। शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों पुरस्कार प्राप्त करने वाली शिक्षिका को गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने भी उन्हें पीलीभीत रत्न से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया हैं। पीलीभीत रत्न पुरस्कार मिलने पर महिला शिक्षक संघ की जिला स्तरीय एव ब्लॉक स्तरीय टीम ने उनको सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# डीएम ने किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। डीएम कुमार हर्ष ने राष्ट्रीय .मि मुक्ति दिवस 10 फरवरी 2025 का शुभारम्भ पीएम0 श्री केश कुमारी, राजकीय बालिका इंटर कालेज सुलतानपुर में किया। मुख्य चिकित्सा आकािरी ड0 ओ0पी0 चौरी ने डीएम का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में डीएम ने उपस्थित छात्र/छात्राओं को एल्बेन्डाजल की दवा खिलायी। उन्होंने सभी जनपद वासियों से अपील की है कि आप सभी 01 से 19 आयु वर्ग के जनपद के समस्त बच्चों को एल्बेन्डाजल की दवा खिलाने में जन जागरूकता फैलाकर सहयोग प्रदान करें, जिससे बच्चो में खून की कमी में सुाार आये एवं पोषण के स्तर को बेहतर बनाया जा सके। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय .मि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत 1 से 06 वर्ष तथा 06 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले सभी बच्चों को आंगनबाडी केन्द्रों पर आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं आशा बहुओं के मायम से दवा खिलायी जायेगी। 06 से 19 वर्ष (कक्षा 01 से कक्षा 12) तक के सभी छात्र/छात्राओं को सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षकों के मायम से दवा खिलायी जायेगी। जनपद में राष्ट्रीय .मि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल बच्चों का लक्ष्य-1333951 है। कुल स्कूलों का लक्ष्य-3521 एवं कुल आंगनबाडी केन्द्रो का लक्ष्य- 2511 निर्ाारित है, जो बच्चे 10 फरवरी 2025 को किसी कारण वश दवा नह खा पाते हैं। तो ऐसे बच्चों को 14 फरवरी 2025 को कार्यक्रम के माप-अप राउन्ड के दौरान दवा खिलायी जायेगी। मुख्य चिकित्सा आकािरी ड ओम प्रकाश चौरी द्वारा बच्चों में .मि संक्रमण फैलने के कारण एवं लक्षण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। अपर मुख्य चिकित्सा आकािरी/नोडल आकािरी एनडीडी डा जे सी सरोज द्वारा कार्यक्रम में बच्चों को एल्बेन्डाजल की दवा खाने के तरीके- (01-02 साल आयु वर्ग के बच्चें आाी गोली 200 एमजी चूरा कर के पानी के साथ, 02-03 साल आयु वर्ग के बच्चें पूरी गोली 400 एमजी चूरा कर के पानी के साथ एवं 03-19 साल आयु वर्ग के बच्चें पूरी गोली 400 एमजी0 चबाकर पानी के साथ) के बारे में अवगत कराया।

# महाकुम्भ के चलते आवागमन को सरल बनाने के लिये रूट डायवर्जन प्रभावी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। महाकुम्भ-2025 प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में विभिन्न देशों व प्रदेशों से आकर श्रद्धालुओं द्वारा संगम पर स्नान किया जा रहा है। श्रद्धालु प्रयागराज से श्री राम मन्दिर अयोया दर्शन हेतु भी जा रहे हैं। जनपद सुलतानपुर प्रयागराज से अयोया जाने वाले मार्ग पर स्थित है, जिसके .ष्टिगत श्रद्धालुओं का आवागमन सुविााजनक बनाए रखने हेतु विभिन्न व्यवस्थाएंः- यातायात के .ष्टिगत वाहनों का रूट डायवर्जन, श्रद्धालुओं की सुविाा हेतु होल्डिंग एरिया में की गई व्यवस्था जैसे-खान पान, पेयजल, शयन हेतु विस्तर की व्यवस्था, शौंचालय, साफ-सफाई आदि के प्रबन हेतु जिलाकािरी कुमार हर्ष द्वारा सभी सम्बनित आकािरयों को निर्देश दिए गए हैं। आज ग्राम पंचायत हलियापुर, विकास खण्ड बल्दीराय होल्डिंग एरिया में लगभग 2100 श्रद्धालुओं को खान पान व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लाखीपुर, विकास खण्ड दूबेपुर, ग्राम पंचायत कूरेभार, ग्राम पंचायत मुजेस, ग्राम पंचायत पुरखीपुर, विकास खण्ड कूरेभार सहित कई अन्य स्थानों पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं की सुविाा के .ष्टिगत जिला प्रशासन, ग्राम प्राानों, स्वयं सेवी संगठनों द्वारा व्यवस्था की गयी है। जनपद में अब तक श्रद्धालुओं के विश्राम हेतु 67 होल्डिंग एरिया रहने, खाने, पेयजल व प्रसाान की व्यवस्था के साथ स्थापित किए गए हैं, जिनमें अब तक लाखों श्रद्धालुओं द्वारा विश्राम किया गया है। जिलाकािरी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में प्रयागराज से अयोया, अयोया से वाराणसी यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविाा के .ष्टिगत दिनांक 12.02.2025 (माघी पूर्णिमा) एवं दिनांक 26.02.2025 (महाशिवरात्रि) तक उक्त तिथियों के एक सप्ताह पूर्व एवं एक सप्ताह पश्चात को यान में रखते हुए 07 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 63 राजस्व कर्मियों की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। 07 रूट डायवर्जन स्थलों- पयागीपुर चौराहा, लोहरामऊ बाईपास, कटका तिराहा, कूरेभार चौराहा, पूर्वांचल बाईपास, कूरेभार मोड थाना हालियापुर, टाटिया नगर चौराहा पर शांति, सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को बनाये रखने हेतु 24ग7 थाना प्रभारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। मार्गों पर यातायात की निगरानी व यात्रियों की सुरक्षा के .ष्टिगत एकी.त पुलिस-प्रशासन कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका मोबाइल नम्बर-9454417466 है।

# रेलवे मजदूर यूनियन ने स्टेशन प्लेटफार्म पर किया विरोा प्रदर्शन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन ने आज जमकर प्रदर्शन किया। जहां पर नेशनल फेडरेशन अफ इंडियन रेलवे मेन/उत्तरी रेलवे मजदूर यूनियन के केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पूरे नर्दर्न रेलवे में प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी आवाज में सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन पर एन पी एस, फ्रिज महंगाई भत्ता एवं रनिंग एलाउंस के यात्रा भत्ता के हिसाब से मिलने वाले 25 परसेंट बढ़ोतरी न मिलने के विरोा में सुल्तानपुर के शाखा मंत्री पंकज दुबे एवं यूथ बिंग के सहायक मंडल मंत्री मुकेश कुमार के अगुवाई में लंच अवर में सुल्तानपुर स्टेशन प्लेटफार्म पर विरोा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करने वालों में इंद्रजीत कुमार संगठन मंत्री, कोषायक्ष एस पी यादव, रमेश कुमार रामविलास सियाराम चौरसिया मुराद अहमद विकास कुमार मंजीत यादव अभिषेक मौर्य अशोक आर्य र्मेंद्र कुमार अर्पित त्रिपाठी शिवम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# खेल से से जुड़ा मन

खेलना बच्चों के स्वस्थ होने की निशानी मानी जाती है। इसलिए खेलते-कूदते बच्चों को देखकर हर मां खुश होती है। खेलने से होने वाले फायदों के कारण ही आजकल माता-पिता अपने बच्चों के खेलने पर अधिक जोर देने लगे हैं। औपचारिक स्कूली शिक्षा शुरू होने के पहले यानी 'प्री-स्कूल' की पूरी अवधारणा ही बच्चों के खेल को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, ताकि वे ज्यादा से ज्यादा खेलते हुए सीख सकें। पर शायद कम ही लोगों को पता होगा कि बच्चों के खेल का उनके मानसिक स्वास्थ्य से भी संबंध होता है। कैंब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अपने शोध से यह निष्कर्ष निकाला है कि जो बच्चे 'प्री-स्कूल' की उम्र में अपने दोस्तों के साथ अच्छे से खेलना सीख लेते हैं, बड़े होने पर उनका मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही बेहतर होता है। शोधकर्ताओं ने लगभग सत्रह सौ बच्चों के व्यवहार का विश्लेषण किया। तीन वर्ष की आयु जिन बच्चों में अपने साथियों के साथ अच्छे से खेलने की क्षमता विकसित हो गई, उन बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य अगले चार साल तक बेहतर रहा। वे ज्यादा शरारतें या हुड़दंग मचाने वाले नहीं थे। ऐसे बच्चे अपने सहपाठियों से लड़ते-झगड़ते भी कम थे। साफ है कि साथी के साथ खेलने की क्षमता मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। खेल और मानसिक स्वास्थ्य के बीच यह संबंध उन बच्चों के बर्ताव में भी देखा गया, जिन्हें मानसिक बीमारियां होने की संभावना अधिक थी। जैसे बहुत गरीब घरों के बच्चे, जिन्हें ठीक से पोषण नहीं मिला हो या फिर अन्य वर्गों के बीच मानसिक तनाव या अवसाद से जूझ रही मां के गर्भ से जन्मे बच्चे। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में खेल, विकास एवं शिक्षण केंद्र की जेनी गिब्सन के मुताबिक, ऐसा लगता है कि यह संबंध वास्तविक है, क्योंकि दूसरे बच्चों के साथ खेलते हुए जब बच्चा बड़ा होता है तो वह दोस्त बनाने का कौशल भी सीखता है। भले ही उन्हें मानसिक तौर पर बीमार होने का खतरा ज्यादा हो, लेकिन दोस्ती के ये तार उन्हें आगे बढ़ने और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। दरअसल, अपने पक्के दोस्त के साथ खेलते हुए बच्चा साझा करना, सहयोग करना और मिलकर रहना जैसे गुण सीखता है 1 इन गुणों का बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चों में बढ़ती मानसिक बीमारियों ने आज मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अभिभावकों की चिंता को भी बढ़ा दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने हाल ही में खुलासा किया है कि दुनिया में दस से उन्नीस वर्ष का हर सातवां बच्चा मानसिक समस्याओं से जूझ रहा है। इन समस्याओं में अवसाद, बेचैनी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। भारतीय बच्चों और किशोरों में भी बढ़ता अवसाद एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। पिछले कुछ समय में आए अनेक अध्ययनों में यह सामने आ चुका है कि स्कूल जाने वाले तेरह से अठारह वर्ष के अधिकतर बच्चे अवसाद का शिकार बन रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ भी मानते हैं कि मानसिक रूप से बीमार बच्चों का इलाज अगर तीन वर्ष की आयु से शुरू कर दिया जाए तो उनके स्वस्थ होने की संभावना बढ़ जाती है। यह जगजाहिर तथ्य है कि बच्चों और किशोरों में मानसिक रोगों में वृद्धि का एक बड़ा कारण उनके स्वतंत्र रूप से खेलने, घूमने और पसंदीदा गतिविधियां करने के अवसरों में आई भारी कमी है। आजकल के अभिभावक अपने नन्हे-मुन्नों की हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखते हैं। उन्हें बात-बात पर टोकते हैं। बच्चा किसी काम में उलझ गया हो तो फौरन आगे बढ़कर उसकी मदद करते। उसे खुद ही समस्या से निकलने का प्रयास नहीं करने देते। बच्चों को थोड़ी देर भी रोने नहीं देते । हालांकि यह सब वे अच्छे इरादे और साफ-सफाई का खयाल करके हैं, लेकिन इस तरह मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी स्वतंत्रता से उसे वंचित कर देते हैं। वे देर से बोलना और चलना सीख रहे हैं। हर वक्त बच्चों को मार्गदर्शन और सुरक्षा देने के विचार से हम अनजाने ही बच्चों को मानसिक रूप से कमजोर और मानसिक बीमारियों के खतरे के करीब ले जा रहे हैं। जिसके लक्षण हमें बच्चों की उम्र बढ़ने पर या किशोर होने तक साफ-साफ दिखने लगते हैं। बच्चा अधिक उदास या बहुत शरारती हो है।

# मोदीमय दिल्ली, मोदीमय भारत


डॉ. सौरभ मालवीय

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय ने यह सिद्ध कर दिया है कि जनता भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अटूट विश्वास रखती है। इसके अतिरिक्त दिल्ली विजय इस बात का भी प्रमाण है कि जनता को गुजरात मॉडल पसंद आ रहा है। इसलिए मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा का विजय रथ निरंतर आगे बढ़ता चला जा रहा है। विशेष बात यह है कि दिल्ली की जनता से निःशुल्क विद्युत, जल एवं बस सेवा आदि सुविधाओं को नकारते हुए भाजपा को बहुमत दिलाया है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में दो सौ यूनिट विद्युत और महिलाओं के लिए बस सेवा निःशुल्क की हुई थी। किन्तु जनता ने इन निःशुल्क सेवाओं के स्थान पर भाजपा की नीतियों का चयन किया। अब दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति कार्य करेगी। दिल्ली में लगभग सत्ताईस वर्ष पश्चात भाजपा सत्ता में लौटी है। देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा और इसके सहयोगी दल ही सत्ता में हैं, जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, बिहार, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम, नागालैंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, गोवा एवं पुडुचेरी सम्मिलित हैं। भारतीय जनता पार्टी की विजय का संपूर्ण श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने न केवल तीसरी बार निरंतर केंद्र की सत्ता में भाजपा को बनाए रखा है, अपितु राज्यों में भी पार्टी को विजय दिलाने में कोई कमी शेष नहीं रखी। यह मोदीजी की नीतियों का ही परिणाम है कि आम आदमी पार्टी के संस्थापक एवं मुखिया चुनाव में पराजित हो गए। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को पराजित किया। जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के तरविंदर सिंह ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पराजित किया। इसके अतिरिक्त उनकी पार्टी के कई दिग्गजों को भी पराजय का मुंह देखना पड़ा है। वह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जनता को भाजपा का सुशासन लुभा रहा है। श्री नरेंद्र मोदी ने प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात जनता को अनेक आश्वासन हुए घोषणा की थी कि उनकी सरकार जन कल्याण के कार्य करेगी एवं अन्तयोदय के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, जिससे वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यहां के नागरिक शासन का भाग बनने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में, निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी होना बहुत महत्वपूर्ण घटक है। वास्तव में मोदीजी अन्तयोदय के मूल तत्वों के साथ निरंतर अग्रसर हैं, जिसके सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास के लिए अनेक योजनाएं प्रारम्भ की हैं। मोदी सरकार ने विकास का नारा दिया तथा विकास को ही प्राथमिकता दी। जिस प्रकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने देश के सभी वर्गों के लिए बिना किसी पक्षपात के कार्य किया है, उससे जनता के मध्य एक सकारात्मक संदेश गया है। बेघर लोगों के लिए ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 2.5 करोड़ आवासों का निर्माण करवाया गया। उल्लेखनीय यह है कि इन आवासों में से लगभग 70 प्रतिशत में महिलाओं का नाम हैं। महिलाओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इसके अतिरिक्त 6.5 करोड़ सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया। इस प्रकार

**दिल्ली में लगभग सत्ताईस वर्ष पश्चात भाजपा सत्ता में लौटी है। देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा और इसके सहयोगी दल ही सत्ता में हैं, जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, बिहार, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम, नागालैंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, गोवा एवं पुडुचेरी सम्मिलित हैं। भारतीय जनता पार्टी की विजय का संपूर्ण श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उन्होंने न केवल तीसरी बार निरंतर केंद्र की सत्ता में भाजपा को बनाए रखा है, अपितु राज्यों में भी पार्टी को विजय दिलाने में कोई कमी शेष नहीं रखी। यह मोदीजी की नीतियों का ही परिणाम है कि आम आदमी पार्टी के संस्थापक एवं मुखिया चुनाव में पराजित हो गए। नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को पराजित किया। जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के तरविंदर सिंह ने उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पराजित किया। इसके अतिरिक्त उनकी पार्टी के कई दिग्गजों को भी पराजय का मुंह देखना पड़ा है। वह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जनता को भाजपा का सुशासन लुभा रहा है। श्री नरेंद्र मोदी ने प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पश्चात जनता को अनेक आश्वासन हुए घोषणा की थी कि उनकी सरकार जन कल्याण के कार्य करेगी एवं अन्तयोदय के लिए हर संभव प्रयास करेगी। सुशासन राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि हमारा मंत्र, उद्देश्य व सिद्धांत नागरिकों को प्राथमिकता देने का है। मेरा सपना सरकार को लोगों के समीप लाने का है, जिससे वे प्रशासनिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। सरकारी कामकाज की प्रक्रिया को आसान कर सुशासन सुनिश्चित किया जा सकता है।**

देशभर के 4335 कस्बों एवं ग्रामों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई गई। इससे महिलाओं में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा। महिलाओं के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्हें चूल्हे के धुएं से छुटकारा दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9.6 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। जिन क्षेत्रों में जल संकट था, वहां जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8.67 करोड़ घरों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करवाई गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 69 प्रतिशत महिलाओं को लाभान्वित किया गया। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार या सेवा क्षेत्र में गैर-कृषि क्षेत्र में लगे आय सृजित करने वाले सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के सूक्ष्म ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। मोदी सरकार ने कृषकों के कल्याण के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। देशभर के 11.39 करोड़ छोटे कृषकों को प्रधानमंत्री किसान निधि के माध्यम से प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ ही 37.59 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। इसमें प्राकृतिक आपदा के कारण फसल नष्ट होने पर सरकार द्वारा किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 1.37 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सरकार ने बेरोजगारी को कम करने के लिए अनेक पग उठाए, जिसके परिणामस्वरूप युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सका। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 से जनवरी 2023 तक 10 लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करने अभियान चलाया। लगभग 4.78 करोड़ नए सदस्यों ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की सदस्यता ली। स्टार्ट अप इंडिया के अंतर्गत 10.1 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा किए गए। सरकार उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के माध्यम से आगामी पांच वर्षों में 60 लाख रोजगार सृजन करने की योजना बना रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विगत दो दशकों में आईटीआई की संख्या 11847 से बढ़ाकर 14955 की गई। देश में 390 नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी जनकल्याणकारी कार्य किए हैं। इससे पूर्व देश में एम्स की संख्या केवल आठ थी, जबकि आज 23 एम्स हैं। चिकत्सीय महाविद्यालयों की संख्या भी बढ़ाई गई। पूर्व में 641 चिकित्सीय महाविद्यालय थे, जबकि अब इनकी संख्या 1341 है। इसके अतिरिक चिकित्सीय सीटों की संख्या 82466 से बढ़ाकर 152129 कर दी गई, जिससे कि अधिक छात्र प्रवेश ले सकें। इसके अतिरिक टीकारण अभियान चलाकर 220 करोड़ लोगों को कोविड के टीके लगाए गए। इसके साथ ही कोरोना काल के दौरान विदेशों से भारतीयों को स्वदेश लाया गया। इस दौरान लोगों को निःशुल्क राशन वितरण भी सुनिश्चित किया गया। आज भी देश के लगभग 80 लोगों को प्रति माह पांच किलो अन्न निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। परिवहन एवं यातायात के साधनों का भी विकास किया गया। सरकार द्वारा 13 वंदे भारत रेलें प्रारंभ की गई हैं। आगामी तीन वर्षों में 400 स्वदेश निर्मित ट्रेनें इसमें सम्मिलित करने का कार्य चल रहा है। मोदी के शासनकाल में देश ने लगभग सभी क्षेत्रों में उन्नति की है। इनमें प्रमुख रूप से अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक को अवैध घोषित करते हुए इस पर प्रतिबंध लगाना, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाना आदि सम्मिलित हैं। भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर दोहराया है कि उनकी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी प्रयास का परिणाम है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। गुजरात और उत्तर प्रदेश के उदाहरण सबके सामने हैं। इसलिए दिल्ली की जनता से भी डबल इंजन सरकार की अभिलाषा में भाजपा को अपना समर्थन दिया है। अब वह दिन दूर नहीं है, जब दिल्ली में भी गुजरात एवं उत्तर प्रदेश की भांति विकास कार्य होंगे।

**लेखक – लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफ़ेसर है।**

# सुनहरा कल वर्तमान की कठिन सीढ़ियों से चढ़ कर ही बनता है

**संजीव ठाकुर**

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ष्आशाओं पर आकाश टिका हुआ हैष और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं।

## सेहत मंत्र

# सर्दियों में मखाना खाने से सेहत को मिलेंगे हजारों फायदे

सर्दियों में भूख लगने पर लोग जंक फूड और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। लेकिन इसकी जगह पर आप मखाने का सेवन कर सकते हैं। बता दें कि मखाने में एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही यह एक हेल्दी स्नैक्स है। इसलिए रोजाना इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। लेकिन इसका कब, कितना और कैसे सेवन करना चाहिए, इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सर्दियों में किस तरह से मखाना खाना चाहिए और यह किस तरह से हमें फायदा पहुंचाता है। मखाने के तासीर गर्म होती है। इसलिए सर्दियों में इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। लेकिन इसकी मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सर्दियों के मौसम में प्रतिदिन 30 ग्राम मखाने का सेवन करने से हड्डियां मजबूत रहती हैं। इसके सेवन से आपको सर्दी-जुकाम और इंफ़ेक्शन नहीं होता है। सर्दियों में न्यूट्रिशनल वैल्यू बढ़ाने के लिए मखाना घी में भूनकर खाना अधिक लाभकारी होता है। बहुत सारे लोग व्रत में दूध और मखाने का सेवन करते हैं। दूध और मखाना दोनों का कॉम्बिनेशन शरीर को ताकत देने का काम करता है। मखाने में प्रोटीन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, आयरन, फैट और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। वहीं दूध में प्रोटीन, विटामिन डी और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से लंबे समय तक पेट भरा रहता है। यह कैल्शियम का बेहतरीन स्त्रोत है। यह किडनी और दिन दोनों के लिए फायदेमंद होता है। कई लोग व्रत में मखाने का सेवन करते हैं। बता दें कि मखाने खाने से कई फायदे होते हैं। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जिससे कि आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। साथ ही इसके सेवन से शरीर को एनर्जी प्राप्त होती है और कमजोरी नहीं लगती है। मखाना खाने से कब्ज और पाचन संबंधी समस्याएं भी दूर होती हैं। मखाना के सेवन से न सिर्फ सेहत बल्कि पाचन भी सही रहता है। मखाने के सेवन से शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। रोजाना मखाने का सेवन करने से शरीर से विषाक्त तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही इससे किडनी स्वस्थ रहती है।

## धर्म मंत्र

# डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का काम करता है। क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है ओर जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती हुई। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

पर्यटन



# देखने के लिए बहुत कुछ है रमणिक दून घाटी में

देवभूमि उत्तराखण्ड की राजधानी होने का गौरव प्राप्त करने वाला शहर देहरादून दून धाटी के रूप में पहचान बनाता है, एक अद्वितीय एवं खूबसूरत पर्वतीय क्षेत्र है। देहरादून से ही नजर आता है हरियाली ओढ़े मसूरी पर्वत का सौन्दर्य। देहरादून के पूर्व में गंगा नदी तथा पश्चिम में यमुना नदी हिलोरे लेती है। उत्तर-पूर्व में 3 हजार फीट तक की ऊंची कलिंग पहाड़ियां देहरादून की शोभा बढ़ाती हैं। प्राकृतिक सौन्दर्य समेटे पहाड़ियां, आस्थाधाम मंदिर, पशु-पक्षी प्रेमियां के लिए अभ्यारण्य, राफ्टिंग, ट्रेकिंग व पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेल देहरादून की अपनी शान है। पर्यटन, शिक्षा, संस्कृति एवं प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए पहचान बनाने वाला देहरादून समुद्रतल से 2156 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। सहस्त्रधारा देहरादून का सर्वप्रिय पर्यटक स्थल पहाड़ों के घने जंगलों के बीच स्थित सहस्त्रधारा है। यहां का मुख्य आकर्षण पहाड़ी के अन्दर प्राकृतिक रूप से तराशी गई छोटी-छोटी गुफाएं हैं जिनसे अविरल बारिश जैसी बौछार होती रहती है। गुफाओं में इस प्रकार जल की धाराओं को बहने के कारण इस स्थल का नाम सहस्त्रधारा रखा गया। पहाड़ी से गिरते हुए जल को प्राकृतिक रूप से संचित किया जाता है। यहां गन्धक युक्त गर्म जल के एवं ठण्डे पानी के कुण्ड भी बनाये गये हैं। घाटी के मध्य होकर ''देव जन्या'' नदी बहती है। स्थानीय निवासियों के लिए एक रमणिक पिकनिक स्पोट है। दुर्लभ प्रकार की वनस्पति तथा कंदराओं की संरचना के आधार पर वनस्पति विज्ञान एवं भू-र्गभ विज्ञान के शोधार्थियों के लिए यह महत्वपूर्ण स्थल है। यहां पहुँचने के लिए देहरादून से नगर बस सेवा एवं अन्य परिवहन साधन उपलब्ध हैं।। देहरादून में बस स्टैण्ड से 5.5 किलोमीटर दूर तमता नदी के तट पर स्थित है टपकेश्वर महादेव मंदिर गुफा। मंदिर गुफा में स्थित गुफा की छत से टपकता हुआ पानी सीधा शिवलिंग पर गिरता है। मंदिर के चारों ओर झरना बहता है। शिवरात्रि के अवसर पर यहां भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह उत्सव आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहते हैं। देहरादून से 10 किलोमीटर दूर पर मसूरी मार्ग पर स्थित मालसी मृग विहार हिमालियन हिरन के लिए प्रसिद्ध है। पार्क में हिरन के साथ-साथ चीतल, मोर, तेन्दुआ आदि कई जानवरों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जो वन्यजीव प्रेमियों को लुभाते हैं।

# बेनी बाबू की जयंती, पूर्व संध्या पर प्रेमियों ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जिला चिकित्सालय अधीक्षक विजयपाल सिंह का कहना है रक्तदान की प्रेरणा आम जनमानस को देनी चाहिए। रक्तदान से बड़ा पुनीत कार्य कोई नही है, रक्तदान से तमाम जीवन बचाये जा सकते है ।

सीएमएस श्री सिंह आज जिला चिकित्सालय में पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रख्यात समाजवादी नेता विकास पुरुष स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा जी की जयंती की पूर्व संध्या पर जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में सहयोगियों एवं आयोजकों को संबोधित कर रहे थे। समाजवादी अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष शांतिओम व प्रणय वाजपेई एडवोकेट द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष हाफिज आजाद ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, प्रमुख सिरौली गौसपुर श्रीमती रेनू दिनेश वर्मा, प्रीतम सिंह वर्मा, विजय यादव जिला पंचायत सदस्य, सुरेश गौतम, कामता यादव, वीरेंद्र वर्मा नेवली, पूर्व प्रमुख मौलाना असलम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शांति ओम एडवोकेट, प्रणय वाजपेई एडवोकेट, अनिल यादव, सुनील यादव, रवि वर्मा सुपौत्र बेनी बाबू जी, नीतीश प्रताप एडवोकेट, सुधांशु वर्मा, प्रिंस वर्मा एडवोकेट, उदल एडवोकेट, सौरभ वर्मा, अनिल यादव, सुनील यादव, इंदु यादव, प्रिंस वर्मा, जीतू तिवारी, मौलाना बीरब्बल, सुधांशु वर्मा, सौरभ वर्मा, मोहम्मद शादाब सहित 21 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रणय वाजपेई ने कहा मैं बेनी बाबू से प्रेरणा लेकर ऐसे सामाजिक कार्य करता रहूंगा।जिसमें समाज का हित सुनिश्चित हो सके।

# पड़ोसी राष्ट्र में नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन का स्वास्थ्य शिविर

## बाराबंकी के चिकित्सकों ने बढ़-चढ़कर किया सहभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।'' स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा'' के मूल मंत्र पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने वाले अग्रणी समाजसेवी संगठन नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन अवध प्रांत एवं गोरक्ष प्रान्त द्वारा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अधीन संचालित गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के पांचवें संस्करण क्रम में

संस्थान द्वारा नेपाल के सीमावर्ती जिलों महाराजगंज, बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर के थारू आदिवासी बहुल क्षेत्रों में तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। फ़रवरी 07,08 व 09 फरवरी को आयोजित इन शिविरों में जनपद बाराबंकी के सरकारी एवं निजी चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल कर्मियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

यह जानकारी देते हुए नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन शाखा बाराबंकी के जिला महासचिव रोहित प्रसाद ने बताया कि दिनांक 08 फरवरी को चिकित्सकों का एक दल जिला चिकित्सालय बाराबंकी से जनपद श्रावस्ती में जाकर दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। संघ के जिला संघचालक डॉ आर. एस गुप्ता, सह विभाग प्रचारक अमरजीत जी, जिला अध्यक्ष डॉ रोहित अग्रवाल, जिला महासचिव डॉ रोहित प्रसाद तथा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री आर पी सिंह विसेन ने भगवा ध्वज दिखा कर दल को रवाना किया। प्रथम दल का नेतृत्व जिला कोषाध्यक्ष डॉ अमित वर्मा द्वारा किया गया जिसमें डॉ आयुष्मान गुप्ता, आर पी सिंह बिसेन, डा प्रखर, जयविंद,अमन शामिल थे। दूसरे दल का नेतृत्व जिला सेवा यात्रा प्रमुख डॉ संजीव साहू ने किया जिसमें डॉ स्वाति शैली, जितेन्द्र शर्मा, डॉ आयुष्मान सिंह, जितेंद्र आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दूसरे दिन 09 फरवरी को आरोग्य भारती की जिलाध्यक्ष डॉ अनुपमा टिबड़ेवाल ने भगवा ध्वज लहराकर चिकित्सा दलों को रवाना किया। चिकित्सकों का प्रथम दल जनपद बलरामपुर के मेगा स्वास्थ्य शिविर के लिए रवाना हुआ जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष डॉ रोहित अग्रवाल ने किया ।इस दल में डॉ सुनील रावत, डॉ विनय जैन,दुष्यंत त्रिपाठी, सुधाकर वर्मा आदि शामिल थे। दूसरा दल जिला महासचिव डॉ रोहित प्रसाद के नेतृत्व में जनपद लखीमपुर में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर के लिए रवाना हुआ जिसमें डा आनंद जायसवाल, आर पी सिंह विसेन, अभिषेक बाजपेई,डा हितेश राठौर, डॉ नीलू, डा ईशान, डॉ राहुल तथा हरिकेश गुप्ता शामिल थे। तीसरा दल जनपद श्रावस्ती के मेगा स्वास्थ्य शिविर के लिए रवाना हुआ जिसमें डॉ निशांत, डॉ किरण, डॉ गुलाटी व अन्य चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मी शामिल थे।

# सफदरगंज में अवैध निर्माण अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्यवाई की है। थाना व कस्बा सफदरगंज स्थित पकरिया चौराहे से रेलवे स्टेशन तक सड़क के किनारे अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुल्डोजर चला। प्रशासन ने चार दिन पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी लेकिन उनके द्वारा कब्जा न हटाने पर यह कार्यवाई की गयी है।

बताते चले कि पकरिया चौराहे से रेलवे स्टेशन तक की पीडब्लूड़ी की भूमि पर सड़क की दोनो पटरियो पर किये गये अवैध कब्जे से आम नागरिकों को आवागमन मे परेशानी हो रही थी और यातायत भी प्रभावित हो रहा था। पीडब्लूड़ी की भूमि से मिली हुई भूमि के कास्तकारो ने अवैध कब्जा हटवाने के लिए हाईकोर्ट मे याचिका दायर की थी जिसके आदेश पर तहसील प्रशासन ने इससे पूर्व तीन नोटिसें कब्जेदारों को दी जा चुकी है चार दिन पूर्व उपजिलाधिकारी आर जगतराम साई एव क्षेत्राधिकारी सदर हर्षित चौहान ने मुनादी कराकर 24 घंटे का समय दिया था लेकिन कब्जेदारों ने अतिक्रमण नही हटाया।

सोमवार को आई ए एस उपजिलाधिकारी आर जगतराम साई, क्षेत्राधिकारी सदर हर्षित चौहान, तहसीलदार भरत सिंह, नायब तहसीलदार प्रियंका शुक्ला, राजस्व निरीक्षक हरीशंकर वर्मा, हल्का लेखपाल भानुप्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अजय वर्मा सफदरगंज, मसौली, जैदपुर, बदोसराय, देवा, मोहम्मदपुर खाला, जहाँगीराबाद, जैदपुर, स्तरीख, कोठी पुलिस के साथ करीब आधा दर्जन से अधिक मकानो पर बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जा हटवाया। यह कार्यवाही सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक चली इस दौरान पकरिया से रेलवे स्टेशन तक की सड़क पर अतिक्रमण हटाया गया। इस पूरे मामले मे एसडीएम आर जगत रस्म साई ने बताया कि इन अवैध कब्जेदारों को बता दिया गया है कि अगर दुबारा अतिक्रमण किय गया तो आपके खिलाफ पुलिस कार्यवाई की जायेगी।

# विदेशी शिक्षा विशेषज्ञों ने किया ज्ञान का पिटारा' किट का अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बालिका शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एजुकेट गर्ल्स संस्था के प्रयासों से दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के शिक्षा विशेषज्ञ टॉम निहतिका और कोलम ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय प्रथम, बड़ागांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 'ज्ञान का पिटारा' कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 3, 4 और 5 के बच्चों के लिए चल रहे विशेष उपचारात्मक शिक्षण सत्रों का अवलोकन किया।

दौरे पर आयी विदेशी टीम ने एजुकेट गर्ल्स संस्था द्वारा संचालित 'ज्ञान का पिटारा' किट विशेष रूप से उन बच्चों के लिए तैयार की गई है, जिन्हें अक्षरों की पहचान, वाक्यों को पढ़ने और बुनियादी गणितीय कौशल में कठिनाई होती है। इस किट के जरिए बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर मिलता है, जो शिक्षा को आनंददायक बनती है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों से संवाद किया और उनके अनुभवों को जाना। बच्चों ने बताया कि 'ज्ञान का पिटारा' के माध्यम से वे मज़ेदार गतिविधियों के जरिए पढ़ाई कर रहे हैं, जिससे उनकी सीखने और समझने की क्षमता में सुधार हो रहा है।

इसके अतिरिक्त, एजुकेट गर्ल्स संस्था के स्वयंसेवकों (टीम बालिका) के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें उनके अनुभवों और क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई। टीम बालिका के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक बना रहा है।

विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने एजुकेट गर्ल्स संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि 'ज्ञान का पिटारा' जैसे नवाचारों से बच्चों की शिक्षा में निरंतर सुधार होता रहेगा। विदेशी टीम ने पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी व पंचायत भवन का जायजा लिया पंचायत भवन के संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, हेड टीचर कहकंशा खान पंचायत सचिव जैसराम, तकनीकी सहायक संदीप पाल, एजुकेट गर्ल्स संस्था की ओर से वंश वहविक्रम सिंह सोलंकी, बिनीश मथाई, सोमिया, वैजंती मैडम, नितिन कुमार झा, अर्जुन कुमार, शदाब अंसारी, रवींद्र कुमार और रविंद्र श्रीवास्तव, पंचायत सहायक सैय्यदा बानो उपस्थित रहे।

## हादसे में छह घायल

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामनगर थाना अंतर्गत लखनऊ बहराइच राजमार्ग 927 पर रानीबाजार चौराही के पास तेज रफ्तार पिकअप और सवारियों से भरी मारुति वैन इको की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिनमें से चार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।दुर्घटना के बाद हाईवे पर मीलों लंबा जाम लग गया जिसे हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।गाड़ी गोंडा से लखनऊ जा रही थी और उसमें ब्रजनाथ तिवारी अमर यादव राजेश यादव सहित अन्य गोंडा जिले के लोग सवार थे।पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर रोड पर गाड़ियों आवागमन शुरू करवाया।

## एसडीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उपजिलाधिकारी काव्या सी ने हजरतपुर गांव में स्थित गौशाला का सोमवार दोपहर करीब 2 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंश के लिए चारा, पानी और छाया की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी गया प्रसाद से गौवंश के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी ली। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बीमार पशुओं का तत्काल इलाज कराया जाए। साथ ही उन्होंने गौशाला प्रबंधन को प्रतिदिन पशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में चारा, पानी और छाया की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस मौके पर डिप्टी सीवीओ गया प्रसाद, हल्का लेखपाल महेंद्र जयसवाल और प्रधान प्रतिनिधि औन मियां भी मौजूद रहे। एसडीएम ने गौशाला प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पशुओं की देखभाल की हिदायत दी।

## टला बड़ा हादसा

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी के पूरे कोढरी गांव में बीते पांच दिनों से श्रीमद भगवद्गीता कथा चल रही थी। सोमवार को कथा के समापन पर भंडारा का प्रसाद बन रहा था। तभी गैस सिलेंडर में आग लगने से अफरा-तफरी मंच गई।मौके पर जुटे लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। सिलेंडर में विस्फोट न हो जाय, इसको देखते हुए अग्निशमन यंत्र भी मंगाया गया। इसी दौरान दो युवकों ने हिम्मत करके बालू के सहारे सिलेंडर में लगी आग को बुझा दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया है। इधर गैस सिलेंडर में आग लगने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।चौंकी इंचार्ज ओदार श्रीकांत शर्मा ने बताया कि भंडारे के लिए प्रसाद बनाने के दौरान आग लगी थी।समय रहते आग पर काबू पा लिया गया है।कोई जनहानि नहीं हुई हैं।

## पुलिस पर अभद्रता पर आरोप

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिसिया कारगुजारी का दंश आज चिकित्सकों का भी होना पड़ा। सोमवार को सुबह सरकारी अस्पताल जा रहे डाक्टर की गाड़ी को पुलिस ने बदोसरांय कस्बे में मुख्य चौराहे पर रोक कर पूंछ तांछ कर ली। बस इतने पर नाराज डाक्टर ने अस्पताल पहुंच कर पुलिस द्वारा अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए ओपीडी बंद कर दी और विरोध प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी मिलते ही सीएमएस डॉक्टर नीलम गुप्ता ने स्थिति को संभाला। उन्होंने सभी डॉक्टरों को समझा-बुझाकर शांत किया और मरीजों की सेवा के लिए ओपीडी में वापस भेजा। वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि डायवर्जन के कारण डॉक्टर की कार को रोका गया था, क्योंकि वह गलत दिशा से जा रही थी। डॉक्टर और उनके साथियों की नाराजगी इसी बात को लेकर थी।

## लोकतंत्र व संविधान को खत्म करना चाहती भाजपा : गौरव

**जैदपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड हरख के ग्राम पंचायत अजपुरा के निजामपुर गांव में समाजवादी पीडीए पंचायत की आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में दलित व पिछड़े वर्ग से एकजुटता का आवाहन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जैदपुर के सपा विधायक गौरव रावत ने अपने संबोधन में स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा को याद करते हुए कहा कि यह क्षेत्र उनका गढ़ रहा है और उन्हीं के आशीर्वाद से वे इस क्षेत्र के विधायक बने हैं। विधायक श्री रावत ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लोकतंत्र और संविधान को समाप्त करना चाहती है। उन्होंने दलित और पिछड़े वर्ग से एकजुट होने का आह्वान किया। विनोद रावत द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सत्यनाम रावत, काशीराम रावत, पुरुषोत्तम, अम्बिका रावत, रामनयन वर्मा, अमरेश रावत, मनोज रावत, गंगाराम रावत, लवलेश यादव, मोहम्मद मुजीब, मोहम्मद मेराज, रामकेवल रावत, राहुल कश्यप सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

# प्रयागराज में यातायात समस्या तीर्थयात्रियों की असाधारण संख्या का परिणाम : प्रशांत कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इतिहास के सबसे बड़े श्रद्धालु समागम के गवाह बन चुके प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में पुण्य स्नान कर चुके हैं और हर दिन लाखों की संख्या में लोग प्रयागराज आ रहे हैं जिसके चलते प्रयागराज में यातायात प्रबंधन पुलिस के लिये एक चुनौती साबित हो रहा है।

सूबे के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि इस अभूतपूर्व मानवीय और वाहनों के प्रवाह को प्रबंधित करना किसी भी प्रशासन या पुलिस बल के लिए अब तक की सबसे कठिन चुनौती है। प्रयागराज का बुनियादी ढांचा अपनी अधिकतम क्षमता से आगे बढ़कर काम कर रहा है, और ऐसे में यातायात में देरी स्वाभाविक है। यह किसी प्रशासनिक असफलता का नहीं, बल्कि तीर्थयात्रियों की असाधारण संख्या का परिणाम है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद पुलिस के हर सिपाही से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक, सभी दिन-रात अथक परिश्रम कर रहे हैं। वे श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन दे रहे हैं, सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं और शहर को सुव्यवस्थित बनाए रखने में अपनी पूरी शक्ति झोंक रहे हैं। इतने विशाल मानवीय प्रवाह का प्रबंधन करना एक ऐतिहासिक कार्य है, और हमारे पुलिसकर्मी असाधारण धैर्य, समर्पण और निष्ठा का प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि दुनिया में कहीं भी ऐसी कोई मिसाल नहीं है कि किसी पुलिस बल ने इतनी विशाल मानव-आवाजाही और वाहनों के प्रवाह को इतनी दक्षता से प्रबंधित किया हो। यह सिर्फ एक आयोजन का संचालन नहीं, बल्कि इतिहास रचने जैसा कार्य है। आने वाली पीढ़ियाँ इसे अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यपरायणता के प्रतीक के रूप में याद करेंगी। उन्होने कहा कि आज दोपहर के प्रयागराज शहर और अंतर- जनपदीय सीमाओं के वीडियो दर्शाते हैं कि यातायात एक बार फिर लगभग सामान्य रूप से चल हो रहा है, जो यूपी पुलिस के अथक प्रयासों का स्पष्ट प्रमाण है। केवल आलोचना पर ध्यान देने की बजाय, यह भी देखना चाहिए कि हमारी पुलिस बल किस तरह से अभूतपूर्व समर्पण और संघर्ष के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में जुटा हुआ है।

## डीएम ने किया कलेक्ट्रेक कार्यालय का निरीक्षण 44 कार्मिक अनुपस्थित, कटेगा एक दिन का वेतन, दहशत में बेलगाम कार्मिक


**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का निरीक्षण अभियान बदस्तूर है। सोमवार को जिलाधिकारी ने प्रातः 10:20 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अनुभागों(कार्यालयों) में उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 44 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी के निरीक्षण में संयुक्त कार्यालय से 23 कार्मिक, सदर नजारत कार्यालय से 08 कार्मिक, उप संचालक चकबंदी कार्यालय से 02 कार्मिक, सहायक चकबंदी कार्यालय से 01, एसएलओ कार्यालय से 03, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय से 06, व आबकारी कार्यालय से 01 कार्मिक अनुपस्थित रहे। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी ने दो बार निरीक्षण किया था और सभी कार्मिकों को ससमय कार्यालय आने की चेतावनी दी थी उसके बाद भी कई कार्मिकों में सुधार न आने पर आज वेतन काटने की कार्यवाही की गई।

## माघ पूर्णिमा पर संगम स्नान के साथ पूरा होगा महाकुम्भ का कल्पवास

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में व्रत, संयम और सतसंग का कल्पवास करने का विशिष्ट विधान है। इस वर्ष महाकुम्भ में 10 लाख से अधिक लोगों ने विधिपूर्वक कल्पवास किया है। पौराणिक मान्यता है कि माघ मास पर्यंत प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से सहत्र वर्षों के तप का फल मिलता है। महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। परंपरा के अनुसार 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन कल्पवास की समाप्ति हो रही है। सभी कल्पवासी विधि पूर्वक पूर्णिमा तिथि पर पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास का पारण करेंगे। पूजन और दान के बाद कल्पवासी अपने अस्थाई आवास त्याग कर पुनः अपने घरों की ओर लौटेंगे। आस्था और आध्यात्म के महापर्व, महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इस वर्ष महाकुम्भ में देश के कोने-कोने से आये लोग संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं। शास्त्र अनुसार कल्पवास की समाप्ति 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन होगी। पद्मपुराण के अनुसार पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा एक माह संगम तट पर व्रत और संयम का पालन करते हुए सत्संग का विधान है। कुछ लोग पौष माह की एकादशी से माघ माह में द्वादशी के दिन तक भी कल्पवास करते हैं। 12 फरवरी के दिन कल्पवासी पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास के व्रत का पारण करेंगे। पद्म पुराण में भगवान द्तात्रेय के बनाये नियमों के अनुसार कल्पवास का पारण किया जाता है। कल्पवासी संगम स्नान कर अपने तीर्थपुरोहितों से नियम अनुसार पूजन कर कल्पवास व्रत पूरा करेंगे।

# माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर भीड़ के लिये रेलवे तैयार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रयागराज महाकुंभ में 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं के सफर को आसान बनाने के लिए रेलवे ने युद्ध स्तर पर तैयारी की है।

रेलवे के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि प्रयागराज जंक्शन सहित प्रयागराज क्षेत्र के सभी आठ स्टेशन पूरी तरह चालू हैं। रेलवे ने तीर्थयात्रियों की भीड़ को कम करने के लिए रविवार को 330 ट्रेनें और आज दोपहर तीन बजे तक 201 ट्रेनों का संचालन किया। केंद्रीय रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने माघी पूर्णिमा के अमृत स्नान से पहले मौजूदा भीड़ की स्थिति और रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की।

एक दिन पहले मीडिया में आई एक रिपोर्ट का खंडन करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रयागराज क्षेत्र के आठ अलग-अलग स्टेशनों से लगभग 330 ट्रेनों ने 12 लाख 50 हजार यात्रियों को उनके घरों तक पहुंचाया गया है। भले ही भीड़ कम नहीं हो रही है, लेकिन भारतीय रेलवे इन स्टेशनों से सिर्फ़ चार मिनट से कुछ ज़्यादा समय में एक ट्रेन संचालन कर यह सुनिश्चित कर रहा है कि श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान के बाद प्रतीक्षा न करनी पड़े। माघी पूर्णिमा के अगले पवित्र अमृत स्नान से पहले, इन ट्रेनों की एक रेक एक ही यात्रा में औसतन 3780 यात्रियों की सेवा कर रही है, जो दर्शाता है कि भीड़ कम नहीं हो रही है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि प्रयागराज जंक्शन के साथ 7 अन्य स्टेशन प्रयागराज छिवकी, नैनी, सूबेदारगंज, प्रयाग, फाफामऊ, प्रयागराज रामबाग और झूसी पूरी तरह कार्यरत हैं। निरंतर भीड़ के बावजूद, प्रयागराज क्षेत्र के इन 8 स्टेशनों से विशेष और नियमित ट्रेनें पूरी क्षमता से चल रही हैं। किसी भी अमृत स्नान से दो दिन पूर्व और दो दिन पश्चात केवल एक स्टेशन प्रयागराज संगम को बंद करना एक नियमित प्रक्रिया है।

श्री कुमार ने जोर देकर कहा कि यह प्रयागराज जिला प्रशासन के सुझाव पर किया गया है और इससे पूर्व के पवित्र स्नानों और अमृत स्नान पर यह कदम उठाया गया था। एक तथ्य अनुसार आज दोपहर तीन बजे तक, प्रयागराज जंक्शन सहित 8 स्टेशनों से 9 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों को लेकर 201 से अधिक विशेष और नियमित ट्रेनें पहले ही रवाना हो चुकी थीं। इससे पहले दिन में, सीआरबी और सीईओ सतीश कुमार ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को रेल भवन के वॉर रूम में प्रयागराज क्षेत्र में रेलवे सेवाओं के सुचारू संचालन के बारे में जानकारी दी, जहां सभी रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखे जा रहे हैं। दोनों ने भीड़ को देखते हुए स्थिति की समीक्षा की और माघी पूर्णिमा के अगले अमृत स्नान से पहले रेलवे की तैयारियों पर चर्चा की।

## खेल /बिजनेस

# पाकिस्तान घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक टीम उसे सेमीफाइनल में पहुंचना चाहिए : रवि शास्त्री

एजेंसी

दुबई। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण और घरेलू परिस्थितियों में खेलने से मेजबान पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उसे सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी। गत चैंपियन पाकिस्तान ने हाल में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार तीन वनडे श्रृंखलाएं जीती जिससे वह आत्मविश्वास के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में उतरेगा। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मेरा मानना है कि पाकिस्तान इस तरह की टीम है जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सीमित ओवरों की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है विशेष कर दक्षिण अफ्रीका में उसका प्रदर्शन बेहतरीन था।'' पाकिस्तान की टीम के महत्वपूर्ण सदस्य अयूब चोटिल होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे लेकिन शास्त्री का मानना है कि इसके बावजूद उसकी टीम में काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा,उसे शीर्ष क्रम में अयूब की कमी महसूस होगी क्योंकि वह महत्वपूर्ण खिलाड़ी है लेकिन पाकिस्तान की टीम घरेलू परिस्थितियों में खतरनाक टीम है। मेरा मानना है कि उसे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना चाहिए। इसके बाद कोई भी टीम जीत सकती है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शास्त्री की बात पर सहमति व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण का जिक्र किया, जिसमें शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन शामिल हैं। रिकी पोंटिंग ने कहा, ''मैं रवि से पूरी तरह सहमत हूं। अयूब शानदार खिलाड़ी है और उनकी कमी पूरा करना मुश्किल होगा, लेकिन पाकिस्तान का तेज गेंदबाजी आक्रमण बहुत अच्छा है। शाहीन अफरीदी और नसीम शाह की अगुवाई में उसके तेज गेंदबाजों ने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। उनके पास किसी भी तरह की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशान करने के लिए तेजी और कौशल है। पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा। इसके

# स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए भारत पहुंचीं



एजेंसी

भुवनेश्वर। स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें सोमवार को एक साथ ओडिशा के भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। दोनों टीमें यहां होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए आई हैं। पुरुष टीम पहले मेजबान भारत और फिर इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले खेलेंगी। इसी तरह महिला टीम को जर्मनी और भारत के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं। स्पेन की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान अल्वारो इग्लेसियस ने भारत में खेलने के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा, ''हम बहुत उत्साहित हैं। हम चार खेलों के लिए ऑस्ट्रेलिया में थे, लेकिन हमें सुधार करने की आवश्यकता है, इसलिए मैं यहां और अधिक मैच जीतने की उम्मीद कर रहा हूं।'' उन्होंने कहा, ''हमें यहां भारत में खेलना हमेशा पसंद है क्योंकि यहां हॉकी बहुत लोकप्रिय है और स्टेडियम प्रशंसकों से भरा रहता है। महिला टीम की कप्तान लूसिया जिमिनेज ने भी कुछ इसी तरह की बात कही। उन्होंने कहा कि यह (भुवनेश्वर) हॉकी के लिए वाकई एक महत्वपूर्ण शहर है और हम यहां खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट हमारे लिए महत्वपूर्ण है और हम अगले साल एफआईएच प्रो लीग में शामिल होना चाहते हैं, इसलिए हम जानते हैं कि हमारे लिए जीतना बहुत जरूरी है। हम हर मैच जीतने के लिए सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेलने की कोशिश करेंगे।

# एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप : पीवी सिंधु के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

एजेंसी

किंगदाओ (चीन)। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधु के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधु ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है। सिंधु गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें



नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले

# ओडिशा के किसानों को टमाटर की कीमतों में गिरावट के कारण करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

एजेंसी

बरहामपुर (ओडिशा)। ओडिशा के गंजाम जिले में टमाटर की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बाजार में टमाटर 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिकने के बावजूद, खेती करने वालों को इसकी कीमतें तीन से पांच रुपये प्रति किलोग्राम ही मिल रही है। बुनियादी उत्पादन लागत भी वसूल न कर पाने के कारण कई किसान अपनी फसल कम दाम पर बेचने को मजबूर हो गए हैं, जबकि कुछ ने तो अपनी फसल को मवेशियों के खाने के लिए ही छोड़ दिया है। गंजाम ब्लॉक के सत्रुसल गांव के टमाटर उत्पादक सुरथ पाहन ने कहा, '' पिछले तीन महीनों से फसल पर इतना समय और पैसा खर्च करने के बाद हम कटाई पर खर्च की गई मजदूरी भी नहीं वसूल पा रहे हैं। पाहन ने शुक्रवार को



तीन प्रति किलोग्राम के हिसाब से करीब 15 क्विंटल टमाटर बेचे। एक एकड़ जमीन पर टमाटर की खेती करने वाले पाहन ने कहा, हमारे इलाके में कुछ किसानों ने व्यापारियों द्वारा मात्र दो रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत दिए जाने के बाद अपनी फसल ही छोड़ दी। मठ मुकुंदपुर गांव के दया प्रधान ने बताया, लाभ की बात तो भूल ही जाएं हम बीज, खाद, कीटनाशक और परिवहन पर होने वाले बुनियादी खर्च भी नहीं निकाल पाते। शत्रुसोला गांव के किसान उपेंद्र पोलाई ने कहा, इतने कम दाम पर टमाटर बेचने के बजाय, मैंने फसल को अपने मवेशियों को खिलाने का फैसला किया। बागवानी विभाग के उप निदेशक कांड जेना ने बताया कि पिछले सप्ताह जिले में टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा, इस साल अत्यधिक फसल की वजह से कीमतों में गिरावट आई है।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 11.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयाग | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिटबड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

### दिनांक 12.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04016 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# बजट में आम आदमी के हितों की हई अनदेखी: विपक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्ष ने आम बजट 2025-26 में आम आदमी के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर नियंत्रण करने के लिए कोई प्रावधान नहीं कर रही है दूसरी तरफ लोककल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती कर दी है।

द्रविड मुनेत्र कषगम के दयानिधि मारन ने कहा कि बजट 2025-26 चर्चा पर आज दूसरे दिन चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि बजट में आम आदमी की जरूरतों को ध्यान में नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीयों की वास्तविक समस्या को हल करने पर बजट में विफलता हाथ लगी है। देश में बेरोजगारी और महंगाई पर नियंत्रण करने को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। उन्होने कहा कि सरकार जानबूझ कर वास्तविकता से मुंह मोड रही है। उन्होंने कहा कि डालर के मुकाबले रुपया एतिहासिक रूप से नीचे गया है। संयुक्त प्रगतिशल गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय जब डालर के मुकाबले रुपया 68 रुपया हो गया तो सरकार की आलोचना की जाती थी। रुपया गिरने से महंगाई में बेतहाशा वृद्धि हुई खासकर खाद्य पदार्थ के दामों में बेतहाशा बढोतरी हुई। भाजपा सिर्फ हेडलाइन प्रबंधन का काम करके वास्तविक समस्यों से लोगों का ध्यान भटकाने का काम करती है। द्रमुक नेता ने कहा कि दिल्ली चुनाव से पहले बजट में लोक लुभावन घोषणा की गई लेकिन चुनाव आयोग खामोश रहा। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के छोटे हिस्से को कर में छूट देने का स्वागत करते हुए कहा कि देश की बड़ी संख्या में इसमें ध्यान नहीं रखा गया है जबकि सभी लोग टैक्स देते हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती कर दी गई है। मनरेगा के बजट में कमी कर दी गयी है। एक तरफ महंगाई तेजी से बढ रही है दूसरी तरफ कल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती की जा रही है जो उचित नहीं है। रोजगार उत्पन्न करना समय की जरूरत है, लेकिन इसके बारे में बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। द्रमुक ने

## चिदंबरम ने सरकारी की आर्थिक सोच पर सवाल उठाया, कहा कर छूट ही पर्याप्त नहीं



नयी दिल्ली। कंग्रेस के नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार की आर्थिक सोच पर सवाल उठाते हुए सोमवार को 2025-26 के बजट में पूंजीगत और सामाजिक क्षेत्र के बजट में कटौती कर के राजकोषीय घाटे को सीमित करने का प्रयास तो किया गया है पर इस बजट से अर्थव्यवस्था को गति मिलने की संभावना नहीं दिखती।

उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के एक फरवरी को लोक सभा में प्रस्तुत बजट में आयकर में छूट से उपभाग और आर्थिक गति विधि में तेजी की संभावना को क्षींण बताते हुए कहा कि बजट में व्यक्तिगत आय कर में एक लाख करोड़ रुपये की छूट भारत के 324 लाख करोड़ रुपये के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी ) के मात्र 0.3 प्रतिशत के बराबर है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या इतनी भर छूट से अर्थव्यवसथा को बल मिलेगा? उन्होंने कहा ल्ल आर्थिक दर्शन के बिना आर्थिक नीति नहीं बनती। उन्होंने वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण को पूर्व प्रधान मंत्री और 1991 में भारत में आर्थिक सुधारों की शुरूआत करने वाले तत्कालीन वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह से सीख लेने का सुझाव देते हुए कहा, ' 1991 में भारत के सामने चुनौतियां आज से बड़ी थी।ङ्क उन्होंने इसी संदर्भ में यह भी सवाल किया कि सरकार (स्वर्गीय) डॉ मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने का विचार क्यों नहीं करती। उन्होंने कहा कि कर में कटौती का एक बड़ा हिस्सा बैंकों में जमा, विदेश यात्राओं , विदेशों में पढ़ाई आदि में चला जाएगा और घरेलू वस्तु तथा सेवाओं के उपभोग को कोई खास बढ़ावा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री को निर्यात और निवेश के इंजन को भी गति देनी चाहिए थी। श्री चिदंबरम ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में केवल 3.2 करोड़ लोक आयकर देते हैं बाकी केवल कर विवरण भरते हैं और उनका कर का भुगतान शून्य रहता है। सरकार ने कर छूट वाली अधिकतम आयु सीमा को सात से बढ़ा कर 12 प्रतिशत किया है और यह छूट धनाढ्यों को भी फायदा कर रहा है। इस छूट से 80-85 लाख करदाता कर के जाल से बाहर हो जाएंगे और 2.5 करोड़ करदाताओं को कर का फायदा होगा। इस लाभ पाने वालों में कवेल मध्यवर्गीय व्यक्ति ही नहीं, वे 2.27 लाख वे लोग भी जिनकी आय एक करोड़ रुपये वार्षिक से अधिक है, 262 लाख वे लोग जिनकी आय 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है और 23 वे लोग भी हैं जिनकी आय 500 करोड़ रुपये से ज्यादा है। उन्होंने कहा, 'कर छूट से बचा पैसा केवल देश में वस्तुओं और सेवाओं के उपभोग पर नहीं जाएगा।

# मोदी फ्रांस और अमेरिका की यात्रा पर रवाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की चार दिन की यात्रा पर सोमवार को रवाना हो गए।

श्री मोदी ने रवाना होने के पहले अपने वक्तव्य में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर, मैं 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा करूंगा। पेरिस में, मैं एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता के लिए तत्पर हूं, जो विश्व के नेताओं और वैश्विक तकनीकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों का सम्मेलन है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और बड़े सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के लिए सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी यात्रा का द्विपक्षीय खंड मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के लिए 2047 होराइजन रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगा। हम फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए ऐतिहासिक फ्रांसीसी शहर मार्सिले की भी यात्रा करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जिसमें भारत वैश्विक भलाई के लिए ऊर्ज़ा का उपयोग करने के लिए फ्रांस सहित साझीदार देशों के संघ का सदस्य है। मैं उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मजारगुए युद्ध कब्रिस्तान में अपने प्राणों की आहुति दी। फ्रांस से, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाऊंगा। मैं अपने दोस्त, राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलने के लिए उत्सुक हूं। यद्यपि जनवरी में उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत और शपथ ग्रहण के बाद यह हमारी पहली बैठक होगी, लेकिन मुझे भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी बनाने में उनके पहले कार्यकाल में एक साथ काम करने की बहुत गर्मजोशी से याद है।

## विश्व पुस्तक मेले में राजकमल प्रकाशन समूह की नई किताबों में सबसे ज्यादा बिकीं नॉन फिक्शन किताबें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नौ दिनों तक चले नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2025 का रविवार को समापन हुआ। इस वर्ष मेले में पुस्तकप्रेमियों की जबरदस्त भागीदारी देखने को मिली। मेले के दौरान राजकमल प्रकाशन समूह के स्टॉल जलसाघर में हर दिन बड़ी संख्या में पाठक पहुँचे। मेले में हिन्दी की क्लासिक किताबों के साथ-साथ नई किताबों को भी पाठकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। इस वर्ष मेले में आई नई किताबों में कथेतर (नॉन-फिक्शन) विधा की किताबों की बिक्री सर्वाधिक हुई है। विश्व पुस्तक मेला में राजकमल प्रकाशन समूह से प्रकाशित विभिन्न विधाओं की 45 नई किताबों का लोकार्पण हुआ। इस दौरान अनेक चर्चित लेखकों ने जलसाघर में पुस्तक लोकार्पण, बुक साइनिंग सेशन और विभिन्न चर्चाओं में भाग लिया। साथ ही, पाठकों के लिए विशेष रूप से आयोजित रचनापाठ की गतिविधियों में पाठकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। राजकमल प्रकाशन समूह के अध्यक्ष अशोक महेश्वरी ने कहा, हर वर्ष की भाँति इस बार भी विश्व पुस्तक मेला में आने वाले पुस्तकप्रेमियों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में बढ़ी है। किताबों के प्रति पाठकों की बढ़ती रुचि हम सबके लिए उत्साहवर्धक है।

उन्होंने कहा, इस वर्ष विश्व पुस्तक मेला के बिक्री के आँकड़ों को देखें तो हिन्दी में गंभीर वैचारिक किताबों की माँग बढ़ी है। साथ ही, मेले में आनेवाले ऐसे लोगों की संख्या भी बढ़ी है जो हिन्दी किताबें पढ़ना शुरु करना चाहते हैं। ख़ासकर युवा पाठकों की भागीदारी बढ़ रही है जो हम सभी के लिए एक सकारात्मक संकेत है। हम हमेशा नए और बेहतरीन साहित्य को पाठकों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्कृष्ट साहित्य की जनसुलभ पुस्तकों को प्रकाशित करने के अपने संकल्प के साथ पाठकों के लिए उच्च गुणवत्ता की पुस्तकें लाने का प्रयास करेंगे।

## यूएसएड ने भारत की बर्बादी के लिए जिन लोगों को पैसे दिये, उन्हें जेल हो: निशिकांत

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के निशिकांत दूबे ने कंग्रेस पर भ्रष्टाचार करने का सोमवार को आरोप लगाया और कहा कि यूएसएड ने देश के टुकड़े-टुकड़े करने के लिए भारत के जिन संस्थानों और लोगों को पैसे दिए हैं, उसकी जांच हो और दोषियों को जेल भेजा जाये। श्री दूबे ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि अभी अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हुआ और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूएसएड को पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने यूएसएड को यह कहते हुए खत्म किया है कि इसके पैसों से भिन्न-भिन्न देशों में सरकारों को गिराए जाने का काम हो रहा है। यूएसएड ने जिन लोगों को पैसा दिया है उसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं, और देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने सवाल उठाया, यूएसएड ने जार्ज सोरेस के ओपन सोसायटी फाउंडेशन को भारत के टुकड़े-टुकड़े करने के लिए पांच हजार करोड़ दिये कि नहीं। उसने राजीव गांधी फाउंडेशन तथा राजीव गांधी ट्रस्ट को पैसा दिया कि नहीं, ओवरसीज कंग्रेस के अध्यक्ष सैम पैत्रोदा को पैसा दिया कि नहीं। भाजपा नेता ने कहा कि यह वही संगठन है, जिसने लोकतंत्र की हत्या कर रहे बंगलादेश की युनूस सरकार को पैसा दिया है। भारत में राजीव गांधी फाउंडेशन में एक व्यक्ति को रखा गया है, जो देश के टुकड़े-टुकड़े करने के लिए पैसे का हिसाब रखता है। इसी संगठन ने तालिबान को पैसा दिया और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के समय नेपाल में हिंदू राष्ट्र को खत्म करने के लिए पैसा दिया था। भारत में आतंकवादी गतिविधियां बढाने के लिए इसी संगठन से पैसा मिलता रहा है और कंग्रेस को उससे मदद मिल रही है। इस संगठन ने देश में विभिन्न देशविरोधी गतिविधियों के लिए पैसा दिया है।

## प्रतापगढ़ी की कविता को लेकर गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज मुकदमे पर सुप्रीम कोर्ट ने उठाया सवाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कंग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ उनकी कविता को लेकर गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी की वैधता पर सवाल उठाते हुए सोमवार कहा कि यह आखिरकार एक कविता है। यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सवाल करते हुए कहा कि आखिरकार यह एक कविता है। यह किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं है। गुजरात उच्च न्यायालय ने कविता के अर्थ को नहीं समझा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने श्री प्रतापगढ़ी का पक्ष रखते हुए दावा किया कि गुजरात उच्चतम न्यायालय का आदेश कानून की दृष्टि से गलत है। उन्होंने कहा कि संबंधित न्यायाधीश ने कानून का उल्लंघन किया है। उनकी दलीलें सुनने केबाद पीठ ने कहा, यह आखिरकार एक कविता है। यह किसी धर्म के खिलाफ नहीं है। यह कविता अप्रत्यक्ष रूप से कहती है कि अगर कोई हिंसा करता है, तो भी हम हिंसा नहीं करेंगे। गुजरात सरकार के अधिवक्ता द्वारा समय मांगे जाने पर शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। पीठ ने राज्य के अधिवक्ता से कहा, कविता पर अपना दिमाग लगाएं। आखिरकार, रचनात्मकता भी महत्वपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने कथित तौर पर सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली कविता सोशल मीडिया पर डालने के मामले में कंग्रेस सांसद और कवि इमरान प्रतापगढ़ी पर कोई दंडात्मक कार्रवाई करने पर 21 जनवरी को रोक लगा दी थी। न्यायमूर्ति ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने प्रतापगढ़ी को उनकी याचिका पर यह राहत दी थी और अदालत ने गुजरात सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया था। उन्होंने अपनी याचिका में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को रद्द करने से इनकार करने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

शीर्ष अदालत ने तब निर्देश देते हुए कहा था, हमने कविता भी सुनी... संक्षिप्त नोटिस जारी करें। 10 फरवरी को जवाब देना है। दर्ज मुकदमे के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। श्री प्रतापगढ़ी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका को खारिज करने की आलोचना करते हुए कहा था, हम किस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं? न्यायालय को कुछ कहना है। बिना नोटिस जारी किए, (उच्च) न्यायालय ने इसे (खारिज करने का) आदेश दे दिया। कंग्रेस सांसद के खिलाफ यह प्राथमिकी एक अधिवक्ता के क्लर्क की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि प्रतापगढ़ी ने सोशल मीडिया पर 'ऐ खून के प्यासे बात सुनो...' कविता वाला एक वीडियो पोस्ट किया था।

# पेज एक का शेष

### वैष्णव ने प्रयागराज...

शुरू होने से पहले रेल भवन में स्थापित 'वॉर रूम' भी गये ताकि स्टेशनों की निगरानी और रेल सेवाओं तथा यात्री सुविधाओं की समीक्षा की जा सके। स्टेशन बंद होने की अफवाहों के कारणों के बारे में बात करते हुए उत्तर मध्य रेलवे (जिसके अंतर्गत प्रयागराज मंडल आता है) के अधिकारियों ने कहा कि समान नाम वाले दो स्टेशन हैं - प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज संगम। एक रेलवे अधिकारी ने कहा, ''प्रयागराज जंक्शन मुख्य स्टेशन है जहां से सभी रेलगाड़ियां का परिचालन होता है जबकि मेला क्षेत्र के नजदीक प्रयागराज संगम एक छोटा स्टेशन है जहां दिन में केवल दो से तीन रेलगाड़ियां चलती हैं। उन्होंने कहा, ''भारी भीड़ के दौरान, हम इस स्टेशन को बंद कर देते हैं ताकि हर कोई प्रयागराज जंक्शन पर चला जाए क्योंकि यहां रेलगाड़ियों का परिचालन बहुत सीमित है जिससे भीड़ को संभालने में दिक्कत होती है। कल हमने इसे बंद कर दिया था, लेकिन कुछ नई वेबसाइट ने प्रयागराज जंक्शन को बंद बता दिया। लोगों ने प्रयागराज जंक्शन को प्रयागराज संगम समझ लिया।'' अधिकारी के अनुसार संगम स्टेशन के बंद होने से रेल सेवाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, ''सोमवार अपराह्न तीन बजे तक प्रयागराज के सभी आठ स्टेशनों से 8.18 लाख लोगों को लेकर 191 रेलगाड़ियां देश के विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुईं।

### महाकुम्भ में महामहिम...

आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर पवित्र जल में फूल माला और नारियल अर्पित कर समस्त राष्ट्र की समृद्धि और शांति की मनोकामना की। इसके बाद उन्होंने भगवान सूर्य की अराधना की और अर्घ्य देकर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ संगम में एक के बाद एक कई डुबकियां लगाईं। स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी का दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहां मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उन्हें कलावा बांधकर अभिनंदन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सोमवार सुबह प्रयागराज पहुंचने पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से राष्ट्रपति अरैल घाट पहुंचीं, जहां से क्रूज पर सवार होकर वह त्रिवेणी संगम पहुंचीं। इस दौरान राष्ट्रपति ने डेक पर खड़े होकर नौका विहार का आनंद भी लिया और अपने हाथों से पक्षियों को दाना खिलाया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें महाकुम्भ के आयोजन और इससे जुड़ी अनेक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी।

### सांसदों के खिलाफ...

अत्यधिक स्थगन और सख्त प्रक्रियात्मक प्रवर्तन की कमी सहित प्रमुख बाधाओं को उजागर किया। हंसारिया ने सुझाव दिया कि यदि कोई आरोपी लगातार दो बार पेश नहीं होता है, तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले को दो सप्ताह बाद भी रखा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने राजनीति के अपराधीकरण के बारे में चिंताओं के साथ प्रासंगिक निर्णयों और अन्य दस्तावेजों का संकलन किया है। पीठ ने कहा, हम हर हितधारक को सुनने के लिए तैयार हैं। शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई चार मार्च को करेगी।

### ममता कुलकर्णी ने ...

ने 24 जनवरी को संन्यास की दीक्षा दिलाकर महामंडलेश्वर की उपाधि दी थी। सार्वजनिक समारोह में उनका पट्टाभिषेक कर चादर पेशी की रस्म अदा की गई थी। उन्होंने खुद पर निशाना साधने वालों के ज्ञान पर भी सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि मैने अपने गुरू चैतन्य गगन गिरि महराज के सानिध्य में 25 वर्ष तक साधना किया है। उन्हें किसी कैलाश, मानसरोवर अथवा हिमालय पर जाने की जरूरत नहीं हैं। उन्होंने हिमांगी सखी को लेकर कहा कि उन्हें ब्रह्म विद्या का ज्ञान है। मै उनके बारे में अपने मुंह से कुछ बोलना नहीं चाहती ,बस। मैं अपने आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को बहुत सम्मान करती हूं। साधु संतों की सबसे बड़ी संस्था अखाड़ा परिषद ने ममता कुलकर्णी और किन्नर अखाड़े का बचाव किया था।

### एयरो इंडिया भारत के...

पाएंगे ! रक्षा मंत्री ने कहा कि एयरो इंडिया का उद्देश्य यह है कि मित्र देशों के साथ परस्पर संबंधों को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा , 'आज एयरो इंडिया के मंच पर दुनिया भर से सरकारी प्रतिनिधि, उद्योग जगत के नेता, वायुसेना के अधिकारी, वैज्ञानिक, रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ, स्टार्ट-अप, शिक्षाविद और विभिन्न अन्य हितधारक एक साथ आए हैं। यह संगम हमारे भागीदारों को एक साथ लाने में कारगर साबित होगा, जिससे अंततः हम सभी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा , 'सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं, जो राष्ट्रीय सीमाओं को पार करते हैं। विदेशों से हमारे मित्रों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि हमारे भागीदार एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा , 'हम विकासशील से विकसित होने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हर क्षेत्र में हमें सुधार देखने को मिल रहे हैं। भारत एक लंबी छलांग लगा चुका है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में भी आज नवाचार की लहर चल पड़ी है। इस क्षेत्र में अब हम, पहले से कहीं ज्यादा तेजी से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश में रक्षा क्षेत्र को भी खेती, ढांचागत उद्योग और अन्य क्षेत्रों की भांति आर्थिक क्षेत्र की तरह देखा जाये ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र, संपूर्ण व्यवस्था के साथ मिलकर काम कर रहा है। पिछले 10 सालों में हमने रक्षा क्षेत्र को, देश का प्राथमिकता का क्षेत्र माना है। रक्षा क्षेत्र के बजट में लगातार बढोतरी इसका उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया भर में एयरो स्पेस कलपुर्जो और जटिल प्रणालियों की असेंबलिंग का गढ़ बन चुका है। इस मौके पर भारत के स्वदेशी विमानों तथा हेलिकॉप्टरों ने जोरदार एयर शो में हैरतअंगेज करतबबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांच से भर दिया। श्री सिंह ने महान भारतीय रणनीतिकार कौटिल्य का हवाला देते हुए कहा, ल्लशत्रुतापूर्ण माहौल में अपने लोगों और क्षेत्र की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसे हासिल करने के लिए, हम अपने सशस्त्र बलों को सुसज्जित करने और एक मजबूत, कुशल, लचीले और भविष्य के लिए तैयार रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना के माध्यम से देश को रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल नियमन, प्रक्रियाएँ और नीतियाँ लागू की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रदान अवसर रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की नीतियों से प्रेरित है । उन्होंने 2047 तक भारत को विकासशील से विकसित देश बनाने के लिए घरेलू रक्षा उद्योग को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए परिवर्तनकारी कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ल्लहमने नए रक्षा लाइसेंस चाहने वाली कंपनियों के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 75 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दी है, जबकि सरकारी अनुमोदन मार्ग के तहत शत-प्रतिशत तक की अनुमति है। आज तक रक्षा क्षेत्र में कुल 46 संयुक्त उद्यमों और कंपनियों को विदेशी निवेश की मंजूरी दी गई है। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में स्थापित रक्षा औद्योगिक गलियारों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए अब तक 250 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। उन्होंने छह से आठ ग्रीनफील्ड परीक्षण और प्रमाणन सुविधाएं स्थापित करने के लिए एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई रक्षा परीक्षण अवसंरचना योजना का उल्लेख किया। रक्षा एक्जिम पोर्टल ने निर्यात प्राधिकरण प्रक्रिया को सहज बना दिया है। उन्होंने कहा, ल्लभारत के रक्षा निर्यात केंद्र के रूप में उभरने के प्रमाण के रूप में, भारत ने वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में पिछले 10 वर्षों में उत्पादों के निर्यात में 31 गुना वृद्धि देखी है।ङ्क रक्षा मंत्री ने सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों के जारी होने को उद्योग को आत्मनिर्भरता की दिशा में सहायता करने की सरकार की मंशा का स्पष्ट संकेत बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में नवाचार परियोजनाओं के लिए, 500 से अधिक स्टार्ट-अप और एमएसएमई वर्तमान में रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) के तत्वावधान में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ल्लहमारे समग्र व्यापार करने में आसानी के माहौल में काफी सुधार हुआ है। यह शानदार परिणाम दिखा रहा है क्योंकि भारत आज दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है, इसमें साल दर साल 10 से 12 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। हमारे पास अत्यधिक कुशल कार्यबल की युवा पीढ़ी है, जो दुनिया के तेजी से बदलते इकोसिस्टम के सामने खुद को लगातार अपडेट करती रहती है।ङ्क उन्होंने इस अवसर पर 100 से अधिक घरेलू और विदेशी सीईओ से कहा, ल्लआपको इस पारिस्थितिकी तंत्र के लाभों का फायदा उठाने का अवसर नहीं गंवाना चाहिए। श्री सिंह ने सीईओ गोलमेज सम्मेलन को एक ऐसा मंच बताया, जहां भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का विचार जड़ पकड़ेगा, अंकुरित होगा और बड़े पैमाने पर वास्तविकता में फलेगा-फूलेगा। यह सहयोग की भावना से दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ संगठनों के साथ मिलकर काम करने की सरकार की गंभीर मंशा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का सार यह पता लगाना है कि भारत को वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी रक्षा निर्माता और सेवा प्रदाता बनाने के लिए किस तरह हाथ मिलाया जाए। गोलमेज सम्मेलन का विषय 'वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से रक्षा सहयोग को सक्षम बनाना था। इस कार्यक्रम में 19 देशों के ओईएम, 35 भारतीय और रक्षा क्षेत्र के 16 सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी शामिल हुए।

### नंबर को लेकर तनाव...

विद्यार्थियों के बीच टोका मत कीजिए। अगर कुछ कहना है, तो उसे अलग से कहिए। उन्होंने बच्चों से कहा, खुद को अलग मत करो। खुद को प्रेरित करने के लिए दूसरों से मदद लें। समर्थन के लिए परिवार के सदस्यों या वरिष्ठों के साथ जुड़ें। अपने आप को चुनौती दें और एक लक्ष्य निर्धारित करें। उस लक्ष्य को प्राप्त करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, फ़ेल होने से जिंदगी अटक नहीं जाती है। आपको तय करना होगा कि जीवन में सफल होना है कि किताबों से सफल होना है। जीवन में सफल होने का एक उपाय ये होता है कि अपने जीवन की विफलताओं को अपना टीचर बना लें। जीवन सिर्फ परीक्षाएं नहीं हैं, जीवन समग्रता में देखना चाहिए। ज्यादातर दुनिया में जो विकास हुआ, उसमें एक भोगवादी संस्कृति पनपी। ये सब मेरा है, मेरी खुशी के लिए मुझे इसका उपयोग करना है। मुझे अगर अच्छा फर्नीचर चाहिए तो मैं दो सौ साल पुराना झाड़ काट दूंगा। इसने प्रकृति का सबसे ज्यादा विनाश किया। प्रकृति का शोषण वाला हमारा कल्चर नहीं है। हमारा लाइफस्टाइल ऐसा हो, जो प्रकृति की रक्षा करे, प्रकृति का पोषण करे। इसे अपनी ताकत बनाने के लिए बुद्धिमानी से तकनीक का उपयोग करें। प्रौद्योगिकी का इष्टतम उपयोग किया जाना चाहिए, क्योंकि यह कल्याण के लिए बनाया गया है। किसी भी कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए, कल से बेहतर होने का प्रयास करें। उन्होंने कहा, एक स्ट्रीम चुनते समय, अपने माता-पिता के परिप्रेक्ष्य को समझने और उनकी सलाह मांगने की कोशिश करें। बाद में, उन्हें अपने दृष्टिकोण को समझाने की कोशिश करें। परीक्षा में समय का प्रबंधन करने के लिए, पिछले वर्ष के प्रश्नों का अभ्यास करें। हमें एक ऐसी जीवन शैली अपनानी चाहिए जो जलवायु और प्रकृति की रक्षा करे। हम पेड़ों की पूजा करते हैं और नदियों को मां के रूप में मानते हैं। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान माताओं के बारे में बात करता है। माँ के नाम पर पेड़ लगाना चाहिए। इससे वृक्षारोपण को प्रोत्साहन मिलेगा।

### अयोध्या में राम...

कई किमी पैदल चलना पड़ रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलायें थक कर पस्त हो रहे हैं। ई-रिक्शा और बाइक चालक कुछ मीटर तक ले जाने की एवज में इन श्रद्धालुओं से मोटी रकम भी वसूल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ भीड़ अधिक होने से निकास मार्ग के गेट नंबर 11 से श्रीराम अस्पताल और रेलवे स्टेशन मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में छोटे व्यापारियों का मार्ग के डिवाइडर व फुटपाथ पर कब्जा हो गया है। सरकारी श्रीराम अस्पताल गेट पर पुलिस का बैरियर लग गया है। अभी तक इस स्थल तक पहुंचना मुश्किल था। अब मरीजों को अंदर जाने तक के लिये जद्दोजहद करना पड़ रहा है। परिसर तक एम्बुलेंस तभी जा सकता है जब बैरियर को हटाया जायेगा। रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस भीड़ से श्रद्धालु हैरान हो ही रहे हैं उनके साथ अयोध्यावासी और पुलिस भी हैरान-परेशान है। पुलिस अफसरों को भीड़ से निपटने का एक ही विकल्प सूझ रहा है कि इन श्रद्धालुओं को घुमावदार स्थल से लाया जा रहा है और यह लोग पैदल ही उस स्थल से चल सकते हैं। करीब पांच किमी से अधिक लम्बी दूरी तय करने के बाद ही वह रामलला का दर्शन पाने के लिये आतुर हैं। इधर इस भीड़ के कारण कोई अप्रिय स्थिति न पैदा होने पाये इसलिये पुलिस प्रशासन ने पैदल श्रद्धालुओं के रूट डायवर्जन का दायरा बढ़ा दिया है। हाल यह है कि बाईपास से पैदल आ रहे श्रद्धालुओं को फटिक शिला आश्रम की ओर मोड़ दिया जा रहा है। यहां से चौधरी चरण सिंह व संत तुलसीदास घाट होकर श्रद्धालु लता चौक पहुंच रहे हैं और फिर उन्हें दर्शन के लिये दाहिनी तरफ की लाइन जो कि लता चौक से ही शुरू होती है उन्हें वहां भेज दिया जा रहा है। इसी तरह से टेढ़ी बाजार से पैदल दोराही कुंआ की ओर भेजे जा रहे श्रद्धालुओं को जैन मंदिर के आगे बैरीकेडिंग लगाकर राजघाट की ओर मोड़ दिया जा रहा है। यहां से श्रद्धालु संकट मोचन घाट और फिर आधे अशर्फी भवन और आधे गोला बाजार की ओर भेज दिये जा रहे हैं। अशर्फी भवन चौराहे से रामपथ की ओर जाने वाली भीड़ को गजेन्द्र से मधुसूदन विद्या इंटर कालेज होते हुए नयाघाट भेजा जा रहा है। पुलिस अफसरों का कहना है कि भीड़ की लगातार मानीटरिंग की जा रही है और भीड़ का दबाव कम होने पर बैरियर हटाकर यातायात सामान्य बनाने की कोशिश हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। इसको नियंत्रित करने के लिये रामनगरी में नये रास्तों का निर्माण किया जा रहा है। 22 करोड़ की लागत से भ्रमण पथ का निर्माण किया जा रहा है। यह पथ सरयू घाट से सीधे राम मंदिर को जोड़ेगा। श्रीराम मंदिर को सरयू नदी से सीधे जोड़ने के लिये प्रदेश सरकार अब भ्रमण पथ बनवा रही है जो सत्तर फीसदी काम पूरा हो चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पथ के बनने से रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिये पहुंच सकेंगे। यह पथ सरयू नदी के घाटों से होते हुए राजघाट तक, भगवान श्रीराम के मंदिर तक बनाया जा रहा है। भ्रमण पथ से निर्माण के चलते श्रद्धालुओं को परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। इस पथ में दीवारों पर भगवान राम के जीवन चरित्र के प्रसंगों को पेंटिंग के माध्यम से उकेरा जा रहा है। पर्यटन विभाग की योजना है इससे भीड़ का दबाव भी कम हो जायेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आर.पी. यादव का कहना है कि भ्रमण पथ का निर्माण मार्च के अंत तक पूरा करने की योजना है। अयोध्या के मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने कुम्भ से आये श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन कराने के लिये सुगम और सहज तरीके से रास्ता ढूंढ करके श्रद्धालुओं को वहां तक पहुंचाया जा रहा है। पूरे अयोध्या नगरी में बड़े और छोटे वाहनों पर एकदम रोक लगा दी गयी है। सभी श्रद्धालु पैदल चल करके रामलला के दरबार में पहुंच रहे हैं और दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरे अयोध्या क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये हैं। मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है।

# प्रयागराज की तरह हरिद्वार में कुम्भ 2027 को बनाएंगे भव्य : धामी

- उत्तराखंड के सीएम धामी ने परिवार संग संगम में लगाई डुबकी
- धामी बोले, प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुविधाजनक बनाया जाएगा हरिद्वार कुम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भनगर। महाकुम्भ नगर में आस्था और श्रद्धा का महापर्व चल रहा है। जहां देश-विदेश से श्रद्धालु पुण्य लाभ अर्जित करने आ रहे हैं। इसी कड़ी में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सोमवार को परिवार संग त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर मां गंगा, यमुना और सरस्वती को नमन किया। उन्होंने इसे धार्मिक महापर्व बताते हुए कहा कि संगम में डुबकी लगाना अपने आप में बहुत बड़े धर्म का काम है। धामी ने हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुम्भ की तैयारियों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है। जिससे हरिद्वार कुम्भ भी प्रयागराज की तरह ऐतिहासिक और सुविधाजनक बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तराखंड सरकार महा आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराएगी। साथ ही आयोजन को भव्य एवं दिव्य बनाया जाएगा। स्नान के दौरान मुख्यमंत्री धामी का पारिवारिक रूप भी देखने को मिला। वह बच्चे के साथ संगम की लहरों में हंसी-ठिठोली करते दिखे। संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि मुझे भी यहां आस्था की डुबकी लगाने का अवसर मिला। प्रयागराज देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां आकर मन को असीम शांति और ऊर्जा मिलती है। धामी ने महाकुम्भ में पूज्य संत-महात्माओं का आशीर्वाद लिया और कहा कि संत ही समाज की दिशा तय करते हैं। उन्होंने कहा कि हम उनके मार्गदर्शन से ही प्रेरणा लेते हैं और उनके आशीर्वाद से आगे बढ़ते हैं।

## जम्मू कश्मीर के बटुकों ने महाकुम्भ में लगाई आस्था की डुबकी

### आधुनिक विज्ञान भी अब महाकुम्भ ओर देख रहा है : स्वामी अधोक्षजानंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व महाकुम्भ में जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले की विश्वस्थली से चूड़ामणि संस्कृत संस्थान विश्वस्थली के बटुकों ने शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ के सानिध्य में सनातन धर्म परंपरा से जड़ित आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर सभी बटुक, आचार्य एवं प्रबंधन समिति सदस्य पुरी गोवर्धन पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ के साथ राष्ट्र उत्थान, आत्मशुद्धि एवं गुरुकुल का उत्थान सहित विश्व कल्याण की भावना से महाकुम्भ स्नान में सहभागी बने। इस दौरान स्वामीजी ने महाकुम्भ का वैज्ञानिक महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि आधुनिक विज्ञान भी अब महाकुम्भ ओर देख रहा है। वैज्ञानिकों ने हमारे शास्त्रीय प्रमाण को सिद्ध करते हुए कहा भूमध्य रेखा यानी शून्य डिग्री अक्षांश और तीस डिग्री अक्षांश के बीच धरती के घूमने से पैदा होने वाला अपकेंद्रीय बल ज्यादातर लंबवत रूप में काम करता है। जैसे-जैसे आप उत्तर की ओर बढ़ते हैं, इस बल की दिशा बदलती जाती है और यह स्पर्शरेखीय हो जाता है, लेकिन यहां यह लंबवत ही काम करता है। उन्होंने कहा कि ग्यारह डिग्री अक्षांश वह स्थान है जहां यह पूरी तरह से लंबवत होता है, इसीलिए अपने भीतर तमाम खोजबीन के बाद हमने ईशा योग सेंटर की स्थापना भी ग्यारह डिग्री अक्षांश पर की ताकि यहां जो कोई भी साधना करे, उसे अधिकतम लाभ मिल सके। धरती का अपकेंद्रीय बल हर चीज को ऊपर की ओर धकेल रहा है। इस तरह शून्य से लेकर तीस डिग्री अक्षांश के बीच की जगह को इस धरती पर पवित्र माना गया है क्योंकि इस क्षेत्र में जो भी साधना की जाती है, उसका अधिकतम लाभ मिलता है। स्वामीजी ने कहा कि इन अक्षांशों के बीच हमने कई जगहों की पहचान की, जहां साल में या एक शौर्य वर्ष में, जो बारह वर्ष तीन महीनों का होता है अलग–अलग समय पर, तमाम शक्तियां एक खास तरीके से काम कर रही हैं। बस इन्हीं जगहों को किसी खास दिन या दिनों के लिए चुना गया।



## बिहार में सात करोड़ 57 लाख लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा नि:शुल्क : मंगल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने बताया है कि प्रदेश में सात करोड़ 57 लाख लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीएम) अभियान का शुभारंभ किया । इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत फाइलेरिया उन्मूलन के लिए देशभर में बड़े पैमाने पर दवा वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री पाण्डेय वर्चुअल माध्यम से जुड़े और राज्य में एमडीएम अभियान की औपचारिक शुरुआत की। श्री नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर यह आह्वान किया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जन-जागरुकता का आप हिस्सा बनें और इस संक्रमण से लोगों को बचाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं। श्री पाण्डेय ने बताया कि राज्य के 21 जिलों के 324 ब्लॉक एवं शहरी क्षेत्रों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत लगभग सात करोड़ 57 लाख लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 61 हजार 512 टीमें घर-घर जाकर दवा खिलाने का कार्य करेंगी। उन्होंने फाइलेरिया के गंभीर दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलने वाला एक घातक रोग है, जो शरीर के लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है। इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन हो सकती है, जिससे प्रभावित व्यक्ति को सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## मुख्यमंत्री ने नवादा में किया करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास वह उद्घाटन, पुल व डिग्री कॉलेज की दी सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नवादा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को नवादा जिले के करी गांव में आयोजित प्रगति यात्रा कार्यक्रम में करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास तथा उद्घाटन किया। गोविंदपुर के महावरा में सकरी नदी पर पुल तथा रजौली में डिग्री कॉलेज की भी सौगात दी। जिस पुल के लिए नवादावासी लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। अपने निर्धारित समय पर 10:30 बजे हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गोविंदपुर प्रखंड के महावरा पहुंचे। वहां स्थल निरीक्षण कर वहां प्रतिक्षित 55 करोड़ की लागत से बनने वाले सकरी नदी के पुल का शिलान्यास किया ।उसके बाद मुख्यमंत्री रजौली प्रखंड के करीगांव पहुंचे, जहां प्रगति यात्रा के तहत बनाए गए विभिन्न स्थलों का निरीक्षण के साथ ही रजौली में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास तथा तालाब का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने करीगांव में जीविका दीदियों द्वारा बनाए जा रहे कंबल ,बेडशीट ,आसानी तथा विभिन्न कपड़े के स्टालों का निरीक्षण किया ।बकरी, पालन मत्स्य पालन ,पर्यावरण ,बाल विकास परियोजना ,महादलित कल्याण ,वन एवं पर्यावरण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सहित स्थापित किए गए अन्य स्टालों का निरीक्षण कर बेहतर कार्य के लिए जीविका दीदियों के कार्यो की सराहना की। मु ख्यमंत्री तीसरे कार्यक्रम के तहत अकबरपुर प्रखंड के हुडराही - रूनीपुर गांव पहुंचे ,जहां लाखों की लागत से बनाए गए खेल मैदान का उन्होंने उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री उसके बाद नवादा पहुंचे,जहां नवादा शहर को जाम से मुक्त कराने के उद्देश्य से अकौना के पास कादिरगंज को जाने वाले बाईपास का स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने नवादा के डीआरडीए सभागार पहुंचकर मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री विकास योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को कई विशेष निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की बैठक में घर-घर नल योजना ,आवास योजना ,कन्या उत्थान योजना,मुख्यमंत्री कल्याण योजना से संबंधित योजनाओं की भी समीक्षा किया। इस अवसर पर नवादा जिला के प्रभारी मंत्री डॉ प्रेम कुमार ,स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथही जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री को पटना से उच्च अधिकारियों ने ही स्टॉल के पास ले जाकर कई तथ्यों को रखा।

## नाबालिग की चाकू घोपकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में एक नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले है, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार देर रात करीब 09:45 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि गली नंबर 7 गौतमपुरी के पास एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत जीटीबी अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि मृतक 17 साल का नाबालिग है। स्थानीय पुलिस के साथ ही घटनास्थल पर क्राइम व एफएसएल की टीम ने निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं।

## उत्तराखंड में रजिस्ट्री प्रक्रिया होगी पेपरलेस, ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन और आधार प्रमाणीकरण से बढ़ेगी पारदर्शिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में जमीन संबंधित रजिस्ट्री को पूरी तरह पेपरलेस करने की योजना बनाई है। कैबिनेट की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। यह जानकारी वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने दी।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि अब तक रजिस्ट्री के बाद स्कैन की गई कॉपी कार्यालय में सुरक्षित रखी जाती थी और मूल दस्तावेज पक्षकार को सौंप दिए जाते थे। लेकिन सरकार ने इस प्रक्रिया को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इसमें चरणबद्ध तरीके से सुधार के लिए पूरी व्यवस्था पेपर लेस किए जाने का सरकार की ओर विचार किया जा रहा है, जिसमें पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, आधार प्रमाणीकरण, वर्चुअल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इसके लिए उत्तराखंड ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2025 का प्रस्ताव बनाए जाने का सरकार की ओर से निर्णय लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने के बाद भी विलेखों में पंजीकरण के लिए पक्षकार अपने ही स्थान से लेखपत्रों को तैयार कर ऑनलाइन लिंक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेगा। इसके अलावा स्टाम्प ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से कर सकेगा। उन्होंने बताया कि पक्षकारों के पास यह सुविधा भी रहेगी कि सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में स्वयं उपस्थित होकर अथवा वीडियो केवाईसी के माध्यम से दस्तावेज सत्यापन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद संबंधित सब रजिस्ट्रार भी विलेखों में वर्णित तथ्यों का परीक्षण करने के बाद डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से प्रक्रिया पूर्ण करेंगे और व्हाट्सएप तथा ईमेल के जरिए तत्काल पक्षकार को प्रेषित भी करेंगे। उन्होंने बताया कि उक्त प्रक्रिया को आधार प्रमाणीकरण से भी इंटरलिंक किया जाएगा। ताकि जन सुविधा के साथ-साथ पारदर्शिता को बढ़ावा मिले और भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके। इस व्यवस्था के लागू होने से रजिस्ट्री प्रक्रिया में हो रहे फर्जीवाड़े को भी रोका जा सकेगा।

## बिहार में भी जारी रहेगा जीत का सिलसिला : प्रभाकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा की जीत का सिलसिला थमनेवाला नहीं है और बिहार विधानसभा चुनाव में भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत होगी।

श्री मिश्र ने सोमवार को यहां प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि ?दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। उन्होंने कहा अब भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाने का समय आ गया है। बिहार सहित पूरे देश की जनता अब भ्रष्टाचारियों को सत्ता सौंपने को तैयार नहीं है। सियासत अब बदल चुकी है, जो विकास नहीं करेगा, उसके राजनीतिक कैरियर का नाश हो जाएगा। श्री मिश्र ने कहा कि श्री यादव कहते हैं कि यह बिहार है, यहां दिल्ली की तरह नहीं चलेगा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, श्री यादव के इस बयान का क्या निहितार्थ है, क्या बिहार के लोग भ्रष्टाचारियों को माफ कर देंगे। क्या बिहार के लोग विकास नहीं चाहते। बिहार के लोग राजनीति चेतना से समृद्ध हैं। यहां के लोगों ने 2005 के पहले की बदहाली भी देखी है और राजग के शासनकाल में बिहार की खुशहाली भी देख रहे हैं। इसलिए श्री यादव किसी मुगालते में न रहें, यहां भी भ्रष्टाचारियों की करारी होगी। श्री मिश्र ने दावा किया कि कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है और रहेगी। राजग की सरकार में डबल रफ्तार से विकास जारी रहेगा। एक बार फिर राजग को ही जनता आशीर्वाद देगी।

## देहरादून में मेगा स्टार्टअप समिट आज, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय मेगा स्टार्टअप समिट 11 फरवरी (मंगलवार) को दून विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस समिट का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे।

सोमवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में उच्च शिक्षा विभाग में उद्यमिता विकास के नोडल अधिकारी/ सहायक निदेशक डॉ. दीपक पांडेय ने पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवभूमि उद्यमिता योजना को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप राज्य के विश्वविद्यालयों, परिसरों और संबद्ध संस्थानों में स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमिता पारितंत्र को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया। इसी क्रम में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के साथ हुए एमओयू के तहत पिछले एक वर्ष में राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 21,266 छात्र इसके आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण करा चुके हैं। अब योजना के एक साल पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे मेगा स्टार्टअप समिट में योजना के तहत पंजीकृत छात्र-छात्राओं के 60 से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। योजना के तहत बीते एक साल में सात छात्र छात्राओं के पैटेंट आवेदन हो चुके हैं, जिसमें एक एक पंजीकृत भी हो चुका है। योजना के तहत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने अब तक उच्च शिक्षण संस्थानों के 185 संकाय सदस्यों को मेंटर के रूप में विकसित किया है। साथ ही उद्यमशीलता जागरूकता और कौशल को बढ़ावा देने के लिए, विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में अब तक 75 दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं, जिनमें 12,300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। देवभूमि उद्यमिता केंद्रों की स्थापनाः छात्रों और स्थानीय युवाओं को उद्यमिता और स्वरोजगार के लिए सहायता प्रदान करने हेतु, राज्य भर में 124 देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी तरह नव उद्यमियों को उनके विशिष्ट क्षेत्रों में मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करने के लिए, पिछले वर्ष 10 उच्च शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा दिया गया है। योजना के अंतर्गत कुल 30 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाने हैं। इस मौके पर उप सचिव उच्च शिक्षा ब्योमकेश दूबे, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के महानिदेशक सुनील शुक्ल भी मौजूद रहे।

## भाई की साली से शादी न होने पर युवक ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। मध्य जिले के दरियागंज इलाके में भाई की साली से शादी न होने पर युवक ने फंदा लगाकर खुद्कुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया। जांच में मृतक की पहचान जरियापुर कन्नौज (उप्र) निवासी सिराज (24) के रूप में हुई है। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पूछताछ के दौरान पता चला कि सिराज अपने भाई की साली से शादी करना चाहता था लेकिन महिला की शादी कहीं और तय हो गई थी। इस कारण वह डिप्रेशन में था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि तुर्कमान गेट स्थित एक घर में युवक ने फंदा लगा लिया है।समाचार मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को फंदे से उतारकर तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि मृतक सिराज अपने दोस्त मोबिन के साथ यहां रहता था। वह बेकरी की दुकान में काम करता था। दोस्त से पूछताछ करने पर पता चला कि रविवार रात को सिराज का मोबिन से झगड़ा हुआ था।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063